RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 297
फरीदाबाद, बुधवार, 07 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,626 | ▼ | 208 |
| निफ्टी | 18,642 | ▼ | 58.30 |
| सोना | 53,898 | ▼ | 473 /10 gm |
| चांदी | 65,878 | ▼ | 1241 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 25.00°C
न्यूनतम 12.00°C

## क्विक न्यूज

### गोल्डी बराड़ के दावे से कटघरे में पंजाब सरकार



**लुधियाना।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के एक ऑडियो से पंजाब के सीएम भगवंत मान के दावे पर सवाल खड़े हो गए हैं। मान ने बताया था कि मूसेवाला मर्डर में वांटेड गोल्डी बराड़ को अमेरिका के कैलिफोर्निया में वहां की एजेंसियों ने डिटेन कर लिया है, लेकिन अब गोल्डी बराड़ ने कहा है कि उसके साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ।

### भाई को बचाने के लिए कर दी मासूम बेटी की हत्या

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में एक 10 साल की बच्ची की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। उसके चाचा, पिता और दादा ने ही वारदात को अंजाम दिया। वह भी सिर्फ इसलिए कि बच्ची का चाचा रेप के केस में फंसा हुआ था। ऐसे में तीनों आरोपियों ने साजिश रची कि रेप पीड़ित के पति को कत्ल के झूठे केस में फंसा देंगे तो दबाव बनाकर रेप का केस हटवाया जा सकेगा।

# एम्स के बाद अब आइसीएमआर की वेबसाइट पर हैकर्स का हमला

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**एक दिन में छह हजार बार हुआ अटैक**

**भारत** के इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च संस्थान (आइसीएमआर) की वेबसाइट पर साइबर हमला होने की खबर है। बताया जा रहा है कि हैकर्स ने एक दिन में करीब छह हजार बार साइबर अटैक का प्रयास किया है। साइबर अटैक का प्रयास 30 नवंबर को किया गया था। बता दें कि देश में अब लगातार साइबर अटैक के मामले सामने आ रहे हैं। अभी हाल में दिल्ली एम्स के सर्वर पर भी साइबर अटैक किया गया था। सर्वर ठप होने के कारण कई दिनों तक सभी काम मैनुअल किए गए थे।

आइसीएमआर की वेबसाइट पर हमला हांगकांग स्थित एक ब्लैक लिस्टेड आईपी एड्रेस के जरिए किया गया था। हालांकि, आइसीएमआर के सर्वर की फायरवॉल में कोई सुरक्षा खामी नहीं थी, जिससे हैकर्स मरीज की जानकारी प्राप्त करने में विफल रहे। अगर फायरवॉल में कुछ खामियां होतीं तो हैकर्स सुरक्षा को बायपास करने में कामयाब हो सकते थे।

आइसीएमआर की वेबसाइट पर साइबर हमले के प्रयास को लेकर एक न्यूज एजेंसी की ओर से भी जानकारी आई है। आइसीएमआर की वेबसाइट सुरक्षित है। इसे एनआइसी (नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर) डाटा सेंटर में होस्ट की गई है, फायरवॉल एनआइसी से है और इसे नियमित रूप से अपडेट किया जाता है। एनआइसी को साइबर हमले के बारे में मेल के माध्यम से सूचित किया गया था और उसने रिपोर्ट दी कि हमले को रोका गया था। आइसीएमआर का वेबसाइट क्रम में है। दिल्ली एम्स का मुख्य सर्वर 23 नवंबर बुधवार को सुबह डाउन हो गया था। सर्वर बुधवार देर शाम तक ठप पड़ा रहा, जिसके बाद भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन), दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि जांच में जुटे थे।

### दो ई-मेल आइडी से एम्स के सर्वर को बनाया था निशाना

**बताया** जा रहा है कि हांगकांग की दो ई-मेल आइडी से एम्स के सर्वर पर साइबर अटैक हुआ था। दोनों ई-मेल का आइपी एड्रेस पता कर लिया गया है। इसमें चीन की भूमिका सामने आ रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन स्ट्रैट्रिक ऑपरेशंस (आइएफएसओ) की जांच में यह खुलासा हुआ है।



### करनाल पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान

**करनाल।** हरियाणा के करनाल के नीलोखेड़ी पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह ने कुलदीप बिश्नोई पर निशाना साधा है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जेल भेजने के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि बिश्नोई पहले अपने आप को तो बचा लें। सीबीआइ और ईडी के डर से पहले ही वह भाजपा के आगे सरेंडर कर गए। कुलदीप बिश्नोई शायद भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अपने जैसा कमजोर समझ बैठे हैं। गुजरात चुनाव के एग्जिट पोल के सवाल पर बोलते हुए उदयभान ने कहा कि एग्जिट पोल पर नहीं नतीजों का इंतजार करो।




**हरियाणा पीजीटी-टीजीटी भर्ती पर सीएम का ऐलान**

# एक लाख से कम आय वालों को मेरिट में मिलेगी 50 अंकों की छूट

**1.80 लाख तक आय वालों को 40 नंबरों की दी जाएगी छूट**

**भर्ती हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से होगी**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने राज्य के अंत्योदय परिवारों को एक बड़े तोहफे का ऐलान किया है। सरकार ने पीजीटी-टीजीटी की भर्ती में अंत्योदय परिवारों को मेरिट के नंबरों में छूट देने का फैसला किया है। एक लाख से कम आय वाले परिवारों को मेरिट में 50 व 1.80 लाख तक आय वाले को मेरिट में 40 नंबरों की छूट दी जाएगी। भर्ती हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से निश्चित रूप से प्रशिक्षित अध्यापकों को प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से दिए जा रहे वेतन के भेदभाव से भी निजात मिलेगी। प्राइवेट स्कूलों में ऐसे अध्यापकों को 8-10 हजार रुपये मासिक वेतन मिलता है तो वहीं निगम के माध्यम से लगे टीजीटी अध्यापकों को 25 हजार रुपये व पीजीटी को 29 हजार रुपये मासिक वेतन मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 4144 अध्यापकों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किये जा चुके हैं, जबकि 4800 से अधिक की प्रक्रिया चल रही है। स्कूल शिक्षा विभाग व हरियाणा मानव संसाधन विभाग द्वारा डाटा अनुमोदित करने के बाद निगम भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है।

## बिजनेसमैन को हनी ट्रैप में फंसाने वाली यू-ट्यूबर गिरफ्तार

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दिल्ली** पुलिस ने एक यू-ट्यूबर को गिरफ्तार किया है, जिसने एक बिजनेसमैन को हनीट्रैप करके उससे 80 लाख रुपये लूटे थे।

नमरा कादिर नाम की इस यू-ट्यूबर ने प्राइवेट कंपनी के मालिक को रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी थी। कादिर को सोमवार को दिल्ली से गिरफ्तार करके मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। कादिर का पति और मामले में सह-आरोपी मनीष उर्फ विराट बेनीवाल फिलहाल फरार है। पुलिस का कहना है कि उसे ढूंढने के लिए छापेमारी की जा रही है।

कादिर ने पीड़ित से जो पैसा और सामान लिया था, उसे रिकवर करने की कोशिश की जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री टेनी के बेटे पर चलेगा हत्या का मुकदमा

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर के चर्चित तिकुनिया हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा समेत 14 आरोपियों पर हत्या का केस चलेगा।

एडीजे कोर्ट ने मामले में दाखिल चार्जशीट के आधार पर इन सभी पर आरोप तय किए हैं। अब गवाहों की पेशी होगी। अगली सुनवाई 16 दिसंबर होगी। हिंसा में चार किसान समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। कोर्ट ने आशीष मिश्रा समेत सभी आरोपियों की डिस्चार्ज एप्लिकेशन खारिज कर दी थी।




पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 07 दिसंबर, 2022



### शहर का तापमान
- अधिकतम 25.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 12.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज
- पंडित एलआर कॉलेज में जोनल यूथ फैस्टिवल का दूसरा दिन : सुबह 10.30 बजे
- स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी में टी-20 विश्व कप में बांग्ला देश व नेपाल के बीच : सुबह नौ बजे
- शिरडी साईं बाबा टैम्पल सोसायटी में नि:शुल्क योगा क्लास : शाम 4 बजे
- बाबा सूरदास धर्मशाला तिलपत धाम में श्रीमद्भागवत कथा: दोपहर 1 बजे

### निवेश गुरु
**ऐसे** कई लाभ हैं जिनका व्यक्ति आनंद ले सकता है निवेश मे म्यूचुअल फंड्स। म्यूचुअल फण्ड एक निवेश वाहन है जहां व्यक्ति शेयरों में व्यापार का एक सामान्य उद्देश्य रखते हैं और बांड एक साथ आओ और अपने पैसे का निवेश करें। ये म्यूचुअल फंड स्कीम विभिन्न वित्तीय साधनों में अपने घोषित उद्देश्यों के अनुसार पैसा लगाती हैं। म्यूचुअल फंड वर्तमान में एक प्रमुख निवेश रास्ते बन गए हैं। तो, चलिए कुछ म्यूचुअल फंड्स के फायदों के बारे में जानते हैंसबसे अच्छा म्यूचुअल फंड निवेश करने के लिए, करनिवेश के लाभ म्यूचुअल फंड में, और इस लेख के माध्यम से बहुत कुछ।

### यूटीलिटी न्यूज
#### महिला पुरस्कार के लिए करें आवेदन
**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाएं राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न पुरस्कारों हेतु दिनांक 30 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता सम्पूर्ण बायोडाटा सहित किए गए योगदान की विस्तृत जानकारी के साथ नामांकन उपायुक्त कार्यालय या जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास के कार्यालय में जमा करा दें। पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवेदन करने के लिये योग्यताएं व शर्तें विभाग की वेबसाइट www.wcdhry.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार प्राप्त करने वाली महिला को 5,00,000/- रुपये और प्रशस्ति-पत्र, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार प्राप्त करने वाली आवेदनकर्ता को 1,50,000/- रुपये और प्रशस्ति-पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार प्राप्त करने वाली महिला को 1,00,000/- रुपये और प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार प्राप्त करने वाली महिला को 1,00,000/ रुपये और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

### क्विक न्यूज
#### वृद्ध का सहारा बना वृद्धाश्रम
**फरीदाबाद।** बेसहारा वृद्धों को आश्रय देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक फिर एक बेसहारा वृद्ध का सहारा बना है। आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को पेनॅल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता, एडवोकेट राजेन्द्र प्रसाद गौतम ने फोन पर सूचना देकर बताया कि बाटा पुल के नीचे एक वृद्ध लावारिस हालत में बदहवास बैठा है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम जिसमें सूरज आर्य, सत्यपाल चौहान और कोमल बजाज के साथ मौके पर पहुंचे और वृद्ध को आश्रम लेकर आए। वृद्ध ने अपना नाम महेन्द्र कुमार पुत्र सुनील कुमार और आयु लगभग 77 वर्ष निवासी भूड़ कालोनी ओल्ड फरीदाबाद बताया। उन्होंने बताया कि मेरे आगे पीछे कोई नहीं है। इसके अलावा वह कुछ भी बता पाने में असमर्थ था

# प्रोपर्टी आईडी : समस्या दूर करने के बहाने कंपनी को क्लीन चिट देने की तैयारी?

## आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों को बुलाकर निगम अधिकारी दे रहे हैं आश्वासन

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**प्रदेश** सरकार भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और आम लोगों को सरकारी कार्यालय के चक्कर कटाने से बचाने के लिए लगातार ऑनलाइन प्रणाली को बढ़ावा दे रही है। जिसके तहत ज्यादातर सरकारी काम-काज और यहां तक कि विभिन्न तरह के कर और शुल्कों का भुगतान भी ऑनलाइन शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में विभिन्न काम काज में पारदर्शिता लाने और जमीन संबंधी विवादों के समाधान में लिए प्रदेश सरकार ने प्रोपर्टी आइडी बनाने का फैसला लिया था। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में सम्पत्तियों की प्रोपर्टी आइडी बनाने का ठेका जयपुर की याशी कंपनी को दिया था, लेकिन कंपनी के कर्मचारियों द्वारा लापरवाही अथवा गलत तरीके से बनाई गई प्रोपर्टी आइडी की वजह से प्रदेश भर के लोगों को रोज परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के अन्य जिलों की तरह फरीदाबाद की भी यही स्थिति है। हजारों लोग अपनी प्रोपर्टी की आइडी दुरुस्त करवाने के लिए रोज नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं। नगर निगम द्वारा इस समस्या को दूर करने के लिए मंगलवार को आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई थी। जिसमें समस्या का समाधान करने बजाए के सिर्फ लीपापोती ही की गई। जिससे लोगों को संदेह है कि निगम याशी कंपनी को क्लीन चिट देकर भुगतान की तैयारी में है।



प्रोपर्टी आइडी और परिवार पहचान पत्र की समस्या को लेकर बैठक करते अधिकारी।



नगर निगम आयुक्त कार्यालय का सांकेतिक फोटो।

### समाधान की बजाए लीपापोती
**प्रोपर्टी** यूनिक आइडी याशी कंपनी द्वारा गलत तरीके से बनाए जाने के कारण इन दिनों जिले के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रोपर्टी आइडी ठीक कराने के लिए जब लोग निगम कार्यालय जाते हैं तो कर्मचारी असमर्थता जता देते हैं। जिसके कारण प्रोपर्टी आइडी संबंधित शिकायतें लेकर निगम कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं। निगम कर्मचारियों द्वारा बताए अनुसार लोग समस्या के समाधान के लिए ऑनलाइन आपत्तियां भी दर्ज करा रहे हैं। ज्यादातर मामलों में कई-कई बार आपत्तियां दर्ज कराने के बावजूद लोगों की प्रोपर्टी आइडी दुरुस्त नहीं हो पा रही हैं। समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को अतिरिक्त निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने अपने कार्यालय में विभिन्न इलाकों की आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई थी। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए जगह-जगह कैंप लगाए जाएंगे। अधिकारियों ने समस्या के समाधान के लिए आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने का आश्वासन भी दिया। ताकि वे आइडी की समस्याओं का खुद ही समाधान कर सके।

### क्लीन चिट देने की तैयारी




नगर निगम मुख्यालय का सांकेतिक फोटो।

**इस** बैठक में हिस्सा लेने वाले कुछ लोगों ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों द्वारा आनन-फानन में यह बैठक बुलाई गई थी। किसी को रात को, किसी को सुबह तो किसी को बैठक से कुछ देर पहले ही फोन किया गया। बैठक में प्रोपर्टी आइडी संबंधित समस्याएं सुनने के लिए निगम के अतिरिक्त आयुक्त अभिषेक मीणा और अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता मौजूद थीं। जबकि बैठक में प्रोपर्टी आइडी बनाने वाली याशी कंपनी का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। वहीं बैठक में उपस्थित हुए लोगों से फार्म भरवा कर उनके मोबाइल नंबर भी दर्ज किए थे। बैठक के दौरान कुछ लोगों ने प्रोपर्टी आइडी और परिवार पहचान पत्र संबंधित समस्याएं भी रखीं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा समाधान करने के नाम पर खानापूर्ति ही की जा रही थी। जिसे देखते हुए लोगों को कई तरह का संदेह भी रहा है। लोगों का कहना है कि उन्हें संदेह है, समस्या के समाधान करने बजाए निगम लीपापोती कर कंपनी को क्लीन चिट देने की तैयारी कर रहा है।

### सरकार को हो रहा है नुकसान
**बिना** प्रोपर्टी आईडी के रजिस्टरी न करने पर प्रतिबंध लगाने से भ्रष्टाचार बढ़ गया। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। प्रोपर्टी आइडी मांगने अथवा अन्य काम के लिए जाने पर कर्मचारियों द्वारा आज भी कागजात मांगने अथवा लेजर चेक करने के नाम पर परेशान किया जा रहा है। जबकि सम्पत्तियों का ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज कराने के लिए सरकार ने कंपनी से करोड़ों रुपये में सर्वे कराया है। लेकिन समस्या वैसी की वैसी बनी हुई है। कंपनी द्वारा गलत आइडी बनाने से रजिस्टरी नहीं होती और सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस स्थिति में लोगों को सम्पत्ति कर और अन्य कई तरह के भुगतान करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार को सम्पत्तियों की रजिस्ट्री की स्टाम्प ड्यूटी से काफी बड़ी आय होती है, लेकिन इस तरह की कई परेशानियों के कारण भारी संख्या में रजिस्टरियां भी नहीं हो पा रही है। समस्या को लेकर फीएवा से जुड़े रियल एस्टेट कारोबारी राजनेताओं और अधिकारियों से लंबे समय से शिकायत कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद कोई समस्या का समाधान करने को तैयार नहीं है।

### कंपनी पर इतनी मेहरबानी क्यों?
**आइडी** संबंधित परेशानी झेल रहे लोगों का कहना है कि सरकार न जाने क्यों प्रोपर्टी आइडी बनाने वाली याशी कंपनी पर मेहरबान नजर आ रही है। गलत सर्वे करने के बावजूद सरकार ने अनुमानित लागत 18.11 करोड़ की जगह 42.45 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही कर दिया है। जबकि 20 प्रतिशत से ज्यादा त्रुटियां मिलने पर एग्रीमेंट के मुताबिक ठेका रद्द करने का प्रावधान है। इसके बाद भी सरकार ने ठेका रद्द करते हुए कंपनी पर जुर्माना नहीं लगाया। बल्कि और भुगतान करने की तैयारी की जा रही है।

# पंडित एलआर कॉलेज में जोनल यूथ फेस्टिवल शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



पंडित एलआर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित यूथ फेस्टिवल में प्रस्तुती देते प्रतिभागी।

**पंडित** एल आर कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी फरीदाबाद मै महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा आयोजित फरीदाबाद - झज्जर जोन के जोनल यूथ फेस्टिवल का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय 6, 7, 8 दिसम्बर चलने वाले इस फेस्टिवल का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का चेयरमैन लखमी चंद भारद्वाज, वाईस चेयरमैन गौरव भरद्वाज व डारेक्टर आरपी आर्य ने पुष्प गुछ व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया जबकि विशिष्ठ अथिति भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी रोहतक से डॉ. जगबीर राठी निर्देशक युवा कल्याण विभाग, प्रोफेसर समसेर सिंह अहलावत ऑब्जर्बर यूथ फेस्टिवल मौजूद रहे और मंच संचालन प्रोफेसर डॉ. सुनील शर्मा ने किया कार्यक्रम की जबकि अध्यक्षता पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स फरीदाबाद के चेयरमैन डॉ. लखमी चंद भारद्वाज ने की। इस दौरान पंडित एल आर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी फरीदाबाद डायरेक्टर प्रोफेसर आरपी आर्य भी मौजूद रहे। इस फेस्टिवल में पलवल, फरीदाबाद व झज्जर जिले के 32 कॉलेजों के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

पंडित एल आर कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी फरीदाबाद मै चल रहे यूथ फेस्टिवल के पहले दिन अलग - अलग छह स्टेज पर 20 इवेंट आयोजित किए गए। मुख्य स्टेज से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यहां पर जनरल डांस के साथ आयोजन शुरू हुआ। जनरल डांस में होस्ट कॉलेज के छात्रों ने त्रिपुरा का डांस प्रस्तुत किया। वहीं, केएल मेहता दयानंद कॉलेज की छात्राओं ने मराठी डांस की प्रस्तुति दी। इसके बाद इस स्टेज पर क्लासिकल डांस के इवेंट हुए। शाम के सत्र में हरियाणवी स्किट व माइम की प्रस्तुति हुई। दूसरे स्टेज पर म्यूजिक के इवेंट चले, जिसमें सिंग फॉर टीचर, पेरेंट्स व सेल्जर व वेस्टर्न सॉंग छात्रों ने प्रस्तुत किया। इसके साथ ही स्टेज तीन पर गीत, गजल, भजन के अलावा शास्त्रीय संगीत के इवेंट हुए। चौथी स्टेज पर हिंदी, इंग्लिश व उर्दू कविता पाठ का मंचन हुआ।

# गरीबों के मसीहा थे बाबा भीमराव अंबेडकर

## कांग्रेसियों ने मनाई डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



ओल्ड फरीदाबाद भीम बस्ती में बाबा भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते पूर्व विधायक आन्नद कौशिक और अन्य कांग्रेसी।

**भारत** रत्न बाबा डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि कांग्रेसजनों ने श्रद्धापूर्वक मनाई। फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनंद कौशिक, प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक सहित अन्य कांग्रेसियों ने भीम बस्ती ओल्ड फरीदाबाद में स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पूर्व विधायक आनंद कौशिक ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने सदैव पिछड़ों, दलितों और दबे-कुचले लोगों की आवाज बुलंद की और उन्हें उनका अधिकार दिलाने का काम किया। उन्होंने छूआछूत, क्षेत्रवाद, भाई-भतीजावाद जैसी कुरीतियों का डटकर विरोध किया। श्री कौशिक ने कहा कि बाबा साहेब ने गरीब, पिछड़े, दलितों को उनके अधिकार दिलाकर उन्हें समाज की मुख्याधारा से जोड़ने का काम किया, जिसके लिए बाबा साहेब सदैव लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक ने कहा कि बाबा साहेब बोलते थे कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो इसको जितना पियेगा वह उतना ही दहाड़ेगा, देश में समानता लाने के लिए शिक्षा का ज्यादा से ज्यादा प्रचार होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अपने मूल मंत्र में कहा था अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और सचेत रहें शिक्षित बनें, संगठित रहें और संघर्ष करें कांग्रेस पार्टी इन्हीं आदर्शों को आगे बढ़ाने में लगी हुई है। सहदेव जयहिंद, रंधावा फागना, डॉ. सौरभ शर्मा एआईपीसी प्रेसीडेंट, मेहरचंद पाराशर, नितिन कुमार, दुष्यंत, जैकी, आकाश, महेंद्र सिंह, श्रीपाल, अर्जुन सैनी, राजेश कौशिक, राजो, पप्पू, बलराम, रामपाल, जुबेर खान, ओमप्रकाश, सुनील कुमार आदि कांग्रेसी मौजूद थे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ की दवाइयां वितरित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बल्लभगढ़ स्थित न्यू मिलेनियम पब्लिक स्कूल में आयोजित शिविर में रोगी की जांच करते डॉक्टर।

**बल्लभगढ़** सुभाष कॉलोनी में स्थित न्यू मिलेनियम पब्लिक हाई स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टर ने 261 मरीजों की जांच की और मौके पर ही सभी को नि:शुल्क दवाइयां भी दी गई। कैंप का आयोजन समाजसेवी मास्टर जयप्रकाश सिंह वार्ड नंबर दो बल्लभगढ़ ने कराया।

कैंप में चंबल फर्टिलाइजर केमिकल लिमिटेड व लाइफ लाइन केयर ऑर्गेनाइजेशन दिल्ली के द्वारा नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। सहयोगी के रूप में पवन हॉस्पिटल की टीम से डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ की टीम उपस्थित रही। मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली से समाजसेवी पंकज कुमार व आरती बार्थवाल ने कैंप का शुभारंभ किया। अतिथियों का मास्टर जयप्रकाश सिंह ने हरियाणवी परंपरा में पगड़ी बांधकर व पटका पहना कर स्वागत किया। पंकज कुमार ने कहा की शरीर का स्वस्थ होना ही मनुष्य की सबसे बड़ी जमा पूंजी है। शरीर स्वस्थ रहेगा तभी हम काम कर पाएंगे। आरती बर्थवाल ने कहा मनुष्य को रोजाना की दिनचर्या के साथ-साथ अपने शरीर का भी स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि आजकल कई प्रकार की बीमारियां फेल रही हैं। इसलिए समय-समय पर जांच करवाते रहना चाहिए समाजसेवी मास्टर जयप्रकाश सिंह कहा की मानव धर्म निभाते हुए उनके द्वारा वार्ड नंबर-2 में समय-समय पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिससे उनके वार्ड के सभी लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहे। शिविर में भनकपुर गांव के पूर्व सरपंच सचिन मडोतिया, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रसेन आदि उपस्थित रहे।

# टूटी सड़कों की मरम्मत निर्धारित समय में पूरा करें : डीसी

## जल भराव की समस्या का करें स्थायी समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 12 में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी विक्रम सिंह।

**जिले** में सड़क के निर्माण कार्य और टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत का कार्य निर्धारित समयाविधि में पूरा कराएं। उपायुक्त विक्रम ने मंगलवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सड़कों के मरम्मत कार्य, जल भराव व ड्रेनों की सफाई के कार्य की समीक्षा करते हुए यह बात कही।

जिले में जहां भी सड़कें टूटी हुई हैं उनके मरम्मत कार्य को शीघ्र से शीघ्र पूरा करें व गड्ढों को भी भरें। बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से आम नागरिकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा जल भराव के कारण सड़कें टूटने की वजह से यातायात काफी मुश्किल हो जाता है। जिला में पानी की निकासी सुनिश्चित करने के लिए एनएचएआई, नगर निगम, स्मार्ट सिटी, एफएमडीए, पीडब्ल्यू सहित अन्य सभी सम्बंधित विभाग आपस में मिलकर कार्य करें। उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को जल निकासी के सभी चैम्बर्स की साफ सफाई कराने व उनकी मरम्मत करने के आदेश दिए। ड्रेनों और नालों की सफाई करवाएं। नहर पार बिल्डर कॉलोनियों, इंस्टीटूशन के सीवर का गन्दा पानी कहां जाता है। सीवर के कनेक्शन चालू हैं या नहीं। गंदा पानी सड़कों पर ना बहाया जाए और अगर ऐसा कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

उन्होंने बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आदेश दिए की बैठक में रखे गए बिन्दुओं सहित अन्य बिन्दुओं को चिह्नित कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए। सभी विभागों के अधिकारियों को निरंतर स्पॉट इंस्पेक्शन करने के निर्देश भी दिए। जिससे समय पर ही समस्या को चिन्हित कर उसका समाधान किया जा सके।

बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त अभिषेक मीणा, सीटीएम अमित मान, डिप्टी डायरेक्टर एनएचएआई कमल कांत, पीडब्लूडी बी एण्ड आर के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिन्धु, डीडीपीओ राकेश, एक्सईएन एफएमडीए विनय ढुल, एसई नगर निगम ओमबीर सिंह, सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### पायनियर पाठकों के लिए
यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

### नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

कलम-शक्ति ने बदली है यहाँ पर वक़्त की धारा
सियासी तँत्र के षड्यंत्र को भी खूब धिक्कारा
कलमकारों को तो मिटते हुए देखा गया लेकिन
विचारों को मिटा पाया नहीं कोई भी हत्यारा

# टीम इंडिया ने नेपाल को 274 रन से हराया

## टीम इंडिया ने पिछले दो मैचों का रिकार्ड तोड़ते हुए बनाए कुल 382 रन

**कविता।** फरीदाबाद




स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी में इंडिया और नेपाल की क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के साथ हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह।

**सेक्टर**-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के मैदान पर तृतीय टी-20 नेत्रहीन क्रिकेट वर्ल्ड कप टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह ने किया।

खेल मंत्री संदीप सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल पहना कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन हरियाणा की टीम को अपने कोष से पांच लाख रुपये भी उपहार स्वरूप दिए। दो दिवसीय वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के पहले मैच का शुभांरभ ईश्वरदास अमीर चंद ग्रुप के मालिक अभिषेक अमिर गिरधर ने टॉस करवा कर किया। पहले दिन इंडिया और नेपाल की टीमों के बीच मैच खेला गया। जिसमें इंडिया टीम के कप्तान अजय और नेपाल टीम के कप्तान खीमानन्दा गैरे थे। टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपने दो मैचों में 360 रनों के रिकार्ड को तोड़ते हुए 382 रन बनाए। टीम इंडिया के सामने नेपाल की टीम ज्यादा देर टिक नहीं सकी और मात्र 108 रन बनाकर यह मैच 274 रनों से हार गई। टीम इंडिया के खिलाड़ी सुनील ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 25 चौके के संग 106 रनों की पारी खेली। वहीं हरियाणा के खिलाड़ी दीपक मलिक ने 100 रनों का आंकड़ा पार किया।


सेक्टर-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी में तृतीय टी-20 नेत्रहीन क्रिकेट वर्ल्ड कप टूर्नामेंट का पहला मैच मंगलवार को हुआ। जिसमें राष्ट्रीय नेत्रहीन संगठन की ओर से अध्यक्ष अजीत सिंह पटवा, हेम सिंह यादव (महासचिव), एडवोकेट एसएन त्यागी, सुषमा गुप्ता, अभिषेक अमिर गिरधर, कृष्ण मलिक, डॉ. प्रतिभा, एसएन त्यागी, राजवीर, केबी मिश्रा, विभाकर मलिक, राकेश अरोड़ा, एडवोकेट बलवीर चौधरी, आरके गर्ग, स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष प्रदीप मोहंती, सनातालिक, राजेश वशिष्ठ, राजीव गिरधर, संदीप गिरधर, सविता गिरधर, नरेन्द्र जैन, सीमा भारद्वाज, शैलेन्द्र यादव, डीटी कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। मैन ऑफ द मैच का खिताब सर्वाधिक रन बनाने वाले टीम इंडिया के खिलाड़ी सुनील को मिला। मौके पर खेल मंत्री संदीप सिंह ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों की बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए उन्हें बंधाई दी और मैन आफ द मैच रहे सुनील और शतक बनाने वाले दोनों खिलाड़ियों को ढेरों शुभकामनाएं दीं।

# एनएचपीसी ने मनाया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस



**फरीदाबाद।** भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी एनएचपीसी ने समावेशी विकास के लिए परिवर्तन कारी समाधान एक सुलभ और न्यायसंगत दुनिया को बढ़ावा देने में नवाचार की भूमिका की थीम पर 5 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में मनाया। मुख्य अतिथि वाईके चौबे, सीएमडी, एनएचपीसी ने दिव्यांग कार्मिकों को अपनी शुभकामनाएं दीं एवं उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को सराहा। उन्होंने कहा कि एनएचपीसी के दिव्यांग कार्मिक कंपनी के समग्र विकास में विशेष भूमिका निभा रहे हैं और उनका योगदान अत्यधिक सराहनीय है। एनएचपीसी के सीएमडी ने विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांग कार्मिकों की उपलब्धियों के लिए उनको सम्मानित भी किया।

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की नाम श्रृष्टि बा उम्र 17 साल 3 महीने पुत्री श्री अजय कुमार दिनांक 29.11.2022 को सुबह करीब 9.30 बजे अपने निवास स्थान - मकान नं0 583, नंगला एन्कलेव पार्ट-2, गली न. 12, नियर सुभास चैक फरीदाबाद से फरीदाबाद कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मनेग्मेंट जाने के लिए निकली जो अब तक लौटकर घर वापिस नहीं आई है। जिसका हुलिया-रंग साफ, लम्बा चेहरा शरीर पतला व कद करीब 5 फूट 2 इंच है व उसने जाते समय काले रंग की टी शर्ट व जींस और पैरों में महरूम कलर की जूती पहनी हुइ थी। मुकदमा न. 546 दिनांक 30.11.2022 थाना सारन जिला फरीदाबाद। अगर लापता लड़की श्रृष्टि के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृपा कर निम्नलिखित पते और टेलीफोन नंबरो पर पर सूचित करे।

**पुलिस थाना सारन- 9582200128, परिवार जन- 9625228558**
**पुलिस चैकी पर्वतीय कालोनी - 9582200156**

# सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा, राहगीरों को परेशानी

कविता। फरीदाबाद

शहर की मुख्य व्यस्त सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कभी भी दुर्घटनाएं घट सकती हैं, लेकिन इस ओर प्रशासन जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है। कॉलोनी हो या सेक्टरों की सड़कें चारों तरफ आवारा पशुओं का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। ऐसा ही मंगलवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिला।

**मुख्य मार्गों पर दिखे पशु :** शहर में जगह-जगह आवारा पशुओं का मंगलवार को जमावड़ा देखने को मिला। पायनियर पड़ताल में देखा गया कि अमोलिक चौक के निकट आवारा पशु चौक पर रास्ते के बीच में बैठे थे। वहीं हार्डवेयर से सोहना रोड की तरफ आने वाले रास्ते पर सेक्टर-22 श्मशान घाट के निकट, पंजाब रोलिंग मिल चौक के निकट और सोहना रोड पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा हुआ देखा गया। इसके अलावा शहर के सबसे व्यस्त कहे जाने वाले जवाहर कॉलोनी और प्रेस कॉलोनी में सारन चौक और सारन थाने के पास बीच की सड़क पर आवारा पशुओं को सड़क पर देखा गया। वहीं प्रेस कॉलोनी में मौजूद सारन स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर भी आवारा पशु देखे गए। इसके अलावा बीके से हार्डवेयर चौक के बीच श्रीवैष्णो देवी मंदिर के पास आसपास बीच सड़क पर आवारा पशु देखे गए।


ग्रेटर फरीदाबाद में बीच सड़क पर बैठे आवारा पशु।


सेक्टर-22 श्मशान घाट के निकट बीच सड़क पर आवारा पशु।

**होती हैं दुर्घटनाएं :** शहर में मुख्य सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। रात के समय पशु सड़क पर बीच में ही बैठे रहते हैं। इससे दुर्घटनाए होती रहती हैं। शहरवासियों का कहना है कि कई बार निगम प्रशासन को अवगत कराने पर भी कोई एक्शन नहीं होता। आवारा पशु सड़क पर गदंगी फैला देते हैं और रात के समय दुकानों के बाहर बैठे रहते हैं।

**जाम और दुर्घटना :** शहर में आवारा पशुओं का जमावड़ा इन दिनों दुर्घटना का कारण बना हुआ है। शहर के मुख्य मार्ग पर आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों का निकलना तक दूभर बना हुआ है। कई बार तो हालात यह हो जाते हैं कि आवारा पशुओं के कारण जाम लग जाता है। रात में स्थिति और विकट हो जाती है। मुख्य मार्ग पर अधूरे डिवाइडर उनके पास आवारा पशु बैठे रहने से कई बार वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल में मनाया शरद ऋतु उत्सव



**फरीदाबाद।** ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में शरद ऋतु उत्सव बहुत ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव में नन्हे-नन्हे बच्चे शरद ऋतु का स्वागत करने के लिए अपने हृदय में आशा और उमंग के साथ प्रस्तुत हुए। बहुत ही गर्मजोशी के साथ उन सब का स्वागत किया। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न खेलें, जादू का खेल, टैटू बनवाना, सेल्फी लेना तथा लकी ड्रॉ निकालना था। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगिताएं भी इस उत्सव का मुख्य आकर्षण रहीं जिसमें बेबी शो, कला प्रतियोगिता, अपने प्रियकलाकार का नाट्य रूपांतरण आदि प्रतियोगिताएं हुई। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए। लगभग 200 से अधिक संख्या में इसमें प्रतिभागी प्रस्तुत हुए और सभी के जलपान का उचित प्रबंध भी किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने सभी प्रतिभागी कोलंबियन और उनके अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

### झोलाछाप दुष्कर्मी डॉक्टर गिरफ्तार


**फरीदाबाद।** इलाज के नाम पर युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी डॉक्टर को एनआईटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम डॉक्टर शानू है जो गांधी कॉलोनी में पिछले करीब 10 साल से अपना क्लीनिक चलाता है। युवती की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए काबू करके जेल भेजा गया। तबीयत खराब होने पर युवती गांधी कॉलोनी में स्थित डॉक्टर के क्लीनिक पर गई थी। डॉक्टर ने युवती को बताया कि उसे टाइफाइड है और उसे पांच दिन लगातार क्लीनिक आना पड़ेगा। अगले दिन युवती डॉक्टर के पास गई तो उसने युवती के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की। युवती ने इसका विरोध किया और सारी बातें जाकर अपने परिजनों को बता दी। जिसके पश्चात पुलिस में शिकायत देने पर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉक्टर को काबू कर लिया। आरोपी डॉ. को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### जिला स्तरीय स्किल महोत्सव में प्रतियोगिता का आयोजन



**फरीदाबाद।** स्किल महोत्सव कम स्किल एग्जिबिशन का जिला स्तरीय कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी एनएसक्यूएफ रनिंग सरकारी स्कूलों ने भाग लिया। स्किल महोत्सव में एनएसक्यूएफ के विभिन्न ट्रेड जैसे आईटी, बैंकिंग एंड फाइनेंस, ब्यूटी वैलनेस, एग्रीकल्चर व अन्य ट्रेड ने अपने-अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। एनएसक्यूएफ स्किल प्रोजेक्ट एग्जीबिशन का अवलोकन डीपीसी आनंद ने किया। एग्जीबिशन में गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 के इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ट्रेड व बैंकिंग एंड फाइनेंस ट्रेड के प्रोजेक्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ट्रेड में विद्यार्थियों में 11वीं कक्षा के विद्यार्थी मोहित व हिमांशी ने सुधीर सिंह इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी प्रवक्ता के मार्गदर्शन में टोपोलॉजी विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया। बैंकिंग एंड फाइनेंस स्किल ट्रेड से 11वीं कक्षा के विद्यार्थी शिवम वह कनिष्का ने मनीषा के मार्गदर्शन में बिफोर एंड आफ्टर कैशलेस पेमेंट प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करके बहुत प्रसन्न थे व अब वह स्टेट लेवल पर एग्जीबिशन में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित दिखे। गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 के प्रधानाचार्य प्रवेश गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया है वह स्टेट लेवल के लिए उन्हें और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

### डाक्टर साहब सिद्धांतवादी थे : बबली



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर श्रद्धेय डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा डाक्टर साहब बहुत महान शिक्षाविद व सिद्धांतवादी थे। हमें उनके मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। पं कृष्ण पाराशर एडवोकेट, करण पाराशर इंजीनियर, साहिल, अनुराग, राजेश, रामजीलाल, रोहित, श्रवण, भारत, रंजन, रवि मौजूद रहे।

### खाद की दुकानों पर किया औचक निरीक्षण

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फरीदाबाद के एसडीएम परमजीत चहल ने यूरिया और डीएपी खाद की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया गया है। एसडीएम परमजीत चहल ने महावतपुर में मैसर्ज हरिश खाद बीज भण्डार और ईशानी खाद बीज भण्डार की दुकानों पर औचक निरीक्षण के दौरान बन्द पाई गई। एसडीएम परमजीत चहल ने सभी होलसैल व रिटेल डिलर्स को हिदायतें दी है कि वे अपनी पीओएस मशीन को खाद यूरिया और डीएपी के वास्तविक स्टॉक से मिलान करने के आदेश लिखित व वाटशैप व मौखिक रूप से भी दिए।

# एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की जरूरत के मरीजों को मिलेगा लाभ

### केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने की एसएसबी अस्पताल में रेडियल लाउज सुविधा की शुरूआत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


एसएसबी अस्पताल में रेडियल लाउज सुविधा का रिबन काट कर शुभारंभ करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणीय एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशयलिटी अस्पताल में विश्वस्तरीय रेडियल लाउज सुविधा शुरू की है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इस सुविधा का विधिवत शुरुआत की। अस्पताल के सीएमडी और सीनियर इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एसएस बंसल ने श्री गुर्जर का अस्पताल पहुंचने पर फूलों का बुके देकर स्वागत किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि एसएसबी अस्पताल चिकित्सा क्षेत्र में नित-नई सुविधाएं लाकर शहर के लोगों को उच्चस्तरीय सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है और यह शहर के लोगों के लिए हर्ष की बात है कि उन्हें अपने ही शहर में एक ही छत के नीचे इस अस्पताल में तमाम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। अस्पताल के सीएमडी और सीनियर इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एसएस बंसल ने बताया कि अब इस नए रेडियल लाउज की वजह से जिन मरीजों को एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की जरूरत है, वे इंटेसिव केयर यूनिट में भर्ती हुए बिना रेडियल लाउज का लाभ उठा सकते है। उन्होंने बताया कि वे लग्जरी काउच पर आराम कर सकते हैं, रेडियल एंजियोग्राफी प्रक्रिया देख सकते है, अपनी रेडियल एंजियोग्राफी करवा सकते है और यहां तक कि अपने एक अटेंडर के रेडियल लॉन्ज में बैठ भी सकते है और उसी दिन घर जा सकती है और यह दिल्ली एनसीआर में एक अनोखी सुविधा है। डा. बंसल ने बताया कि इस प्रकार की सरल प्रक्रिया है, जो यह पता लगाने के लिए की जाती है कि क्या हृदय की नसों में ब्लॉक है, जो हृदय की मांसपेशियों में रक्त ले जाती है।

आमतौर पर यह लगभग सभी अस्पतालों में रोगी को कई दिन के लिए एडमिट किया जाता है, लेकिन रेडियल लाउज की मदद से रोगी उसी दिन घर जा सकता है। अस्पताल में भर्ती हुए बिना रेडियल लाउज में हार्ट एंजियोग्राफी के लिए आए और फिर आराम से एंजियोग्राफी प्रक्रिया के बाद आप चलकर जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह पंचर साइट पर रक्तस्त्राव के किसी भी जोखिम के बिना एक बहुत ही सुरक्षित प्रक्रिया है, जबकि पारंपरिक जांघ की नस के मार्ग में, बिना पता चले कई लीटर रक्तस्त्राव हो सकता है।

यह रक्तस्त्राव जांघ या पेट के अंदर गहरा होता है इसलिए खून की कमी का किसी भी प्रकार के संकेत न मिलने की वजह से जीवन के लिए खतरा बन सकता है, दिल के दौरे के रोगी के लिए भी रेडियल एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग फीमोरल एंजियोप्लास्टी स्टेटिंग की तुलना में अधिक सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के उपरांत न केवल मरीज घर जा सकता है बल्कि शौच करना व खाना खाने जैसे कार्य भी आराम से कर सकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं वाजिब दामों पर उपलब्ध कराना है और इसी को लेकर वह और उनके सहयोगी डाक्टर कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि डॉ. एसएस बंसल एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी के एक्सपर्ट हैं और उन्होंने ही पहली बार हरियाणा में इसकी शुरुआत की थी।

# 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हवलदार रंगे हाथों गिरफ्तार

### थाने में दर्ज एक मुकदमें में बचाव करने के बदले मांग रहा था रिश्वत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



स्टेट विजिलेंस की टीम ने थाना ओल्ड फरीदाबाद में तैनात एक हवलदार को दिल्ली निवासी एक व्यक्ति से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता की बहन और जीजा के खिलाफ ओल्ड फरीदाबाद में दर्ज एक मामले में बचाव करने के बदले में रुपयों की मांग कर रहा था। परेशान होकर पीड़ित व्यक्ति ने मामले की शिकायत विजिलेंस के अधिकारियों को द थी। विजिलेंस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मंगलवार को रंगेहाथों दबोच लिया।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली के काले खां सराय इलाके में रहने वाले रविंद्र कुमार ने इस संदर्भ में फरीदाबाद स्थित स्टेट विजिलेंस के अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसमें उसने कहा था कि उनकी बहन और जीजा के खिलाफ थाना ओल्ड फरीदाबाद में इसी साल एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच हवलदार विक्रम सिंह द्वारा की जा रही थी। जिसके कारण वह हवलदार विक्रम से केस को लेकर बातचीत कर रहा था। पिछले दिनों वह मिलने के लिए आया तो विक्रम सिंह इस केस में उसकी बहन और जीजा का बचाव करने के बदले में रुपये की मांग करने लगा।

आरोपी के दबाव में आकर उसने पैसे देने की बात स्वीकार कर ली। जिसके बाद उसने मामले की शिकायत स्टेट विजिलेंस के आला अधिकारियों से कर दी। उन्होंने तुरंत टीम गठित कर 20 हजार रुपये पाउडर लगे नोट देकर रविंद्र के साथ भेज दिया। रविंद्र ने थाने के पास पहुंच कर जैसे ही विक्रम सिंह को रुपये दिये, तभी टीम ने छापा मारकर उसे रंगेहाथों दबोच लिया। विजिलेंस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# आंतरिक शक्ति के विकास द्वारा भाग्य निर्धारण पर वार्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के होलिस्टिक वैलबीइंग एंड सोलफुल वैलनेस सेंटर व ब्रह्माकुमारीज संस्था के संयुक्त तत्वावधान में छह दिसंबर को डिजाइन योर डेस्टिनी- डेवलपिंग इनर पावर शीर्षक से एक विशेष वार्ता आयोजित की गई।

सर्वप्रथम अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने मुख्य वक्ता व अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बीके सोनिका बहन, (राजयोग शिक्षिका, गुरुग्राम) रही। सम्मानीय अतिथि बीके सुशीला बहन, (वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका व मेडिटेशन सेंटर इंचार्ज बल्लभगढ़) रही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बीके ज्योति भाई, बीके हरि किशन भाई रहे। कार्यक्रम का आरंभ अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि जीवन में खुश रहना, शुक्राना, बुरा ना सोचना व दृढ़ संकल्प जैसे मंत्रों को आत्मसात कर हम अपने भाग्य को निर्धारित कर सकते हैं और अपने कर्मों के खाते के विधाता स्वयं बन सकते हैं। वहीं मुख्य वक्ता बीके सोनिका ने अपने भाग्य और भविष्य को कैसे डिजाइन किया जाए इस विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाग्य का रोना रोने की बजाए हमें कर्म प्रधान बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम संकल्प व अनुशासन के साथ आगे बढ़ें तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है और हमारी भावनात्मक, आध्यात्मिक और बौद्धिक भागफल में मजबूती होती है और यह सब हमें समग्र विकास की ओर ले जाता है और हम पूर्ण कल्याण के लिए स्वयं को सर्वशक्तिमान के साथ संरेखित कर सकते हैं।

# अमृता अस्पताल के डॉक्टरों ने व्यक्ति के कटे अंगूठे को जोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद में विशेषज्ञों की टीम द्वारा एक 27 वर्षीय व्यक्ति का बायां अंगूठा सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर इसे फिर से हाथ में जोड़ दिया गया। दरअसल इस व्यक्ति का अंगूठा काम करते वक्त ड्रिलिंग दुर्घटना में अलग हो गया था। मरीज फरीदाबाद की एक उपकरण निर्माण कंपनी में एक औद्योगिक ड्रिल ऑपरेटर है। ये घटना तब की है जब मरीज रोज की तरह अपनी ड्यूटी पर गया था, उसने एक दस्ताना पहन रखा था, जोकि चलती हुई ड्रिल मशीन में उलझ गया। ड्रिल ने पूरी ताकत से दस्ताने को खींचा, जिसके साथ अंगूठा भी उस ड्रिल मशीन में आ गया। मरीज अपना अंगूठा वापस लगवाने के लिए कई अस्पतालों में गए, लेकिन हर जगह से उन्हें निराशा ही हाथ लगी। दूसरे अस्पतालों के डॉक्टरों ने मरीज को ये कहकर मना कर दिया कि सर्जरी बहुत जटिल और दुर्लभ है और उनके पास सर्जरी लायक अनुभव नहीं है। इसके बाद मरीज फरीदाबाद के अमृता अस्पताल पहुंचे। सर्जरी का नेतृत्व करने वाले अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के प्रमुख डॉ. मोहित शर्मा ने कहा, 'हमारे पास मरीज अपने कटे हुए बाएं अंगूठे के साथ आया था। अंगूठे का विच्छेद जटिल होने की वजह से सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण रही। यह एक ऐसे अंगूठे के विच्छेदन का मामला था, जिसमें सभी टेंडन, आर्टरीज, नसें और तंत्रिकाएं बाहर निकल गई थीं। यह एक क्लियर कट नहीं था, इसलिए अंगूठे को वापस लगाना बहुत मुश्किल था। लेकिन हमने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। अमृता अस्पताल, कोच्ची में हाथ का प्रत्यारोपण कर हम इस क्षेत्र में सबसे आगे हैं और इस क्षेत्र में हमारे पास लंबा अनुभव है।'

अस्पताल पहुंचने के तुरंत बाद बिना समय बर्बाद किए मरीज को जल्दी से ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया, जहां 10 घंटे तक चली सर्जरी में अंगूठे को सही जगह पर पहले की तरह जोड़ दिया गया। डॉ. मोहित शर्मा ने कहा, अंगूठे को दोबारा जोड़ना सबसे चुनौतीपूर्ण और जटिल पुनर्निर्माण सर्जरी में से एक है। मरीज के अंगूठे को एक ड्रिलिंग मशीन ने काट दिया, जिसकी वजह से 20 सेमी तक सभी शारीरिक सरंचनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं।

# ऋणों के बकाया के वन टाइम सेटलमेंट योजना का उठाएं लाभ

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महिलाओं के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए हरियाणा महिला विकास निगम के ऋणों के बकाया ब्याज को माफ करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना को और आगे बढ़ाया है। इसके तहत लाभार्थी मूल ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या 6 किस्तों में मई, 2023 तक लौटाता है तो उसका सारा ब्याज माफ कर दिया जाएगा।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि यह योजना उन ऋणियों को कवर करेगी जिनका ब्याज 31 मार्च 2020 को निगम को भुगतान के लिए बकाया है। इस योजना के तहत 31 मार्च 2020 को डिफॉल्ट रूप से मूल राशि पर लागू होगी, लेकिन उसके बाद भुगतान की गई मूल राशि शामिल नहीं होगी। ऋण लेने वालों को 6 महीने के भीतर इसका लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी।

# 'भारत जोड़ो यात्रा' को मिल रहा समर्थन : सेलजा

### राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी बनने पर कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल ने दी बधाई

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद


कुमारी सेलजा के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी बनाए जाने पर स्वागत करते कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल व प्रियंका अग्रवाल।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्या कुमारी सेलजा को कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव तथा छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेसियों में खुशी की लहर है। इसी कड़ी में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल तथा महिला प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं पीसीसी डेलीगेट प्रियंका अग्रवाल ने दिल्ली स्थित उनके निवास पर जाकर बुके देकर व उनका मुंह मीठा कराते हुए बधाई दी और इसे पार्टी हाईकमान का सराहनीय फैसला बताया।

इस मौके पर कुमारी सेलजा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा को समाज की सभी बिरादरियों का जो समर्थन मिल रहा है, उससे साबित हो गया कि जनता 2024 में देश में बदलाव चाहती है और उन्होंने उम्मीद जताई कि गुजरात, हिमाचल प्रदेश तथा दिल्ली नगर निगम चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह अपने इस जोश को कम न करें और पूरे उत्साह के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटे रहें ताकि पार्टी आने वाले चुनावों में सत्तासीन हो। कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल व प्रियंका अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि फरीदाबाद में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के आगमन को लेकर लोगों में खासा उत्साह है, इस यात्रा की सफलता पूरे हरियाणा की राजनीतिक फिजा बदलने का काम करेगी। उन्होंने कुमारी सेलजा को विश्वास दिलाया कि बल्लभगढ़ सहित समूचे फरीदाबाद जिले का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता इस यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने का काम करेगा।

# राणा भट्टी को मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य किया नियुक्त



**फरीदाबाद।** सरदारनी राणा भट्टी को हरियाणा सिख गुरद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का सदस्य नियुक्त किए जाने पर सोमवार को सरबत दा भला चेरिटेबल ट्रस्ट ने स्वागत किया। श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा, सेक्टर 15 फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में सरबत दा भला चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर मुबारकबाद दी। सेवादार चुन्नीलाल चोपड़ा, विष्णु सूद, दिनेश छाबड़ा, टोनी पहलवान, कुलदीप सिंह साहनी, सुरेंद्र सांगा, वीरेंद्र मेहता, नवीन पसरिचा, अनिल अरोड़ा, अरुण वालिया, सरबजीत सिंह चौहान, सत्यजीत बेदी, राजन गेरा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अपने स्वागत समारोह के दौरान सरदारनी राणा भट्टी ने कहा कि सरबत दा भला चेरिटेबल ट्रस्ट ने जो मुझे मान सम्मान दिया है, उसके लिए मैं सदैव कमेटी के पदाधिकारियों का आभारी रहूंगी। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का सदस्य बनाकर मुझे जो जिम्मेदारी दी गई हैं उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगी और 36 बिरादरी की भलाई एवं उत्थान के लिए कार्य करूंगी। उन्होंने कहा कि कमेटी ने जिस प्रकार मुझे जिम्मेदारी दी है, उस पर मैं पूरा खरा उतरूंगी। श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी के चुन्नीलाल चोपड़ा एवं दिनेश छाबड़ा ने कहा कि सरदारनी राणा भट्टी हमेशा लोगों की सेवा करना पसंद करती हैं। उनकी मेहनत एवं कार्यशैली को देखते हुए सरबत दा भला चेरिटेबल ट्रस्ट ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है।

# लैंक्सेस की तीसरी तिमाही में बिक्री 38.2 फीसद बढ़कर 2.185 बिलियन यूरो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ऊर्जा और कच्चे माल की लागत में निरंतर वृद्धि के साथ एक चुनौतीपूर्ण वातावरण में, विशेष रसायन कंपनी लैंक्सेस ने 2022 की तीसरी तिमाही के लिए अच्छे परिणाम दिए हैं। बिक्री में 38.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 1.581 बिलियन यूरो था, जो अब बढ़कर 2.185 बिलियन यूरो हो गया। वहीं पिछले साल के 229 मिलियन के मुकाबले 4.8 फीसदी की वृद्धि के साथ एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) बढ़कर 240 मिलियन यूरो हो गया।

लैंक्सेस एजी के प्रबंधन बोर्ड के चेयरमैन मैथ्यू जैशर्ट ने कहा, अच्छे आंकड़े बताते हैं कि हमारी रणनीति हमें सही दिशा में ले जा रही है। चुनौतीपूर्ण समय में, हम पहले की तुलना में बहुत अधिक स्थिर हैं और इसका श्रेय कम चक्रीय विशेषता रसायनों पर ध्यान केंद्रित करना जाता है। वर्ष के मध्य में, हमने आईएफएफ से माइक्रोबियल कंट्रोल व्यवसाय प्राप्त करके अपने उपभोक्ता संरक्षण खंड को फिर से मजबूत किया, जिसके नतीजे पिछली तिमाही में हासिल हो चुके हैं।

लैंक्सेस ने पूरे वित्त वर्ष 2022 के लिए अपना अनुमान निर्धारित किया है। समूह को 900 मिलियन से 950 मिलियन यूरो के बीच की शुद्ध आय की उम्मीद है, जो इस प्रकार 815 मिलियन यूरो के समायोजित पूर्व-वर्ष के स्तर से काफी अधिक होगी। पहले, समूह ने 900 मिलियन यूरो और एक बिलियन यूरो के बीच एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) रहने का अनुमान लगाया था।

तीसरी तिमाही में जारी परिचालन से शुद्ध आय 84 मिलियन यूरो रही, जबकि पूर्व-वर्ष की अवधि में यह 40 मिलियन यूरो थी।

एडिटिव्स व्यवसायों के अलावा, उपभोक्ता संरक्षण खंड में विकास, जिसे समूह ने हाल के वर्षों में रणनीतिक रूप से बनाया है, विशेष रूप से सकारात्मक रहा। यूएस कॉर्पोरेशन इंटरनेशनल फ्लेवर्स एंड फ्रैग्रेंस (आईएफएफ) से एक जुलाई 2022 को अधिग्रहित माइक्रोबियल कंट्रोल बिजनेस ने इस सेगमेंट की बेहतरीन आय में योगदान दिया।

साथ ही 2021 में अधिग्रहित एमराल्ड कलामा केमिकल के कारोबार ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लैंक्सेस ने ऊर्जा और कच्चे माल की कीमतों में हुई वृद्धि को उच्च बिक्री मूल्य के माध्यम से ग्राहकों को हस्तांतरित कर दिया है। विनिमय दरों का भी सभी क्षेत्रों में आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा, जबकि निर्माण जैसे कुछ ग्राहक उद्योगों में मांग कमजोर हुई। पूर्व असाधारण स्थिति एबिटा मार्जिन तीसरी तिमाही में घटकर 11.0 प्रतिशत हो गया, जो पूर्व-वर्ष की तिमाही में 14.5 प्रतिशत था।

# गुरुग्राम में 15 प्रतिशत तक कम हुई दो पहिया वाहन सड़क हादसों की मृत्यु दर

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** की सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से गुरुग्राम पुलिस के जागरुकता अभियानों का अब धरातल पर असर नजर आ रहा है। पुलिस के जागरुकता अभियान से जिला में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दोपहिया वाहनों की दुर्घटना में मृत्यु दर में 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

शहर में वाहन चालकों की लापरवाही की वजह से सड़क हादसे होते हैं, जिसमें दो पहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। गुरुग्राम पुलिस ने विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए दोपहिया वाहन चालक व पैदल यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर विशेष अभियान चलाए, जिसमें यातायात नियमों व रास्तों में भी बदलाव को भी शामिल किया गया है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा निरंतर सड़क पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उन्हें हटाया जा रहा है। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में साइन बोर्ड व स्पीड ब्रेकर बनवाए जा रहे हैं। इसके साथ साथ रात में वाहन चालकों के सुगम यातायात के लिए डिवाइडर व पिलर्स आदि पर रिफ्लेक्टर भी लगाए जा रहे हैं। वहीं विभिन्न चौक चौराहों की मॉनिटरिंग कर जरूरत वाले स्थानों पर दिशा निर्देश के साइन बोर्ड व रेड लाइट भी लगाई जा रही हैं।

### गुरुग्राम पुलिस के जागरुकता अभियान से हुआ यह सुधार




**नवंबर 2021 में 169 व नवंबर 2022 में 145 की गई जान :** गुरुग्राम पुलिस द्वारा किए गए प्रयासों के तहत जिला में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दो पहिया वाहन चालकों की सड़क दुर्घटना में जान गंवाने के मामलों में लगभग 15 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले वर्ष जनवरी से नवंबर माह के बीच जिला में 169 लोगों ने सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवाई थी। वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर 145 दर्ज की गई है। पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा दोपहिया वाहन चालकों व पैदल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नवंबर माह को यातायात जागरुकता माह के रूप में मनाया गया था। जिसमें नुक्कड़ नाटक, जनसभा, फैक्ट्री /कंपनियों में सेमिनार आदि के द्वारा गुरुग्रामवासियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

**सीसीटीवी से रखी जा रही नजर :** पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के मुताबिक गुरुग्राम पुलिस के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से सीसीटीवी कैमरे के द्वारा व यातायात पुलिस द्वारा निरन्तर पेट्रोलिंग कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नजर रखी जा रही है। नियमों के उल्लंघन करने वालों के लगातार चालान भी किए जा रहे हैं।

पुलिस आयुक्त ने आमजन से आह्वान किया कि सभी वाहन चालक सड़क पर अपनी निर्धारित लेन में ही चलें। पैदल यात्री सड़क पार करने के लिए नेशनल हाईवे व फ्लाईओवर का प्रयोग न करके सर्विस रोड का प्रयोग करें। साथ ही सड़क पार करते समय जेबरा क्रॉसिंग अथवा पेडेस्ट्रेन का प्रयोग करें। साइकिल चालक साइकिल पर रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं। मोटरसाइकिल पर दोनों सवारी हेलमेट का प्रयोग करें व निर्धारित गति सीमा से चलें।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की टीम ने जीती गवर्नमेंट प्रीमियर लीग



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम गवर्नमेंट प्रीमियर क्रिकेट लीग का फाइनल मैच हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट के बीच हुआ। फाइनल सेरेमनी की शुरुआत मुख्य अतिथि रेरा सदस्य वीके गोयल ने की। हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की टीम विजेता रही। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी भी भेंट की। इस लीग का शुभारंभ गत 15 अक्टूबर को डीसीपी मुख्ययालय अंशु सिंगला ने किया था। इसमें आठ टीमों ने इस लीग में हिस्सा लिया। इसमें उपरोक्त दो टीमों के अलावा मीडिया, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, पब्लिक हेल्थ, सिंचाई विभाग, नगर निगम, एचएसवीपी शामिल थी। पिछले सप्ताह सेमिफाइनल मैच टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट और एचएसवीपी व हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन और सिंचाई विभाग के बीच हुआ था। एचएसवीपी और सिंचाई विभाग की टीम के हारने के बाद टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट और हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के बीच रविवार को फाइनल मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट की टीम ने पहले फील्डिंग चुनी और 19.4 ओवर में हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारॅपोरेशन की टीम ने 20 ओवर में 236 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसका पीछा करते हुए टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग की टीम महज 129 रन ही बना सकी और सीरीज एचपीएचसी ने अपने नाम कर ली। इस लीग में नगर निगम के सचिन मलिक मैन ऑफदी सीरिज रहे। बेस्ट बेट्समैन ऑफ सीरिज प्रेस एंड मीडिया से मोहम्मद जबरील रहे। बेस्ट बॉलर ऑफ सीरिज हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के प्रदीप रहे। बेल्ट फीडर भी प्रेस-मीडिया टीम के योगेश रॉय को चुना गया। इस लीग में फर्स्ट रनरअप टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट की टीम रही। सेकेंड रनरअप सिंचाई विभाग, थर्ड रनरअप एचएसवीपी और फोर्थ रनरअप प्रेस एंड मीडिया की टीम रही। नगर निगम, पब्लिक हेल्थ और पीडब्ल्यूडी बीएंडआर क्रमश: पांचवें, छठे और सातवें स्थान पर रहे।

### निवर्तमान पार्षद कपिल दुआ समेत नौ पर एफआईआर की सिफारिश

**गुरुग्राम।** सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध विज्ञापन लगाकर संपत्ति को विकृत करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है। नगर निगम गुरुग्राम की विज्ञापन शाखा द्वारा ऐसे 9 मामलों में एफआईआर दर्ज करने के लिए संबंधित थानों में शिकायत भेजी गई है। उनके खिलाफ हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम-1989 के तहत मुकदमा दर्ज करने के लिए लिखा गया है। नगर निगम गुरुग्राम की विज्ञापन शाखा द्वारा सदर थाना में भेजी गई शिकायत में लक्ष्मी गार्डन निवासी कपिल दुआ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा गया है। शिकायत के अनुसार कपिल दुआ ने सेक्टर-34 ब्लॉक-बी में अवैध विज्ञापन लगाकर नियमों की अवहेलना की है। इसके अलावा सेक्टर-50 थाने में यू क्लीन के खिलाफ, डीएलएफ फेज-2 थाने में गाला एक्सपो के खिलाफ, सेक्टर-65 थाने में एडवांस ब्रोकरेज के खिलाफ, बादशाहपुर थाने में एससीओ प्लस व गुरदीप एंड एसोसिएट्स के खिलाफ, सेक्टर-65 थाने में दिल्ली पब्लिक स्कूल व नरेश कुमार के खिलाफ तथा सुशांत लोक-1 थाने में सेवन ओसेन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए शिकायतें भेजी गई हैं। नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त-1 अखिलेश यादव के अनुसार सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध विज्ञापन लगाना दंडनीय अपराध है। ऐसा करने वालों के खिलाफ हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम-1989 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया जाता है। नगर निगम की विज्ञापन शाखा द्वारा ऐसे अवैध विज्ञापनों को हटाने के साथ ही संबंधित के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति पर विज्ञापन ना लगाएं।

### युवक की बाइक चोरी

**सोहना।** उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ से परीक्षा देने आया युवक की होटल के बाहर से बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ निवासी अमित ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को हरियाणा में होने वाली बीएसएफ की परीक्षा देने के लिए आया था। वह सोहना सामान्य बस स्टैंड के सामने बने होटल पर कमरा लेकर रुका था। वह बाइक से ही पेपर देने के लिए उत्तर प्रदेश से आया था। उसने अपनी बाइक को शनिवार रात करीब आठ बजे होटल के बाहर खड़ी कर दी थी। रविवार सुबह छह बजे उसने अपनी बाइक के पास गया तो वहां से वह गायब थी। रात के समय में उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# गुरुग्राम में विरोध का नया प्रयोग फूंका समस्याओं का पुतला

### गुरुग्राम बचाओ यात्रा निकालकर की नारेबाजी

### जन सेवक क्रांति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समस्याओं का समाधान मांगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी में समस्याओं को उठाने का नया प्रयोग किया गया। यहां एक विशालकाय पुतला जलाकर विरोध जताया गया। वैसे तो इतने बड़े रावण के पुतले दशहरे पर जलाए जाते हैं, लेकिन समस्याओं को लेकर पुतला फूंकना चर्चा का विषय बना रहा।

जन सेवक क्रांति पार्टी की ओर से गुरुग्राम की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। गुरुग्राम बचाओ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में साइकिल, ई-रिक्शा और सीएनजी वाहनों से कार्यकर्ता शामिल हुए, ताकि पर्यावरण प्रदूषित ना हो। गुरुग्राम की समस्याओं को लेकर निकाली गई यह यात्रा गीता भवन न्यू कालोनी से आरम्भ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए भीम नगर के राम लीला मैदान में पहुंची। वहां एक जनसभा आयोजित करके लोगों को शहर की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही उनके समाधान की भी मांग की गई। वहीं पर एक विशालकाय पुतला भी फूंका गया। पुलिस पर बैनर भी लगाया गया। जिस पर लिखा था-शहर ट्रैफिक जाम, जलभराव, कूड़ा कचरा, सीवरेज, पार्किंग, सरकारी अस्पताल, टूटी सड़कें, पीने का पानी समस्याओं का समाधान किया जाए। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित अलघ ने आगामी चुनावों के लिए मेयर प्रतियाशी एवं दो पार्षद उम्मीदवारों के नाम की घोषणा भी की। कार्यक्रम के दौरान हास्य कवि सुंदर कटारिया ने भी प्रस्तुति दी। पार्टी के भावी मेयर उम्मीदवार विक्रांत मक्कड़ ने सरकार की जन विरोधी नीतियों पर जमकर कटाक्ष किया। इस मौके पर स्वाति ग्रोवर को वार्ड-15 एवं नरेश शर्मा को वार्ड-14 के क्षेत्र से पार्षद उम्मीदवार बनाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर पार्टी के सह-संस्थापक योगेश कटारिया, विधानसभा महिला अध्यक्ष स्वाति ग्रोवर, समाजसेवी रोहित मदान, समाजसेवी सन्नी भट्ट, अभिषेक ठाकुर समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



गुरुग्राम में विभिन्न समस्याओं को लेकर फूंका पुतला।

# सेक्टर-9 महाविद्यालय में गूंजे गीता के श्लोक



गुरुग्राम के सेक्टर-9 राजकीय महाविद्यालय में गीता जयंती कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व विद्यार्थी।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**राजकीय** महाविद्यालय सेक्टर-9 में महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापिका डॉ. कृष्णा मल्हान की अध्यक्षता गीता महोत्सव मनाया गया। महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में 70 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

विद्यार्थियों में गीता के प्रति चेतना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन कर रही अध्यात्म और भाषाई दक्षता के लिए प्रख्यात अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापिका डॉ. ललिता गौड़ ने कुरुक्षेत्र में हुए कार्यक्रम और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए गीता के महत्व को रेखांकित किया। डॉक्टर गौड़ ने हाल ही में कुरुक्षेत्र में गीता विषय पर शोध पत्र भी प्रदर्शित किया था। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के एपीआईओ रोहित शर्मा ने स्वामी विवेकानंद, लोकमान्य तिलक, स्वामी अड़गड़ानंद, टीएस इलियट आदि विद्वानों के कथनों का जिक्र कर गीता को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. कृष्ण मल्हान के अध्यक्षीय भाषण से हुआ। डॉ. अंजना, डॉ. सतीश, डॉ. राजेश, संजय कत्याल, वंदना यादव, मोनिका, डॉक्टर सत्यम आदि प्राध्यापक मौजूद रहे।

# डाक कर्मी की लापरवाही लोगों तक नहीं पहुंच रही डाक

**सोहना।** डाक विभाग का कर्मचारी पिछले तीन माह से डाक वितरण न करके किराने की दुकान पर लावारिश फेंक कर अपनी ड्यूटी निभाग रहा है। डाक विभाग के कर्मचारी की लापरवाही से दुकानदार तंग आ चुके हैं। वहीं क्षेत्र के नागरिकों को समय पर डाक न मिलने से परेशानी हो रही है। शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में किराने की दुकान चलाने वाले कैलाश अपने किसी ग्राहक या पैसे की लेनदेन से परेशान नहीं हैं। जिनता डाक विभाग के कर्मचारी द्वारा बरती जा रही लापरवाही से परेशान हैं।

कैलाश ने बताया कि सोहना में स्थित मुख्य डाकघर का कर्मचारी पिछले तीन माह से उसकी दुकान पर वार्ड-निवासियों की डाक हर दिन फेंक कर चला जाता है। डाक वितरक उस्मान को कई बार मना किया है, लेकिन वह उपभोक्ताओं को फोन करने की बात कह कर चला जाता है। उसकी दुकान में रखी डाक में पेन कार्ड, आधार कार्ड, परीक्षाओं के रोल नंबर, बैंक से संबंधित जरूरी कागजात और संभावना है कि किसी की नौकरी पर बुलावे का पत्र भी हो सकता है। उसके यहां से तीन माह में एक भी उपभोक्ता लेने नहीं आया है। उसकी दुकान में चूहे डाक को काट रहे हैं। कैलाश ने बताया कि मानवता के नाते वह अपने दुकान में भरे सामान से ज्यादा रखवाली डाक की करनी पड़ रही है। सोहना डाकघर के पोस्टमास्टर जयकिशन ने बताया कि डाक वितरक कर्मचारी द्वारा बरती जा रही लापरवाही उसके संज्ञान में नहीं थी। जल्द ही कर्मचारी के खिलाफ लापरवाही बरतने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



डाक कर्मचारी द्वारा फेंकी गई डाक दिखाता दुकारदार।

# नवीन गोयल ने जलमग्न 5600 एकड़ भूमि की समस्या सरकार तक पहुंचाई

### किसानों की समस्या पर मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**गुरुग्राम** में किसानों की 5600 एकड़ भूमि के जलमग्न होने की समस्या पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सरकार तक पहुंचाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को पत्र लिखकर समस्या के समाधान का आग्रह किया। साथ ही जीएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल से फोन पर बात की।

नवीन गोयल ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए बहुत नीतियां बनाई हैं। लोहारू जैसे सुदूर इलाके में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया है। किसानों को सिंचाई की उपयुक्त सुविधा मुहैया करवाने का कार्य किया गया है। मेरा पानी मेरी विरासत, हर खेत को पानी जैसी योजनाओं का लाभ हरियाणा के प्रत्येक किसान तक पहुंच रहा है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक किसानों को इस ओर प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार भरसक प्रयास कर रही है। सरकार की योजनाओं के तहत अब किसान रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर जा रहे हैं।

किसानों को लेकर नवीन गोयल ने कहा है कि यहां पर पहले से जमीनें किसानों के पास बहुत कम बची हैं। उसमें से भी हजारों एकड़ कृषि भूमि में लगातार जलभराव रहता है। यह किसानों की बड़ी समस्या है। उन्होंने बताया कि आजादी के कुछ ही वर्ष बाद नजफगढ़ ड्रेन का निर्माण किया गया था, ताकि शहर का पानी ड्रेन से होते हुए यमुना में जाए। ड्रेन के साथ-साथ दिल्ली इलाके में बांध का निर्माण कर दिया, लेकिन गुरुग्राम इलाके में बांध बनाने के ऊपर ध्यान नहीं दिया। इसका खामियाजा वर्षों से गुरुग्राम इलाके के गांवों मांकड़ौला, बुढेड़ा, चंदू, धनकोट, खेड़की, दौलताबाद, मोहम्मद हेड़ी, बसई एवं धर्मपुर के किसान भुगत रहे हैं। इन गांवों की लगभग 5600 एकड़ भूमि जलमग्न है। ड्रेन ओवरफ्लो होने से प्रभावित किसान पिछले लगभग 20 साल से सही से खेती नहीं कर पा रहे हैं।

# विवाहिता नकदी-जेवरात समेत चार वर्षीय बेटी को लेकर गायब

**सोहना।** शहर के वार्ड-17 में रहने वाली विवाहिता चार वर्षीय बच्ची को लेकर संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पीड़ित पति ने पत्नी व अपनी मासूम बेटी की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है।

शहर के वार्ड-17 में रहने वाले जगदीश ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी रीना एक दिसंबर को उसकी छोटी बेटी लविका को सुबह करीब 11 बजे घर से बिना बताएं लेकर चली गई। अपने साथ अपने व बेटी के सभी जरूरी कागजात और करीब 12 हजार रुपये लेकर गई है। वह पिछले पांच दिन से गायब है। पुलिस ने पीड़ित पति की शिकायत पर संदिग्ध हालत में पत्नी व बेटी की शिकायत दर्ज कर ली है।

# जखोपुर के आबादी क्षेत्र में जमा गंदे पानी से बीमारी फैलने का खतरा

### नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभागों के अधिकारी लगा रहे एक-दूसरे पर आरोप

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के वार्ड-9 में आबादी क्षेत्र में जमा गंदे पानी से महामारी फैलने का खतरा बढ़ने लगा है। साथ ही जमा गंदे पानी से आस-पास बने मकानों की दीवारों में दरारें पड़ने लगी हैं। गंदे पानी की निकासी को लेकर एसडीएम को शिकायत दी गईं लेकिन समाधान न होने से स्थानीय नागरिकों में रोष पनप रहा है।

नगर परिषद के वार्ड-9 में घरों से निकलने वाला पानी नालियां न होने से आबादी क्षेत्र में जमा हो रहा है। जमा गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। जिसके कारण डेंगू, मलेरिया और उल्टी-दस्त जैसी जानलेवा बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासी बाबूदयाल का कहना है कि उसने गंदे पानी की निकासी को लेकर एसडीएम को लिखित में शिकायत दी फिर भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका। जखोपुर निवासी ऊमा देवी का कहना है कि गंदा पानी जमा रहने से उसके मकान की दीवारों में सीलन आने से दरारे आ गई हैं। यदि यह पानी कुछ और दिन रहता है तो उसके पूरे परिवार को जान का खतरा है। उसका मकान कभी भी गिर सकता है। उन्होंने बताया कि वार्ड पार्षद को भी इसकी शिकायत की है।



सोहना नगर परिषद के वार्ड-9 के आबादी क्षेत्र में जमा गंदा पानी।

### स्कूल में बीमारी फैलने का खतरा

**जलभराव** के पास ही राजकीय प्राथमिक पाठशाला में करीब 250 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्ती के लिए आते हैं। गंदे पानी के कारण मच्छरों का आतंक फैला हुआ है। सर्दी में पंखे चलाए नहीं जा सकते, क्योकि बच्चे बीमार हो सकते हैं। स्कूल प्रभारी बिमलेश का कहना है कि उन्होंने नवनिर्वाचित पार्षद को इसकी शिकायत दी है। जल्द ही वह नगर परिषद प्रशासन को इसकी शिकायत देंगी।

“ **आबादी** क्षेत्र में गंदा पानी जमा होने का कारण अधर में लटका सीवर लाइन जोड़ने का कार्य। यह कार्य जनस्वास्थ्य विभाग का है। यदि वे पानी को सीवर लाइन में डालते हैं। समस्या का समाधान हो जाएगा।

**विक्की सिंह**
**-एक्सइएन नप**

“ **नगर** परिषद की नालियां टूटी हुई हैं और गंदे पानी का नाला बंद पड़ा है। नगर परिषद की कमियों के कारण यह गंदा पानी जमा हो रहा है। सीवर लाइन जोड़ने में करीब छह माह का समय लगेगा।

**ओमप्रकाश-एसडीओ**
**जनस्वास्थ्य विभाग**

# हरियाणा टैक्स बार एसो. के कार्यक्रम में आएंगे मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 7 दिसंबर बुधवार को गुरुग्राम में हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में वे हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशन तथा गुरुग्राम टैक्स बार एसोसिएशन के साथ टैक्स के विषयों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशन का यह कार्यक्रम गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इसमें सुबह 10 बजे से 11 बजे तक पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संदीप गोयल जीएसटी के बारे में बताएंगे।

कार्यक्रम को मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री तथा उप-मुख्यमंत्री टैक्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के साथ जीएसटी व टैक्स के संबंध में वार्तालाप भी करेंगे। कार्यक्रम को हरियाणा स्टेट टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम नारायण यादव तथा करनाल की टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान संजय मदान भी संबोधित करेंगे।

# लेखिका पुत्री द्वारा लेखक पिता को भावपूर्ण साहित्यिक नमन है चौबटिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




‘‘**चौबटिया**’’ यह नाम मेरे अस्तित्व में समाहित है। इस पुस्तक की रचना से लेकर इसके आकृत होने के सफर तक और फिर प्रकाशन के बाद की इसकी यात्रा, जैसे मेरा बचपन इसमें अनायास ही सम्मिलित सा हो गया। जब कभी अपने पिता को यह पुस्तक किसी को प्रस्तुत करते देखती या फिर इसके बारे में उत्साह से वर्णन करते देखती, उनकी आंखों में वो चमक, स्वर में एक उमंग, व्याकुलता एवं व्यग्रता से परिपूर्ण उनका पाठकों एवं परिवार जनों से पुस्तक को पढ़ने का आग्रह शायद उस वक्त इतना समझ नहीं पायी। इस क्रम में भले ही मैं इस पुस्तक का स्वत: एक हिस्सा बन गयी पर कभी इसे पढ़ नहीं पायी।

आज जब मैं स्वयं को लेखन के सफर में अग्रसर देखती हूं तो एक रचनाकार की उस व्यग्रता को महसूस करती हूं। आज मैं अपने पिता को थोड़ा और समझने लगी हूं। गर्व की अनुभूति से सराबोर होकर इस पुस्तक को अब पढ़ती हूं, मनन करती हूं, और सीखती हूं। मेरे वो माता-पिता जिनकी एकलौती पुत्री होने का एहसास कर मैं इठलाती हुई बड़ी हुई, जिनके अपार स्नेह में लिपटी मेरी बचपन की यादें मेरे मानस-पटल पर अमिट हैं, और मेरे हृदय में अंकित हैं। जिन्होंने अपने अनंत प्रेम से मेरा जीवन संवारा, मुझे साहित्य के रस से सींचा। मेरे पिता डॉ. शिवचंद्र झा ‘अंगिरस’, भ्रमरपुर, बिहार में जन्मे उस पिता के पुत्र थे जो स्वयं व्युत्पन्न बुद्धि एवं प्रत्युत्पन्नमति से संपन्न संपूर्ण मिथिलांचल के श्रेष्ठ रत्न थे। स्वर्ण पदक प्राप्त पंडित हीरा लाल झा ‘हेम’ संस्कृत, हिंदी, और मैथिली के अद्वितीय विद्वान थे और उन्होंने अपनी कीर्ति से मिथिलांचल एवं अंगिकांचल के गौरव को बढ़ाया। अपने आध्यात्म और साहित्य की धरोहर को उन्होंने अपने पुत्र डॉ. शिवचंद्र झा (मेरे पिता) को सौंपा, जिन्होंने अपने विस्तृत साहित्यिक योगदान से इस थाती को आगे बढ़ाया। एमए (हिंदी), पीएच डी, डिप इनएड, एलएलबी की डिग्रियां प्राप्त मेरे पिता ने अवर प्रमंडल शिक्षा पदाधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त होने के पश्चात लेखन के क्षेत्र में अपना कदम बढ़ाया और अपने व्यापक साहित्यिक योगदान से जल्द ही अंगिका भाषा के प्रतिष्ठित साहित्यकार बन गए। उन्होंने आठ पुस्तकें प्रकाशित कीं और इसके अलावा पत्र-पत्रिकाओं में उनके कई आलेख प्रकाशित हुए। आकाशवाणी भागलपुर से उनके कई रूपक प्रसारित हुए।

अंगिका भाषा और व्याकरण में उन्होंने पुस्तकें लिखीं परंतु उनकी विधा अंगिका गद्य रही। उनकी पुस्तकों में - चौबटिया, अंगिका शब्दानुशासन, अंगिका भाषा व्याकरण, अंगिका निबंध, अंग जनपद, कविश्वर श्याम सुंदर जीवन और काव्य, अंगिका भाषा विज्ञान सम्मिलित हैं। इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोग्राफिकल रीसर्च Inc इंडिया द्वारा उन्हें इंस्टिट्यूट गवर्निंग बोर्ड ऑफ एडिटर्स फोर बायोग्राफिकल इंक्लूजन (मिल्लेनियम एडिशन), इंटरनेशनल बायोग्राफिकल डिरेक्ट्री ऑफ डिस्टिंग्वीस्ड लीडर्स का नियुक्ति पत्र दिया था। विक्रमशीला रिसर्च इंस्टिट्यूट द्वारा प्रकाशित ‘श्रीमद्भागवत रहस्य’ (श्रीमद् भागवत महापुराण पर अंगिका में प्रवचन) उनकी साहित्यिक कृतियों में सर्वोपरि है जो उनके आध्यात्म और साहित्य के समागम को दर्शाती उनकी ख्याति को स्थापित करती है। अंगिका साहित्य और भाषा की समृद्धी और भारतीय साहित्य में श्रीमद्भागवत जैसी उल्लेखनीय कृति का संस्कृत से अंगिका में अनुवादन और प्रकाशन के उनके समस्त सफर में उनकी जीवन संगिनी श्रीमती इंदुबाला झा का महत्वपूर्ण सानिद्धय और योगदान रहा है। सहायक शिक्षिका (हिंदी विभाग) से सेवानिवृत्त श्रीमती इंदुबाला डबल एम ए (हिंदी और राजनीति शास्त्र), प्रशिक्षित एलएलबी हैं और साहित्य गतिविधियों में उन्होंने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

अंगिका लोक गीत- सांस्कृतिक अध्ययन और कविश्वर श्याम सुंदर- समीक्षात्मक अध्ययन पुस्तकों के अलावा आकाशवाणी भागलपुर से उनकी कहानियां प्रसारित हो चुकी हैं। साहित्यिक परिवेश में पली-बढ़ी, मैंने साहित्य को अनायास ही आत्मसार कर लिया है और लेखन के अपने अथक प्रयासों से इस विशालकाय साहित्यिक जगत में अग्रसर रहने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हूं। मेरे पिता की विस्तृत साहित्यिक स्मृतियों को उनकी पुस्तक ‘चौबटिया’ (अंगिका कथा संग्रह) के माध्यम से एक बार फिर पाठकों तक लाने के लिए इच्छुक हूं और उसका हिंदी अनुवाद कर अपने पिता को एक भावपूर्ण साहित्यिक श्रद्धा अर्पित करना चाहती हूँ। एक लेखक पिता की पुस्तक चौबटिया उनकी लेखिका पुत्री की कलम से जल्द।

# कृषि विभाग में तीन महीने से नहीं है कोई एसडीओ

### कृषि विभाग के कर्मचारियों को हो रही कार्य करने में परेशानी

### किसानों को भी नहीं मिल रहा किसी योजना का लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका



**खंड** फिरोजपुर झिरका स्थित कृषि विभाग कार्यालय राम भरोसे चल रहा है, कृषि विभाग के एसडीओ की कई महीने पहले सेवानिवृत्त के बाद भी आज तक झिरका में एसडीओ की नियुक्ति नहीं की गई है, जिसकी वजह से कृषि विभाग के कर्मचारी तीन माह की तनख्वाह के लिए परेशान हैं, वहीं किसान को सरकारी योजनाओं का लाभ पूरी तरीके से नहीं मिल पा रहा है, जिसकी वजह से झिरका के किसानों में सरकार के खिलाफ गुस्सा पनप रहा है।

आपको बता दें कि फिरोजपुर झिरका में कृषि विभाग दशकों से चला आ रहा है, लेकिन सरकार द्वारा आज तक पूरा स्टाप मुहैया नहीं कराया जाता है, जिसकी वजह से कृषि विभाग के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ पूर्णतया किसानों को नहीं मिल पाता है। भगवानदास एसडीओ 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन ठीक तीन महीने बीत जाने के बाद भी फिरोजपुर झिरका में एसडीओ की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिसके चलते कृषि विभाग में एसडीओ की कुर्सी अधिकारी के आने की राह देख रही है।

फिरोजपुर झिरका के कृषि विभाग कार्यालय में एक एसडीओ की सीट खाली, तीन बीएओ की सीटें हैं जिसमें दो खाली हैं, दो एसएमएस सीट एक खाली है। एक मात्र पद टीए वो भी खाली और 20 एडीओ के पद जिनमें से 17 पद रिक्त पड़े हैं। चंद लोगों के बल पर फिरोजपुर झिरका कृषि विभाग कार्यालय चल रहा है और वो कर्मचारी भी तीन महीने से तनख्वाह के लिए परेशान हैं। किसान साजिद हुसैन, रहीश अहमद इंजिनियर, शकील खान और जावेद खान का कहना है कि सरकार जल्द झिरका के कृषि विभाग कार्यालय में खाली पदों को भरे और एसडीओ की नियुक्ति जल्द करें, जिससे कर्मचारियों का मानदेय समय पर और किसानें को सरकार की हर योजना का लाभ समय पर पूर्ण तरीके से मिल सके।

वहीं सुरक्षा सेवा न्याय फाउंडेशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष जफरुद्दीन का कहना है कि कृषि विभाग कार्यालय फिरोजपुर झिरका में खाली सीटों को सरकार द्वारा जल्द नहीं भरा गया तो इस बार झिरका के किसान आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे, इसलिए समय रहते हुए हरियाणा सरकार एसडीओ सहित समस्त खाली पदों को भरने का काम करें, जिससे आम किसान को समय पर सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके और किसान खुशहाल रहें। उप मंडल अधिकारी दीपक बाबू लाल का कहना है कि यह मामला डीसी नूंह के संज्ञान में है और मेरे संज्ञान में भी है, अगली मीटिंग में मैं डीसी साहब को इस मामले से दोबारा से संज्ञान में लेकर आऊंगा जल्द ही कृषि विभाग के नए एसडीओ की नियुक्ति की जाएगी।

## बस अड्डा नूंह परिसर में मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का आयोजन



रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जीएम रोडवेज।

**मेवात।** केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार चंडीगढ़ द्वारा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आयोजन बस अड्डा परिसर नूंह में किया गया। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ जीएम रोडवेज नूंह देवदत्त ने किया।

केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार चंडीगढ़ द्वारा अनेक कल्याणकारी नीतियों व सरकार के विकास संबंधी क्रियाकलापों की जानकारी आमजन के लिए दी जा रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा भी मनोरंजन के साथ-साथ केंद्र की योजनाओं को लेकर संदेश दिए जा रहे हैं। प्रदर्शनी में खासकर जनधन योजना, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, सांसद आदर्श ग्राम योजना, मुद्रा योजना, उज्जवला योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, डिजिटल इंडिया आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही हैं। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन भी कराया जा रहा है।

अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को उचित इनाम दिया जा रहा है। केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की नारनौल इकाई के अधिकारी राजेश अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि इस प्रदर्शनी का मकसद लोगों में केंद्र की नीतियों को पहुंचाना है। तीन दिन तक इसी तरह जिले में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जीएम रोडवेज नूंह देवदत्त ने भी केंद्र सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए इलाके के लोगों से आग्रह किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नशे के इंजेक्शन की बड़ी खेप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**मेवात।** नशे का कारोबार हरियाणा के नूंह जिले में तेजी से फल-फूल रहा है। नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए हरियाणा पुलिस ने एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो का पुलिस विभाग में गठन किया हुआ है। नारकोटिक्स टीम ने नशे के 100 इंजेक्शन के साथ दो आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को देर शाम नूंह कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। एंटी नारकोटिक्स टीम ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि हथीन की तरफ से दो युवा नशे के इंजेक्शन की खेप लेकर सोहना की तरफ आने वाले हैं। हिलालपुर गांव के पास सोहना की तरफ आ रहे नारकोटिक्स टीम ने छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सतपाल इंस्पेक्टर ने बताया कि मोहम्मद रफीक तथा मुस्तफा हथीन थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले हैं। इनको हिलालपुर गांव जो रोजका मेव थाना क्षेत्र में पड़ता है, वहां से गिरफ्तार किया गया है। इनका पुलिस ने दो दिन का रिमांड लिया है। रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ में नशे के पूरे नेटवर्क का खुलासा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। नारकोटिक्स टीम ने बताया कि यह सभी इंजेक्शन प्रतिबंधित हैं, नशीले हैं। जिन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। वह इंजेक्शन इन युवाओं से बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को बिना नंबर की काले रंग की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स टीम ने बताया कि इससे पहले भी पुनहाना के रहने वाले एक आरोपी को 4000 नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### गृह रक्षी विभाग सेंटर कमांडर कर्मबीर सिंह गिरफ्तार



आरोपी कर्मबीर।

**मेवात।** विजिलेंस विभाग की टीम ने करप्शन के मामले में गृह रक्षी विभाग नूंह के सेंटर कमांडर कर्मबीर सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। सेंटर कमांडर कर्मबीर सिंह को अदालत में पेश कर विजिलेंस विभाग की टीम ने एक दिन की रिमांड पर लिया है ताकि उससे पूरे राज उगलवाए जा सके। आपको बता दें की कर्मबीर सिंह सेंटर कमांडर वर्ष 2017-18 में गृह रक्षी विभाग नूंह में कार्यरत था। उस समय कुछ हटाए गए होमगार्ड के जवानों ने सेंटर कमांडर कर्मबीर सिंह पर आरोप लगाए कि वह उनको जबरन हटाकर नए लोग लगा रहा है और उसकी आड़ में मोटी कमाई कर रहा है। हटाए गए गृह रक्षी विभाग के जवानों ने विजिलेंस विभाग में इस मामले की कई साल पहले शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने उसके सबूत भी सलंग्न किए थे। उन्हीं सबूतों के आधार पर विजिलेंस विभाग नूंह की टीम ने सेंटर कमांडर कर्मबीर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कई साल से सेंटर कमांडर कर्मबीर सिंह की पुलिस को तलाश थी, लेकिन मुकदमा दर्ज होने के करीब चार साल बाद उसे पलवल से गिरफ्तार किया है। सेंटर कमांडर कर्मबीर सिंह को गिरफ्तार होने के बाद शिकायत करने वाले गृह रक्षी विभाग के जवानों ने राहत की सांस लेते हुए विजिलेंस विभाग के आला अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा है कि अब उन्हें इंसाफ मिलता दिख रहा है। ना केवल भ्रष्टाचारी सेंटर कमांडर कर्मबीर सिंह सलाखों के पीछे पहुंच गया है बल्कि उनकी गृह रक्षी विभाग के अधिकारियों से मांग है कि अब उन्हें नौकरी पर भी बाहर किया जाए। विभाग के होमगार्ड के जवानों को बड़ी-बड़ी हांकने वाला सेंटर कमांडर अब अपनी सही जगह पहुंचकर मुंह छिपाता फिर रहा है।

### झामुवास में राज्य स्तरीय खो-खो लड़कों की प्रतियोगिता शुरू





**तावडू।** उपमंडल के गांव झामुवास स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में गत तीस दिसंबर से हरियाणा राज्य स्तरीय विद्यालय खो खो खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ था। शुरुआत में दो दिवसीय लड़कियों की प्रतियोगिता हुई तो वहीं मंगलवार से लड़कों की खो-खो प्रतियोगिता शुरू की गई। शुभारंभ के मौके पर एम थ्री एम फाउंडेशन के ट्रस्टी पायल कनोडिया मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता प्रवक्ता शिक्षक फूल कुमार ने बताया कि पहले हुई लड़कियों की अलग-अलग श्रेणियों की प्रतियोगिता में जिला कैथल, पानीपत और हिसार की टीमें प्रथम रही।मंगलवार से लड़कों के तीनों श्रेणियों में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। इस राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में 22 जिलों की 132 टीमों के अलावा सोनीपत राई स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की 6 टीमें के लगभग 1656 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। टीम में 12 खिलाड़ी हैं,प्रतियोगिता में सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के अंडर-14 अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणी की टीमें हिस्सा ले रही है। इस दौरान मुख्य अतिथि पायल कनोडिया ने अपने विचार रखते हुए उपस्थित शिक्षकों और स्कूली बच्चों को संबोधित किया।मौके पर तावडू नगर पालिका चेयरमैन मनिता,जिला संघ संचालक सुनील जिंदल,मंच संचालक अशरफ मेवाती सहित आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### एसडीएम के आदेश पर नपा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**फिरोजपुर झिरका।** सरकारी सड़क तथा रास्तों पर पसरे अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका प्रशासन विगत कई दिनों से कार्रवाई में जुटा हुआ है। मंगलवार को भी नपा प्रशासन की टीम ने इस संदर्भ में कार्रवाई कर जहां रेहडी तख्त आदि जब्त कर लिए वहीं कई दुकानदारों के चालान कर उनसे जुर्माना भी वसूल लिया। पालिका की टीम पुलिस फोर्स न मिलने की वजह से केवल हल्की-फुल्की कार्रवाई कर अतिक्रमणकारियों को चेताया और उनसे सरकारी संपत्ति से कब्जा हटाने की चेतावनी दी। प्रशासनिक सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस संदर्भ में पुलिस फोर्स की व्यवस्था होते ही शहर के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। बता दें कि शहर में नगर पालिका, लोकनिर्माण विभाग और हरियाणा वक्फ बोर्ड की बेशकीमती भूमि खाली पड़ी हुई है। खाली पड़ी इस भूमि पर दबंग लोगों द्वारा जहां कब्जा जमा लिया गया है, वहीं कई जगह इन लोगों ने पक्का निर्माण कर सरकारी भूमि को लगभग हथिया ही लिया। सबसे अधिक कब्जा शहर के हाईवे और महावीर मार्ग पर स्थिति बेशकीमती भूमि पर इस समय बना हुआ है। इसे हटाने के लिए हाल ही के दिनों में प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई, लेकिन कार्रवाई के बावजूद लोग अभी भी सरकारी भूमि से अपना कब्जा नहीं हटा रहे हैं। सरकारी संपत्ति तथा आम रास्तों को खाली नहीं कर रहे लोगों को लेकर पालिका प्रशासन द्वारा प्रतिदिन मुनादी कराई जा रही है। मंगलवार को इस बाबत कार्रवाई की गई और लोगों को चेताया गया।

## मनरेगा में भ्रष्टाचार की शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई तो हाईकोर्ट पहुंचा मामला



### मैण्डैमस रिट याचिका पर अधिकारयों को आठ हफ्तों में जांच करने के दिए आदेश

**मेवात।** जिले में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। जहां जिला स्तर व ब्लॉक स्तर पर भ्रष्टाचार में संलिप्त दर्जनों अधिकारियों व कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। वहीं अब ऐसा ही एक मामला पुन्हाना उपमंडल के गांव झारोकड़ी का हाईकोर्ट में पहुंचा है।

गांव के दर्जनों लोगों ने अपनी पंचायत के साथ ही ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है की सरपंच ने अधिकारियों से साठगांठ कर मनरेगा योजना में सरकारी लोगों, छात्रों व दिमागी तौर से कमजोर लोगों के फर्जी जॉब कार्ड बनाकर करोड़ों का गबन किया है। गांव में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, सीएम विजिलेंस से लेकर जिला प्रशासन के आला-अधिकारियों से पिछले एक वर्ष से करते आ रहे है। लेकिन आज तक सरपंच व अधिकारियों खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसके बाद परेशान हाल शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट में मैण्डैमस रिट याचिका डालकर मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। याचिकाकर्ता साजिद हुसैन ने बताया कि गांव झारोकड़ी में बड़े पैमाने पर मनरेगा योजना के तहत घोटाला हुआ है। सरपंच व पंचायत स्तर के अधिकारियों ने मिलकर गांव के सरकारी नौकर, नाबालिग छात्र, दिमागी तौर पर कमजोर लोगों सहित सैकड़ों लोगों के फर्जी जॉब कार्ड बनाकर और दूरदराज की बैंकों में उनके खाते खुलवाकर करोड़ों रुपये का गबन किया है।

भ्रष्टाचारियों द्वारा मजदूरों के नाम से ऑनलाइन मस्टररोल जारी कर जेसीबी मशीनों से कार्य कराया गया, लेकिन कागजों में मजदूरों को दिखाकर सरकारी राशि को अपने द्वारा खुलवाए गए फर्जी खातों में ट्रांसफर कराकर राशि को निकाल लिया गया। इस बात का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीणों ने ऑनलाइन अपना जॉब कार्ड चेक किया। याचिकाकर्ता ने बताया कि वह वर्ष 2021 से इसकी शिकायत अधिकारियों से करते आ रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा उनकी शिकायतों पर किसी तरह की कोई कार्रवाई अमल नहीं लाई गई। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में मैण्डैमस रिट याचिका डालकर अधिकारियों व कर्मचारियों सहित सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## दो डिपो होल्डरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मेवात।** रोजका मेव गांव में मुख्यमंत्री उडन दस्ता, खाद्य आपूर्ति विभाग खुफिया विभाग तथा अंशुल सैनी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर पीएमजीकेवाई नूंह की संयुक्त कार्रवाई की गई है। जिसमें 660 बैग, 42 बैग बाजरा, तीन क्विंटल 12 किलो चीनी स्टॉक में कम पाई गई है। संबंधित दो डिपो होल्डरों आबिद चंदेनी तथा परवेज बडेलाकी के खिलाफ रोजका मेव थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। रोजकमेव गांव के उपभोक्ताओं की शिकायत थी कि विभाग ने दो महीने से राशन ही नहीं दिया है। आरिफ जो कि परवेज डिपो होल्डर के भाई हैं खाद्य आपूर्ति उप निरीक्षक अब्दुल अजीज पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अजीज ने राशन दिया ही नहीं है।

## दलित समाज के लोगों ने मनाया अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस



**फिरोजपुर झिरका।** शहर के दलित समाज के लोगों ने मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मंगलवार को शहर के गुरुग्राम अलवर हाईवे के पास स्थित अंबेडकर चौक में मनाया। मौके पर समाज के लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन मुख्य अतिथि रहे।

नपा चेयरमैन मनीष जैन ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित, गरीब और शोषित वर्ग के मसीहा थे, उन्होंने सभी के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और संघर्ष किया था। उन्होंने भारतीय संविधान को बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अंजू बाला ने कहा कि बाबा साहब ने निम्न वर्ग को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा था कि हम शिक्षित होकर ही अपने अधिकारों को पा सकते हैं। इतना ही नहीं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश के सभी गरीब वर्ग के लोगों को वोट का अधिकार दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष रमेश आर्य ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमें डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनकी तरह शिक्षित बंद कर देश हित के लिए कार्य करना चाहिए। क्योंकि बाबा साहब अंबेडकर का कहना है कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जिसे भी पीते ही इंसान दहाड़ता है।

## जेएनयू दिल्ली में वैश्य, ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी अशोभनीय : अशोक बुवानीवाला

### देश के विकास में सदा अहम भूमिका निभाता है व्यापारी वर्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**अग्रवाल** वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में बनिया (वैश्य समाज) और ब्राह्मण समाज के बारे में दीवारों पर लिखी गई अशोभनीय बातों का कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह जातिवाद का जहर घोलने का प्रयास है। ऐसी बातें लिखने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि देश को आर्थिक मजबूती देने में बनिया समाज का अहम योगदान है।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि वैश्य समाज शांति स्वभाव से काम करने का पक्षधर है। वह बिना किसी विवादों के अपना व्यापार करने में विश्वास रखता है। व्यापार के साथ उच्च पदों पर भी वैश्य समाज के अग्रणी लोग देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। वैश्य समाज देश की धुरी है। इसे ना तो कमजोर समझा जाए और ना ही कमजोर करने का कोशिश की जाए। श्री बुवानीवाला ने कहा कि वैश्य समाज ने सदियों से भारत को विकासशील बनाने में अपना सहयोग, समर्पण दिया है। दान देने में यह समाज सबसे अग्रणी रहता है। धर्मशालाएं, कुए, बावड़ी समेत धर्म-कर्म के अनेक कार्यों में वैश्य समाज के काम सबसे ऊपर की श्रेणी में रहते हैं। ऐसे समाज



अशोक बुवानीवाला।

के बारे में जेएनयू जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में अशोभनीय टिप्पणी करना ओच्छी सोच का ही परिणाम है। यह एक तरह से विवाद खड़ा करके देश तोड़ने का प्रयास है। जेएनयू शिक्षा का मंदिर कहा जाता है। उस जगह पर इस तरह की हरकतें वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है। कोई इतनी आसानी से यह सब लिखकर चला गया।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि अखंड भारत पर केवल वैश्य राजा ने ही राज किया है, अन्य किसी जाति ने नहीं। ईरान से लेकर कंबोडिया तक अखंड भारत पर राज करने वाले चक्रवर्ती वैश्य सम्राट समुद्र गुप्त की हम संतान हैं। गुप्त वंश के वंशज हैं, जिसने लगभग 500 वर्ष तक पूरे विश्व में अपना परचम लहराया है। वैश्य समाज अगर बाज की तरह शांत है तो बाज की तरह आसमान छूने की ताकत भी रखता है। भारत की आजादी में वैश्य समाज के क्रांतिकारियों ने जो बलिदान दिया है, वह भुलाया नहीं जा सकता। आर्थिक सहयोग के साथ व्यक्तिगत तौर पर वैश्य समाज के योद्धाओं ने आजादी की लड़ाई लड़ी।

## शहर के सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाल हो रहे चोरी

### पिछले तीन महीनों से शहर के सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ रही चोरी की घटनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका





शहर के वार्ड नंबर नौ स्थित एक कुएं से असामाजिक तत्वों द्वारा चुराया गया जाल।

**शहर** के वार्ड नंबर नौ स्थित गोदाराम धर्मशाला के पास एक कुएं से असामाजिक तत्व द्वारा जाल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इससे पहले भी शहर के विभिन्न वार्डों में सार्वजनिक स्थानों पर नगर पालिका के सौजन्य से लगाए गए जालों के चोरी होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वार्ड नंबर नौ के पार्षद योगेश सैनी, वार्ड 10 के पार्षद राजबत्रा, वार्ड 13 के पार्षद धर्मपाल, वार्ड नंबर सात से पार्षद विनोद जांगड़ा, वार्ड नंबर 11 के पार्षद महेंद्र कौशिक, वार्ड नंबर 12 से पार्षद गौरव जैन और नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन का कहना है कि शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर नगर पालिका के सौजन्य से लगाए गए जालों का गत तीन महीने से चोरी होने का सिलसिला जारी है। बार-बार पुलिस प्रशासन को मौखिक रूप से अवगत कराया गया है इसके अलावा नगर पालिका सचिव द्वारा पुलिस प्रशासन को लिखित में शिकायत दी गई है ताकि अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके और नगर पालिका द्वारा लगाए गए जालों की वसूली की जा सके।

शहर के पार्षदों का कहना है कि शहर के मुख्य चौक चौराहों पर लगे नाली और नालों के जालों को लगाने के लिए नगर पालिका द्वारा अथक प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन उसके बावजूद भी कुछ असामाजिक तत्व शहर की सुंदरता को खराब करने के साथ-साथ अपने नशे के लिए सरकार की धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा शहर के शहीद मीनार, पशु पैठ के मुख्य गेटों को भी असामाजिक तत्वों द्वारा चुराया जा चुका है। पुलिस प्रशासन को ऐसे लोगों से सख्ती से निपटने के साथ साथ रात्रि गश्त को बढ़ाना चाहिए जिससे असामाजिक तत्वों को पकड़ा जा सके।

**क्या कहते हैं नगर पालिका सचिव** : इस बारे में नगर पालिका सचिव सुनील रंगा का कहना है कि शहर के हर वार्ड के पार्षद द्वारा अपने वार्ड में जाल चोरी होने की शिकायत बार-बार की जा रही है और जाल लगवाने के लिए नगर पालिका प्रशासन से कहा जा रहा है।

नगर पालिका प्रशासन की ओर से स्थानीय पुलिस को शिकायत देकर शहर में सार्वजनिक स्थानों पर नपा के जालों की चोरी के बाबत एक शिकायत दी गई है। उन्होंने शहर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों को पकड़ने में नपा और पुलिस प्रशासन का सहयोग शहर के लोग करें।

## परशुराम महाकुंभ बनेगा हिंदू-मुस्लिम भाईचारे का प्रतीक

**मेवात।** 11 दिसंबर को करनाल में आयोजित होने वाले भगवान परशुराम महाकुंभ में सर्व समाज के साथ-साथ हिंदू-मुस्लिम एकता की जीती-जागती तस्वीरें नजर आएंगी, जो समाज को नई दिशा देगी। सामाजिक समरसता के भाव के साथ आयोजित होने वाला यह महाकुंभ बिखरे समाज के सामने नया उदाहरण बनेगा।

बता दें 11 दिसंबर को करनाल में प्रदेशस्तरीय भगवान परशुराम महाकुंभ आयोजित होने वाला है। महाकुंभ भव्य होने के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव की मिसाल भी बनेगा। सर्व समाज व सर्वधर्म के लोग आयोजन में शिरकत कर इसके गवाह बनेंगे। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए 101 ब्राह्मण शंखनाद, 101 ब्राह्मण मंत्रोच्चारण व 101 ब्राह्मण नगाड़े की ध्वनि से मन मोहएंगे।

**तैयारियों में हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की बानगी** : भादस गांव में आयोजित बैठक में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी भगवान परशुराम महाकुंभ में शामिल होने का निर्णय लिया। बाकायदा मुस्लिम सामाजिक कार्यकर्त्ता साजिद अहमद, मनोज खंडेलवाल, मास्टर चतुर्भुज, मास्टर उमर मोहम्मद ने गांव-गांव जाकर लोगों को महाकुंभ के लिए न्योता दे रहे हैं। जिसकी हर तरफ प्रशंसा हो रही है।

**धर्म के नाम पर किसी भी तरह के बहकावे में नहीं आना चाहिए** : महाकुंभ को लेकर पुन्हाना, नगीना, भादस, पिनगंवा में आयोजित बैठकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि हर धर्म और समुदाय के लोगों से अपील है कि धर्म के नाम पर किसी भी तरह के बहकावे में नहीं आना है। सामाजिक समरसता की ऐतिहासिक धरोहर को सहेज कर रखना, हर जिम्मेदार नागरिक का यह दायित्व है। मानवता और इंसानियत का दर्जा हर धर्म में सबसे ऊपर है। आयोजन कमेटी के सदस्य खिलौनी राम, डॉक्टर ओमवीर शर्मा, केशव पंडित, नरेंद्र शर्मा ने बताया कि 11 दिसंबर को करनाल में भगवान परशुराम महाकुंभ का आयोजन होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कालेजियम मामला

## विमर्श का विषय

**सर्वोच्च न्यायालय** के कालेजियम पर विधि एवं न्याय मंत्री किरन रिजिजू की टिप्पणी से न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच मतभेद सामने आए हैं और यह मुद्दा विमर्श का विषय बन गया है। ऐसा लगता है कि काफी समय से कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच तनाव बढ़ रहा था। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ के भारत के प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ लेने के बाद संभवत: यह तनाव और बढ़ गया है। शायद वर्तमान केन्द्र सरकार और न्यायपालिका के बीच सहज संबंधों में कुछ खटास आ गई है और यह बेचैनी एक प्रकार से बढ़ती दिख रही है। इसका पहला संकेत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के तरीके पर सरकार द्वारा दिखाई जल्दबाजी पर अप्रसन्नता प्रकट करने से मिला। सरकार में शामिल लोगों की ओर से सर्वोच्च न्यायालय की कालेजियम व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। वास्तव में विधि मंत्री किरन रिजिजू इस मामले में मुखर हैं और वे लगातार कालेजियम व्यवस्था की आलोचना कर सार्वजनिक मंचों पर इस व्यवस्था की वैधता पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने भी विधि मंत्री की टिप्पणियों पर अपनी अप्रसन्नता सार्वजनिक की है। शायद सर्वोच्च न्यायालय के जिम्मेदार लोगों का सोचना है कि विधि मंत्री केवल अपने व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने के बजाय वर्तमान सरकार में व्याप्त सोच प्रकट कर रहे हैं। कुछ भाजपा-विरोधियों का मानना है कि वर्तमान सरकार ने अपने प्रचंड राजनीतिक बहुमत का लाभ उठा कर अनेक संवैधानिक संस्थाओं को अपने अनुकूल ढाल लिया है। लेकिन इन भाजपा-विरोधी आलोचकों का मानना है कि न्यायपालिका बाकी संवैधानिक संस्थाओं से एकदम अलग है। उनके अनुसार संभवत: वर्तमान प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ सरकारी कार्रवाइयों के ज्यादा समर्थक नहीं हैं और वे सरकार से कुछ असहज करने वाले सवाल पूछ सकते हैं जिनसे सरकार को परेशानी हो सकती है।



हालांकि, भाजपा-विरोधी आलोचकों की यह आलोचना अतिरंजित लगती है। कालेजियम के बारे में भले ही किरन रिजिजू की राय उनकी अपनी व्यक्तिगत हो, पर यह विधि मंत्री के रूप में संभवत: उनके पद के उपयुक्त नहीं है। वास्तव में संविधान में सब कुछ नहीं लिखा है और घोषित-अघोषित रूप से सर्वोच्च न्यायालय के पास अपनी स्वायत्तता व निष्पक्षता या तटस्थता को बनाए रखने के लिए काफी नियम और शक्तियां हैं। सरकार चाहे सर्वोच्च न्यायालय की इन विशिष्ट शक्तियों को पसंद करे या नहीं, पर वास्तव में ये शक्तियां उसे संविधान से मिली हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 1990 के दशक में कालेजियम व्यवस्था स्थापित की थी जो आज तक जारी है, हालांकि सरकार संभवत: यह व्यवस्था बदल कर न्यायाधीशों की नियुक्ति की नई व्यवस्था लागू करना चाहती है। कुछ बुद्धिजीवियों को भय है कि ऐसा होने पर न्यायाधीशों की निष्ठा सरकार के प्रति हो सकती है क्योंकि इससे पहले उनके विचार से निर्वाचन आयोग समेत अनेक संवैधानिक संस्थाओं की निष्ठा अब सरकार के प्रति है। सभी जानते हैं कि सरकारें अपनी कार्रवाइयों व अपने द्वारा बनाए कानूनों को अदालत में चुनौती मिलना पसंद नहीं करती हैं क्योंकि इससे अनावश्यक विलंब व परेशानी पैदा होती है। हालांकि, कुछ विवादास्पद मुद्दों की न्यायिक समीक्षा की जरूरत हो सकती है। अनेक बुद्धिजीवियों व न्यायविदों के अनुसार, वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा लिए अनेक निर्णयों की गंभीर न्यायिक समीक्षा होनी चाहिए। नोटबंदी ऐसे मामलों में से एक है जिन पर न्यायपालिका विचार कर रही है। इसी तरह के कई अन्य मुद्दे भी हैं जो विभिन्न याचिकाओं या जनहित याचिकाओं के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं। हालांकि, यह भी एक तथ्य है कि वर्तमान सरकार कानूनों-नियमों की न्यायिक समीक्षा के प्रति सहज दृष्टिकोण अपना रही है तथा वह संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों की सीमा में रह कर काम कर रही है।

# हमारे प्रेरणास्त्रोत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद जिन मूल्यों व आदर्शों के प्रति अडिग थे, उनकी आज अनेक राजनेता ज्यादा चिन्ता नहीं करते हैं।



**प्रशांत तिवारी**
(लेखक, सामाजिक एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।)



अनेक अशिक्षित व जातिवादी राजनेताओं ने 11 करोड़ से अधिक बिहारी जनता का भविष्य बरबाद कर दिया है। कुछ परिवार-केन्द्रित, सामन्ती सोच वाली राजनीतिक पार्टियों ने बिहारी गरिमा को गंभीर नुकसान पहुंचाया है, जबकि वे स्वयं को सामाजिक न्याय का पैरोकार बताते हैं। बिहार ने असाधारण व्यक्तित्व वाले डा. राजेन्द्र प्रसाद को जन्म दिया था जो राजनेताओं व आम जनता के लिए समान रूप से 'रोल माडल' हैं। लेकिन दु:ख की बात है कि वे कुछ ही लोगों के प्रेरणास्रोत हैं। इसके बजाय राज्य में अत्यधिक दयनीय नेतृत्व दिख रहा है। राजेन्द्र प्रसाद जी का जन्म बिहार के एक गांव में हुआ था, लेकिन अपने कठोर परिश्रम व प्रतिभ से वे गांव की सीमाओं से ऊपर उठे।

वे प्रतिभाशाली छात्र थे, उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री और बाद में डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। कोलकाता व पटना उच्च न्यायालयों में वे बड़े अच्छे व सफल वकील रहे। उनके अपने शब्दों में, 'मैं बहुत अमीर और विद्वान परिवार से था।' वे जल्द ही असहयोग आंदोलन में शामिल हुए तथा महात्मा गांधी के विश्वस्त साथी बन गए। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनको कई साल जेल में बिताने पड़े। वे 1934, 1935 1939 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। हिंदूवाद के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अडिग थी और वे कट्टर हिंदू थे।

राजेन्द्र बाबू पूर्णत: स्वतंत्र व दृढ़ इच्छाशक्ति वाले नेता थे। अनेक अवसरों पर उनका पंडित नेहरू से टकराव हुआ। मतभेदों की शुरुआत भारतीय गणतंत्र के जन्म के समय हिंदू कोड बिल से हुई थी। भीमराव अंबेडकर ने अक्टूबर, 1947 में संविधान सभी के समक्ष बिल का प्रस्ताव रखा और नेहरू ने इसका मजबूती से समर्थन किया। वे इस बिल को संविधान का हिस्सा बनाना चाहते थे। इसके अंतर्गत सभी हिंदुओं के लिए एक संहिता बनाई जानी थी। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में राजेन्द्र प्रसाद ने हस्तक्षेप किया। उनका विश्वास था कि समाज में धर्म अन्य बाकी चीजों जितना ही महत्वपूर्ण है तथा वे सभी भारतीयों के लिए समान नागरिक संहिता चाहते थे। पहले राष्ट्रपति चुनाव में पटेल व कांग्रेस पार्टी राजेन्द्र प्रसाद को राष्ट्रपति बनाना चाहते थे। उस समय नेहरू तत्कालीन गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के पक्ष में थे और उनको देश का प्रथम राष्ट्रपति बनाना चाहते थे। राजगोपालाचारी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' में हिस्सा नहीं लिया था और इसलिए वे कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं में लोकप्रिय नहीं थे। नेहरू की तुलना में पटेल व राजेन्द्र प्रसाद की संगठन पर ज्यादा मजबूत पकड़ थी। कांग्रेस ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में राजेन्द्र प्रसाद को चुना। संविधान सभा ने सर्व सम्मति से उनको भारत का पहला राष्ट्रपति बनाया।

एक और असहमति तत्कालीन भारतीय राष्ट्रपति के रूप में राजेन्द्र प्रसाद को सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन का आमंत्रण था। नेहरू ने राष्ट्रपति को सलाह दी कि 'इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में न शामिल हों क्योंकि दुर्भाग्य से इसके अनेक प्रभाव होंगे।' राजेन्द्र प्रसाद ने नेहरू की सलाह को अनदेखा कर कहा, 'यदि मुझे आमंत्रण मिले तो मैं एक मस्जिद या चर्च के मामले में भी यही करूंगा।' स्वतंत्रता आंदोलन तथा भारतीय लोकतंत्र को स्थिर बनाने में प्रथम राष्ट्रपति का असाधारण योगदान है। उन्होंने पूरी गंभीरता से संविधान सभा की कार्यवाहियों में हिस्सा लिया तथा भारतीय संविधान की सर्व सम्मति से स्वीकार्यता में सहायता की। डा. राजेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रपति भवन में निवास के 12 लंबे वर्षों में अच्छी लोकतांत्रिक परंपरायें स्थापित कीं। वे सरल, सहज, सादगी से रहने वाले तथा मानवतापूर्ण व गरिमापूर्ण व्यवहार करने वाले थे। संभवत: डा. राजेन्द्र प्रसाद भारत के महानतम राष्ट्रपति रहे हैं।

ओबीसी राजनीति के उभार ने समृद्ध बिहार का राजेन्द्र बाबू का सपना तोड़ दिया। लालू यादव, नीतीश कुमार व अनेक अन्य जाति-आधारित नेताओं ने व्यवस्थित रूप से उनके राज्य को नष्ट किया है। विकास के फर्जी वादों और सामाजिक न्याय के विकृत सपनों ने पिछड़े वर्गों की महत्वाकांक्षायें बढ़ा दीं जिनके चलते राज्य की व्यवस्था पूरी तरह नष्ट हो गई। जातिवादी राजनीति ने विभिन्न जातियों के अनेक 'राबिनहुड' बिहार के कई जिलों में पैदा कर दिए, जिसके कारण हालिया समय में बिहार से अन्य राज्यों को सबसे बड़ा पलायन देखने में आया है। रोजगार के अवसर गायब हुए हैं तथा बिहारी गरिमा को बाहर सुदूर क्षेत्रों में शरण लेनी पड़ी है। यह अलग बात है कि बड़ी संख्या में बिहारियों को भारत तथा भारत के बाहर सफलता मिली, पर अपनी मातृभूमि छोड़ने का कष्ट उनको आज भी सता रहा है।

बिहार का स्वर्णयुग श्रीकृष्ण सिन्हा के कार्यकाल में दिखा। श्री बाबू के नाम से लोकप्रिय राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री ने 1946 से 1961 तक शासन किया। डा. राजेन्द्र प्रसाद के साथ मिल कर श्रीकृष्ण सिन्हा को 'आधुनिक बिहार का निर्माता' कहा जाता है। जब वे जनता को संबोधित करने के लिए उठते थे तो उनको सिंह जैसी गर्जना के कारण 'बिहार केसरी' के रूप में भी जाना जाता था। लेकिन विडंबना है कि हिंदी हृदय प्रदेश में लोग वोट देने के बजाय अपनी जाति को वोट देते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब इस ब्रांड के मजबूत नेता नहीं रहे। राम मनोहर लोहिया के रास्ते पर चलते हुए वे भी मंडल के झंडाबरदार रहे हैं। कुर्मी जाति के ये नेता ओबीसी नेताओं की दूसरी कतार में हैं। अपने पूर्व कार्यकालों में उन्होंने निचली जातियों के सशक्तीकरण के लिए काम किया तथा सामाजिक रूप से विशिष्ट मतदाताओं में भी आकर्षण होने के कारण उनको 'विकास पुरुष' के रूप में छवि बनाने का अवसर मिला।

मंडल आयोग ने ओबीसी का ध्रुवीकरण कर दिया जिससे वे अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट हो गए। इसी युग में लालू प्रसाद यादव बिहार में राजनीतिक नायक के रूप में उभरे। यह बिहार के लिए परिवर्तनकारी समय सिद्ध हुआ। लोहिया के अनुसार, भारत में वर्ग के बजाय जाति स्तरीकरण की मूल इकाई है। इस विकृत दर्शन ने बिहार को विकलांग बना दिया, जाति ने योग्यता को कुचल दिया तथा राज्य की राजनीति, नौकरशाही, न्यायपालिका व मीडिया में संस्थानों का समग्र रूप से पतन हुआ। ये संस्थान 'जातीय अफीम' के जहर के शिकार हो गए। इसके बाद आए जेपी आंदोलन ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था को नष्ट कर दिया। जेपी ने विश्वविद्यालयों व कालेजों को लक्ष्य बनाया जिसके परिणामस्वरूप नौजवानों ने शिक्षा की अनदेखी की तथा वे बेलगाम व गुंडागर्दी की राजनीति में शामिल हो गए।

निष्पक्ष दृष्टिकोण से देखें तो कुछ राजनीतिक परिवारों को छोड़ कर पिछड़े समूहों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए नौकरशाही के दरवाजे खुल गए हैं या वे जातीय पदानुक्रम के कारण गरीब परिवारों से आते हैं। लेकिन नवंबर, 2014 में जारी 'नौकरशाही प्रतिनिधित्व रिपोर्ट' के अनुसार केन्द्रीय उच्च नौकरशाही में उनकी संख्या 10 प्रतिशत से भी कम है। लेकिन मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से राजनीतिक क्षेत्र में स्थितियां सुधरी हैं। स्वतंत्रता के बाद पहले चार-पांच दशक में पिछड़ी जातियों का व्यवस्था में असर नहीं था, लेकिन मंडल आयोग आने के बाद उनका स्थानीय संस्थाओं से लेकर विधानसभाओं व संसद तक में असर बढ़ा है। लेकिन जाति-आधारित राजनीति का प्रशासन की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। अपने समुदाय के किसी व्यक्ति द्वारा हितों की रक्षा से मनोवैज्ञानिक सशक्तीकरण एक सीमा तक हुआ है। लेकिन प्रशासन की गुणवत्ता पर इसका बुरा असर हुआ है और बिहार में यह स्थाई महामारी बन गया है। लोकतंत्र में सबको समृद्ध होने का अधिकार है और गरीबों में सबसे गरीब को राज्य में गरिमापूर्ण ढंग से प्रतियोगिता का समान मंच मिलना चाहिए।

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद के शब्दों में 'लक्ष्यों को प्राप्ति की दिशा में हमारे साधन भी लक्ष्यों की तरह पवित्र होने चाहिए।' बिहारियों की वर्तमान पीढ़ी को दृढ़ प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि वह डा. राजेन्द्र प्रसाद के आदर्शों को अपने भीतर समाहित करेगी। वर्तमान समय में उनकी विचारों के विपरीत का अर्थ अयोग्य, जातिवादी, भ्रष्ट, माफिया व स्वार्थी राजनेताओं द्वारा नेतृत्व है। समय आ गया है कि बिहार में रहने वाले लोग अपना गंभीर आत्मावलोकन कर देखें कि वे यथास्थिति चाहते हैं या परिवर्तन पसंद करेंगे। इसमें राजेन्द्र बाबू की विरासत हमारी सहायता कर सकती है।

# अपने बनाए जाल में फंसे शी जिनपिंग

**गुईन डायर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



लंबे समय बाद चीन को कोरोना वायरस पर नियंत्रण की अपनी रणनीति के खिलाफ जनता का भारी विद्रोह देखते हुए पीछे हटना पड़ा है। ऐसा लगता है कि शी जिनपिंग शून्य कोविड नीति के मामले में अपने ही बनाए जाल में फंस गए हैं। लेकिन चीन में अब भी बड़ी संख्या में कोविड संक्रमित सामने आ रहे हैं। इस स्थिति से बचने का एक उपाय है कि शी जिनपिंग को जनता के प्रति विनम्रता अपनानी होगी और अत्यधिक प्रभावी एमआरएनए टीकों की कई अरब खुराक आयात करनी होगी।

पीपुल्स डेली अखबार ने पिछले सप्ताहांत में सरकार की 'शून्य कोविड' नीति के बड़े पैमाने पर हुए सार्वजनिक विरोध के बाद चीन में जोर देकर कहा था, ''हमारी कोविड-19 नीति वैज्ञानिक रूप से सबसे प्रभावी, सबसे किफायती और सर्वोत्तम परिणाम देने वाली है।'' राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मानें तो वह और भी अधिक मुश्किलों में आने वाले हैं।

प्रदर्शन अपने पैमाने और साहस के स्तर पर अभूतपूर्व थे। झिंजियांग के सुदूर प्रांत में लॉकडाउन से संबंधित दस मौतों के बाद समूचे चीन के बारह शहरों में वे अनायास फूट पड़े। छात्रों से लेकर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों तक सभी प्रकार के लोगों ने उनमें भाग लिया। कुछ लोगों ने शी और कम्युनिस्ट पार्टी को सत्ता से हटाने की भी मांग की। इसका मतलब यह नहीं है कि सत्ता ढहने के कगार पर है। अंतहीन लॉकडाउन और परिणामस्वरूप आय के नुकसान पर जनता का गुस्सा प्रबल है, लेकिन शासन की निगरानी तकनीक उत्कृष्ट है। पिछले सप्ताहांत में अपेक्षाकृत कम आधिकारिक हिंसा हुई।

शी की समस्या यह है कि प्रदर्शन शायद फिर से होंगे और बढ़ भी सकते हैं, क्योंकि लंबे समय तक बड़े पैमाने पर सामूहिक अलगाव और तालाबंदियां एक गैर-राजनीतिक मुद्दा है जो सरकार की नीति के खिलाफ लगभग हर किसी को एकजुट कर सकता है। या बल्कि, शी की व्यक्तिगत नीति के खिलाफ जा सकता है, क्योंकि उन्होंने जानबूझकर जीरो-कोविड को कार्यालय में अपने समय की सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में चित्रित करने के लिए चुना है। महामारी के पहले वर्ष में यह समझ में आया था, क्योंकि चीन के अथक लॉकडाउन और बड़े पैमाने पर परीक्षण अभियानों ने तब बहुत से लोगों की जान बचाई थी। चीन में कुल 1.4 अरब की आबादी में से लगभग 5,000 मौतें कोविड से संबंधित रही हैं।

शी और उनके प्रचारकों ने स्वाभाविक रूप से इस प्रतिफल को प्रमाण के रूप में इस्तेमाल किया कि चीनी चिकित्सा और चीनी राजनीतिक व्यवस्था दोनों अपने पश्चिमी समकक्षों से बेहतर थे। क्या उन्हें यह भी पता था कि जीरो-कोविड नीति केवल अंतराल को बढ़ने से रोकने वाला उपाय हो सकती है जब तक कि प्रभावी टीके विकसित नहीं हो जाते, मगर ये स्थायी समाधान कभी नहीं होते?

उनके वैज्ञानिकों ने उन्हें यह बताने की कोशिश की होगी, लेकिन किसी तरह उन्होंने संदेश को स्वीकार नहीं किया। वहां एक टीकाकरण कार्यक्रम मौजूद था, लेकिन बहुत कठोर नहीं था-और शी कोविड वायरस को पूरी तरह से खत्म करने की कल्पना के पीछे भागते रहे। वह एक जाल में फंस गये हैं, लेकिन इस जाल को उन्होंने खुद बनाया है।

राष्ट्रपति जो बाइडेन के मुख्य चिकित्सा सलाहकार, डॉ एंथनी फौसी ने स्पष्ट किया है, ''लॉकडाउन हमेशा एक अस्थायी घटना होनी चाहिए, दीर्घकालिक रणनीति नहीं।'' लगभग तीन वर्षों तक उन्हें ''बिना किसी उद्देश्य या अंतिम लक्ष्य के'' जारी रखना सरासर मूर्खता है। इसके अलावा, शी इस बात से अनजान नजर आए हैं कि कोविड वायरस समय के साथ और अधिक संक्रामक होता जा रहा है।

ओमिक्रॉन वेरिएंट के नवीनतम संस्करण, जो पहली बार एक साल पहले सामने आए थे, को लेकर अनुमान है कि यह 2020 के अंत में वुहान में दिखाई देने वाले मूल वायरस की तुलना में दस गुना अधिक संक्रामक है। देश के भीतर और बाहर यात्रा पर कठोर प्रतिबंधों के कारण, वे संस्करण अभी तक चीन नहीं पहुंचे हैं। लेकिन चीनी आबादी इतनी खराब तरीके से सुरक्षित है कि अगर वे आते हैं तो एकमात्र विकल्प होगा कि अर्ध-स्थायी राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन हो या पूरे देश के पैमाने पर बड़े पैमाने पर लोगों की मौत होगी।

चीन में बने टीके वायरस के पिछले वेरिएंट के खिलाफ केवल 70 प्रतिशत प्रभावी हैं, और हाल के ओमिक्रॉन संस्करणों के खिलाफ तो बिलकुल ही अप्रभावी हो सकते हैं। बुजुर्ग विशेष रूप से कमजोर होते हैं : 80 से अधिक उम्र के केवल 40 प्रतिशत लोगों ने ही एकाध बूस्टर शॉट लिया है। पिछले मार्च में नेचर मेडिसिन में प्रकाशित एक लेख में अनुमान लगाया गया था कि वर्तमान परिस्थितियों में कोविड-शून्य लॉकडाउन और क्वारंटाइन को समाप्त करने से अस्पतालों पर दबाव बढ़ सकता है, क्योंकि वर्तमान में उपलब्ध बिस्तरों की तुलना में 15 गुना अधिक लोगों को अस्पताल के बिस्तरों की आवश्यकता होगी। इसने लगभग 1.5 मिलियन मौतों की भविष्यवाणी की थी। यह अभी भी अमेरिकी रिकॉर्ड की तुलना में कहीं बेहतर परिणाम होगा, लेकिन प्रकरण में इतनी देर से एक साथ पहुंचना, जब दुनिया के बाकी हिस्सों में लंबे समय से तालाबंदी और सामूहिक मौतें हो रही हैं, यह शी जिनपिंग के लिए राजनीतिक आपदा का कारण बन सकता है। और शायद कम्युनिस्ट शासन के लिए भी। निकलने का एक रास्ता है। सबसे पहले, शी को विनम्रता से काम लेना होगा और अत्यधिक प्रभावी एमआरएनए टीकों की कई अरब खुराक का आयात करना पड़ेगा। इसके लिए कहें तो छह महीने लगेंगे।

फिर उन्हें नफरत भरे लॉकडाउन और एकांतवासों से संबंधित उभरते संक्रमणों को नियंत्रित करना होगा, और अधिकतम संभव स्तर पर जनाक्रोश को नियंत्रित करना होगा, जब तक कि आबादी के एक बड़े हिस्से को ठीक से टीका नहीं लगाया जाता है - कहें कि अगले छह से बारह महीने तक। फिर, 2024 में किसी समय, वह प्रतिबंधों में ढील दे सकते हैं और चीनियों को शेष विश्व से पुन: जुड़ने दे सकते हैं। यह रणनीति आस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के लोगों के लिए काम आई थी, जिन्होंने, जैसे ही अधिकांश लोगों को उनके (आयातित) एमआरएनए टीके मिले, वैसे ही बड़े पैमाने पर लॉकडाउन समाप्त कर दिया। यदि शी ऐसा करने की शर्मिंदगी सहन नहीं कर सकते हैं, तो वे जुआ खेल सकते हैं कि एक प्रभावी चीनी एमआरएनए टीका जल्द ही उपलब्ध हो जाएगा। अनेक टीके विकास की प्रक्रिया में हैं, और एक टीका कथित तौर पर चरण 3 के नैदानिक परीक्षणों में प्रवेश करने वाला है। लेकिन अगर वह उस पर दांव लगाते हैं और यह जल्द ही तैयार नहीं होने वाला है, तो जीवन भर के लिए हासिल मौजूदा राष्ट्रपति की उसकी नई हैसियत एक दु:स्वप्न बन जाएगी। कोविड संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। चीन में कोविड संक्रमण को न रोका गया तो जनता के विद्रोह का कारण और मजबूत हो जाएगा और यह चीन सरकार की अन्य नीतियों के खिलाफ व्यापक विद्रोह में बदल सकता है। यह स्थिति चीन सरकार के लिए अभूतपूर्व संकट पैदा कर सकती है।

## आप की बात

### ईरानी जनता की विजय

**ईरान** में सख्त महिला ड्रेस कोड का उल्लंघन करने पर महसा अमिनी की गिरफ्तारी और पीट कर मार डालने के बाद हिजाब के खिलाफ करीब दो माह से सरकार के विरुद्ध बढ़ते हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए सरकार ने अपनी ''नैतिकता पुलिस'' को भंग कर दिया है, साथ ही वहां की सरकार इस कानून पर विचार करने के लिए तैयार भी हो गई है। स्मरण रहे हिजाब संस्कृति को वहां के राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने 2006 में ''नैतिकता पुलिस'' (मार्गदर्शन गश्ती दल) स्थापित किया था। जिसका अब वहीं की सरकार को जबरदस्त विरोध झेलना पड़ा, इस दौरान सैकड़ों लोगों सहित अनेक बच्चे मारे गए। आखिर अंत में उस पर गंभीरता से विचार करने हेतु विवश होना पड़ा। हालांकि, अभी यह कहना उचित नहीं होगा कि ईरान का कट्टरपंथी इस्लामी शासन महिला अधिकारों व आम जनता के अन्य अधिकारों के मामले में कहां तक सहज स्थितियां अपनाता है। लेकिन यह निश्चित रूप से ईरानी जनता की विजय तथा भारत में ऐसे कट्टरपंथियों के लिए सबक है जो अपनी हर सनक को पवित्र कुरान पर थोपना का प्रयास करते हैं। हिजाब उनमें से एक है जिसे बच्चियों पर थोपा जा रहा है।

**महेश नेनावा**, इंदौर

### विश्व मृदा दिवस

**5 दिसंबर** को दुनियाभर में मृदा दिवस मनाया गया। जमीन अपनी ऊपरी मिट्टी को तेजी से खो रही है। भारत में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 29 प्रतिशत यानी करीब 96 मिलियन हेक्टेयर से अधिक का क्षरण हुआ है। दुनियाभर में मिट्टी की उर्वरता खोने के मामले में 40 फीसदी तक गिरावट बढ़ गई है। इससे वैश्विक जीडीपी का लगभग आधा हिस्सा खतरे में है। इसके अलावा मिट्टी से लगातार ऑर्गेनिक कार्बन कम हो रहा है। लगातार घट रहे ऑर्गेनिक कार्बन से उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो कुछ सालों में विश्व भर में खाद्यान्न का संकट गंभीर हो जाएगा। यदि अगले 60 वर्षों में जमीन की उर्वरता नष्ट हो जाएगी तो मानव जाति का जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा दुनिया भर के किसान उर्वरकों का और कीटनाशकों का इतना ज्यादा उपयोग कर रहे हैं कि मिट्टी के साथ-साथ जल भी प्रदूषित हो रहा है इनके प्रयोग से मिट्टी की उत्पाद उत्पादकता बढ़ाने वाले कीटाणु जीव और पशु पक्षियों की कई प्रजातियां नष्ट हो गई है। मृदा दिवस पर हमें प्रकृति के अनुकूल जीवन जीने के व्यापक प्रयास करने होंगे।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम


### आरक्षण का जिन्न

**भारत** के सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सामान्य श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को कानून सम्मत करार दिया था। इसके बाद 50 प्रतिशत की सीमा स्वत: ही समाप्त हो जाती है। झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों के आरक्षण में बढ़ोतरी किए जाने के बाद अब वहां पर 77 प्रतिशत की आरक्षण व्यवस्था की जा चुकी है इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी आरक्षण की व्यवस्था को नए ढंग से परिभाषित करते हुए, 76 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू कर दी है। मेरा व्यक्तिगत रुप से मानना है कि केंद्र और राज्य सरकारों को आरक्षण बढ़ाए, जाने की जगह वर्तमान आरक्षण व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सरकारी संस्थान का निजीकरण करते हुए आरक्षण व्यवस्था यथावत लागू की जाए। सभी राजनीतिक दल अपने हिसाब से आरक्षण को बढ़ाने की वकालत करेंगे क्योंकि सबकी निगाहें 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर आकर टिक गई हैं और बहती गंगा में डुबकी लगाने को तैयारी में हैं।


**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।


## फरमाया



**भारत** हिंद महासागर में आने वाले चीनी जहाजों पर नजर रख रहा है।
**- आर. हरि कुमार**
नौसेना प्रमुख



**रूस** ने ऊर्जा क्षेत्र में भारी अस्थिरता पैदा कर सारी दुनिया को भारी नुकसान पहुंचाया है।
**- वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**हमारा** विचार लोगों को सीधे प्रशासन से जोड़ना है ताकि वे मौन तमाशबीन ही न बने रहें।
**- अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्य मंत्री

# घर में पौधे लगाने को नहीं बची जगह, छत को बगीचे में कर दिया तब्दील

## छत पर करीब पांच हजार गमलों में लगा दिए फूलों के पौधे

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल


घर की छत पर लगे फूलों के पौधे।

**घर** में पेड़-पौधे लगाने की जगह नहीं बची तो प्रकृति प्रेमी रामनिवास ने घर की छत को बगीचे में तब्दील कर दिया, जिसे देखने के लिए आसपास के लोगों के अलावा देशभर से प्रकृति प्रेमी पहुंच रहे हैं। फूल पौधों की प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाने के लिए छत पर एक नहीं पूरे पांच हजार गमलों में विभिन्न फूलों सहित सब्जियों के पौधे लगाए गए हैं। जो लोगों के लिए चर्चा का विषय बने हुए हैं। यहां आकर लोगों को सुकून मिलता है, प्रकृति से जुड़ने का एहसास होता है। प्रकृति प्रेमी रामनिवास ने बताया कि उन्हें बचपन से ही प्रकृति से बहुत प्यार रहा है, जब वे करनाल में रहने को आए तो उनके घर पर पेड़-पौधे लगाने की जगह तक नहीं थी तो उन्होंने ठान लिया कि प्रकृति से दूर नहीं जा सकता। इसी सोच को देखते हुए आठ गमलों को घर की छत पर लगाया और उनमें फूलों के पौधे लगाकर प्रकृति से जुड़ा, परिणामस्वरूप पांच हजार गमलों में विभिन्न वैरायटियों के फूल और सब्जियों के पौध लगाए। घर की छत बगीचे में तब्दील हो चुकी है। लोग सुबह शाम यहां पर आकर प्रकृति की सुंदरता को अनुभव करते हैं, जो भी यहां पर आता है। प्रकृति से जुड़ने का संकल्प लेकर जाते हैं।

उन्होंने बताया कि थकान मिटाने के लिए लोग प्रकृति की शरण में जाते हैं, जैसे पहले राजा महाराजा भी तनाव से मुक्ति पाने के लिए जंगलों में जाते थे।

प्रकृति की शरण में जाकर उन्हें अच्छा लगता था। आजकल भी वैसा हो रहा है, लेकिन इस वक्त पूरा शहर कंक्रीट के जंगल में बदल गया है। शहर में ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां पर पेड़ पौधे रोपित किए जा सके। जो लगे है, उन्हें भी विकास के नाम पर काटा जा रहा हैं। ग्रीन बेल्ट ओर बड़े पार्क को छोड़कर अन्य जगह कोई जगह नहीं है। जहां पर प्रकृति का एहसास हो। सड़कों के किनारे, घर के आगे सब कुछ कंक्रीट का हो चुका है।


इसे बदलने के लिए लोगों को घर की छत पर ही मिनी गार्डन बनाना चाहिए, इसके लिए ज्यादा परिश्रम करने की आवश्यकता भी नहीं होती। कुछ एक गमलों में फूलों के पौधे लगाए जा सकें। जो उनके लिए सुकून देने वाला होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो जो फूलों के पौधे आज दिखाई दे रहे हैं, वे आने वाले दिनों में विलुप्त हो जाएंगे। इसलिए पृथ्वी को बचाना है तो प्रकृति की तरफ मूड़ना ही पड़ेगा।

# फिर मिलने का वादा कर विदा हुए कलाकार व शिल्पकार

## सरस व शिल्प मेला हुआ संपन्न, आखिरी दिन पर्यटकों ने भारी संख्या में की शॉपिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।


महोत्सव में पर्यटकों का मनोरंजन करते कलाकार


दर्शकों को अपनी प्रतिभा दिखाते हुए कलाकार।


महोत्सव में पर्यटकों का मनोरंजन करते हुए।

**अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव-2022 ने राष्ट्र ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक पहचान बना ली है। इस महोत्सव के क्राफ्ट और सरस मेले के अंतिम दिन शिल्पकार और कलाकार विदा होने से पहले अपने स्टॉलों और घाटों पर पर्यटकों गर्मजोशी के साथ स्वागत करते नजर आए और जाते-जाते कभी अलविदा ना कहना... अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 अगले वर्ष में फिर मिलेंगे का वादा किया।

यह महोत्सव पूर्ण सुरक्षा और व्यवस्था के बीच सफल आयोजन के साथ सम्पन्न हुआ। अहम पहलु यह है कि आगामी वर्ष में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में 22 दिसंबर 2023 के दिन दीपदान कार्यक्रम होगा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2022 को यादगार और सफल बनाने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया कर्मियों और शहर का आम नागरिकों का भरपूर सहयोग मिला। सभी के सांझे प्रयासों से यह महोत्सव सफलता पूर्ण रुप से सम्पन्न हुआ। अब इस महोत्सव ने लोगों के दिलों में अपनी स्थाई पहचान बना ली है। इस महोत्सव में यह देखने को मिला कि हरियाणा ही नहीं देश के कोने-कोने से लोग शिल्पकला का दीदार करने के लिए पहुंचे है। सोशल साईटस के जरिए इस महोत्सव की झलकियां को दुनिया के कोने-कोने में बैठकर लोगों ने देखा है। इस महोत्सव का लाखों लोगों ने अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मसरोवर तट पर 19 नवंबर से 6 दिसंबर 2022 तक चले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2022 का विधिवत समापन हुआ। महोत्सव में आए शिल्पकार अगले साल फिर से आने का वादा कर रुखसत हुए। इस उत्सव में देश व प्रदेश के कोने-कोने से सांस्कृतिक कलाकारों व शिल्पकारों ने भाग लिया। यहां के लोगों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर कलाकारों का हौसला बढ़ाया। ठंड का मौसम होने के बावजूद रोजाना पर्यटकों व श्रद्धालुओं ने इस महोत्सव में आकर जमकर खरीदारी की। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश-विदेश के लाखों पर्यटकों व श्रद्धालुओं ने शिरकत की है।

### अलग-अलग राज्यों से आए हजारों कलाकारों ने दिखाए अपनी कला के रंग

**अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव-2022 में नेपाल, यूगांडा, अफ्रिका सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों कलाकारों ने 19 नवंबर से छह दिसंबर तक मुख्य मंच, हरियाणा पवेलियन, सांस्कृतिक संध्या, ब्रह्मसरोवर के घाटों पर रोजाना सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत कर पर्यटकों का मनोरंजन किया। इसके अलावा 48 कोस के 75 तीर्थों पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों व जिला स्तरीय कार्यक्रमों में भी अपनी प्रस्तुति दी है। इस महोत्सव में जहां आरती स्थल पर संध्या के समय विभिन्न नामी कलाकार अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं इसके साथ-साथ मुख्य पांडाल में सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी प्रसिद्ध सूफी गायक वडाली ब्रदर्स, कुमार विशु, गजेंद्र फौगाट, साध्वी पुर्णिमा, महावीर आदि प्रसिद्ध कलाकारों ने अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके साथ-साथ कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के कृष्णा सिक्यूएंस प्रिंस डांस ग्रुप, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र का लूर डांस, हिमाचल प्रदेश के पुलिस बैंड की हरमोनी ऑफ द पाइन्स, नागपुर के ट्रांसजेंडर ग्रुप के कलाकारों की प्रस्तुति भागीदारी देश नेपाल व भागीदारी प्रदेश मध्य प्रदेश की प्रस्तुति आदि सहित हरियाणा पैवेलियन में हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत के झरोखों को भी देखने का सुनहरी अवसर मिला।

### नगाड़ा पार्टी, बहरूपिए व कच्ची घोड़ी रही आकर्षण का केंद्र

**सांस्कृतिक** कलाकारों के अलावा नगाड़ा पार्टी, राजस्थान के बहरूपिए व कच्ची घोड़ी के साथ-साथ पंजाब से आए बाजीगर ग्रुप भी महोत्सव में आकर्षण का केंद्र रहे। बांस के डंडों को पैरो से बांधकर लम्बू बने कलाकारों ने जहां बच्चों का खुब मनोरंजन किया, वहीं विभिन्न स्थानों पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी खींचने का पर्यटकों में खुब क्रेज रहा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2022 के सफल आयोजन पर सभी पत्रकार व छायाकारों, समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं, शहरवासियों और अधिकारियों, कर्मचारियों तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तमाम लोगों के संयुक्त प्रयास से ही 19 नवंबर से छह दिसंबर 2022 तक चला यह महोत्सव सफल रहा।



## संक्षिप्त-समाचार

### सीएम ने राजिंदर वर्मा को किया सम्मानित


राजिंद्र वर्मा को सम्मानित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने धर्मनगरी की महत्ता और श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश को फिल्म 48 कोस के माध्यम से विश्व भर में प्रचारित करने हेतु लेखक निर्माता निर्देशक राजिंदर कुमार वर्मा यशबाबू को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गीता, कुरुक्षेत्र और हरियाणा के नाम को बॉलीवुड के माध्यम से विश्वभर तक पहुंचाने का काम किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। हिंदी फिल्म 48 कोस के फिल्म का पोस्टर भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ही जारी किया था। उन्होंने कहा कि जिस धरा पर हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भागवत गीता के माध्यम से समूची मानवता को एक अमर संदेश दिया था। उसी संदेश को यशबाबू एंटरटेनमेंट के मालिक राजिंदर कुमार वर्मा द्वारा फिल्म 48 कोस में माध्यम से विश्व भर में प्रचारित करने की एक सकारात्मक कोशिश की गई है। इस फिल्म में भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, गीता ज्ञान संस्थानम, भगवान श्रीकृष्ण का विराट स्वरूप और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की झलक भी फिल्म के माध्यम से दुनिया भर में बैठे लोगों को नजर आई। जब निर्माता निर्देशक राजिंदर वर्मा ने उन्हें फिल्म 48 कोस के पार्ट-2 की शूटिंग 11 मार्च 2023 से आरंभ करने की जानकारी दी, तो मुख्यमंत्री ने उन्हें फिल्म 48 कोस का पार्ट-2 बनाने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

### पुरानी पेंशन बहाली के लिए 10 को प्रदर्शन : पीबीएसएस


संपर्क अभियान के तहत रावमावि माडल टाऊन में शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मियों से मिलते समिति पदाधिकारी।

**सोनीपत।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति का संपर्क अभियान मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाऊन पहुंचा। समिति के पदाधिकारियों ने विद्यालय के एनपीएस शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारियों की बैठक की। प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान ने मांग की कि हरियाणा की गठबंधन सरकार भी कर्मचारियों की पेंशन बहाल करे। शीतकालीन सत्र में पुरानी पेंशन नीति को बहाल करने की मांग के लिए 10 दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और नेता विपक्ष को सत्र में पुरानी पेंशन बहाली का प्रस्ताव लाने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में पुरानी पेंशन बहाली का वादा करने के बावजूद गठबंधन सरकार प्रदेश के कर्मचारियों से वादाखिलाफी कर रही है, जिसको लेकर प्रदेश के कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। अगर शीतकालीन सत्र में पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती तो संघर्ष समिति 26 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर आर-पार के आंदोलन के लिए मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी गठबंधन सरकार की होगी।इस अवसर पर विद्यालय से श्रीमती उर्मिला, निहारिका, पूनम, अनिता, गीता, मोनिका, नरेंद्र, सतीश, मोहित, राजेश कुमार आदि ने अपने विचार रखे तथा सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की।

# भाजपा नेता ने अस्पताल में पहुंचकर जाना घायल व्यापारी का हाल

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत


अस्पताल में भर्ती व्यापारी से बातचीत करते राजीव जैन।

**बदमाशों** की गोली लगने से घायल किरयाणा व्यापारी कृष्ण कुमार जैन का अस्पताल में हाल-चाल जानने पहुंचे उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कराने का आश्वासन दिया है। बीती रात खुबडू रोड स्थित दुकान बंद करके घर लौट रहे किरयाणा व्यापारी से धनराशि लूटने के चक्कर में कुछ अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया था।

शहर के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सोनीपत के एक निजी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया था, चूकि गोली गर्दन के बाहर लगकर निकल गई थी, इसलिए घायल व्यापारी की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी। राजीव जैन ने घायल व्यापारी के परिजनों से भेंट कर घटनाक्रम के बारे में पूरी जानकारी ली। परिजनों का कहना था कि बदमाश मोटा कैश लूटने के चक्कर में थे। इसलिए लूटने के लिए गोली चला दी। राजीव जैन ने पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग से फोन पर बातचीत करके घटना में लिप्त दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आग्रह किया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामला रेलवे पुलिस के अधिकार क्षेत्र का है, परंतु स्थानीय पुलिस के अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है, जो रेलवे पुलिस की अपराधियों को पकड़ने में मदद करेंगे।

# लघु सचिवालय में नौ को मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जन संवाद कार्यक्रम : उपायुक्त


जन संवाद कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ बातचीत करते डीसी सिवाच।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत।

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जन संवाद कार्यक्रम नौ दिसंबर को लघु सचिवालय में आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ललित सिवाच ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पंजीकृत शिकायतकर्ता अपनी सुनवाई के लिए सुबह 08:30 बजे तक पहुंच जाएं, ताकि आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण कर व्यवस्थित रूप में सुनवाई कराई जा सके। उपायुक्त सिवाच ने आयोजन स्थल के लिए चिन्हित किए स्थल का संबंधित अधिकारियों के साथ दौरा किया।

साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने आयोजन स्थल पर मंच की स्थापना को लेकर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने शिकायतकर्ताओं तथा अधिकारियों के बैठने का स्थान और मीडिया गैलरी की अलग-अलग व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर उनके प्रस्थान तक की पूर्ण रूपरेखा पर मंथन करते हुए हर प्रकार की व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने तथा ट्रैफिक प्रबंधन और पार्किंग आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए।

# अच्छे दोस्त चाहते हैं तो दूसरों की इज्जत करें

## जावेद अख्तर और शबाना आजमी से संवाद

### जादूनामा जावेद अख्तर एक सफर के अंग्रेजी संस्करण का विमोचन

**पायनियर समाचार सेव।** नई दिल्ली



**हिंदी** फिल्मों की जानी-मानी शख्सियत जावेद अख्तर का मानना है कि यदि आप दूसरों से मोहब्बत करते हैं और उनकी इज्जत करते हैं, तो आपको जिन्दगी में निश्चित रूप से अच्छे दोस्त मिलेंगे। ज्यादातर लोग दिल से अच्छे होते हैं। यदि कुछेक खराब हैं, तो इसकी वजह सिर्फ यह है कि उनके अनुभव अच्छे नहीं रहे होंगे। हमें उन्हें इसी नजरिये से देखने की जरूरत है।

जावेद अख्तर सोमवार शाम जवाहर भवन में आयोजित कार्यक्रम में अपनी जीवनी 'जादूनामा जावेद अख्तर एक सफर' के अंग्रेजी संस्करण के विमोचन के मौके पर अपनी बात साझा कर रहे थे। देश की अग्रणी प्रकाशन कंपनी मंजुल पब्लिशिंग हाउस के इंप्रिंट एमेरिलीस ने किताब के अंग्रेजी अनुवाद का प्रकाशन किया है। लेखक अरविंद मण्डलोई की यह कृति मूल रूप से हिंदी में है, जिसे मंजुल ने प्रकाशित किया है। दो दिन पहले 'जशन-ए-रेख्ता' में इसका विमोचन भी स्वयं जावेद अख्तर ने किया था।

अंग्रेजी संस्करण के विमोचन के मौके पर अभिनेत्री शबाना आजमी, जीवनी के लेखक अरविंद मण्डलोई और अनुवादक डॉ. रक्षंदा जलील भी मौजूद थे। लेखिका और मशहूर किस्सागो केना श्री उनसे संवाद कर रही थीं। लेखक ने जिस शानदार ढंग से जावेद अख्तर के जीवन संघर्ष को शब्दों में पिरोया है, उसे देख कर जावेद अख्तर बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने इसकी कामयाबी का श्रेय उन लेखकों और शुभचिंतकों को दिया, जिन्होंने अपनी स्मृतियां साझा करके अपनी तरफसे योगदान दिया है।

लेखक अरविंद मण्डलोई ने कहा, जब मैं अपनी जाती जिन्दगी के हालात और तजुर्बे पर नजर डालता हूं, तो यह पाता हूं कि जावेद साहब की जिन्दगी भी मेरी ही जिन्दगी का एक हिस्सा है। इस तरह यह किताब अपने हिस्सेदार को उसका शुक्रिया कहने के लिए है।

किताब का अंग्रेजी में अनुवाद करने वाली डॉ. रक्षंदा जलील ने कहा, किताब की खास बात यह है कि यह सिर्फ जज्बात पर आधारित नहीं है, इसमें कोई बनावटीपन नहीं है। यह ठोस तथ्यों पर है।

# रिलायंस रिटेल के मिल्क बास्केट ने पंजाब में अपने पद्चिह्नों का किया विस्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** जलंधर।

### जलंधर के 10 प्रमुख एरिया कोड में डोरस्टेप ग्रॉसरी डिलीवरी शुरू की

**रिलायंस** रिटेल समर्थित ऑनलाइन किराना और डोरस्टेप डिलीवरी सर्विस मिल्कबास्केट ने हाल ही में जालंधर में अपनी सेवाएं शुरू की हैं। जलंधर के 10 प्रमुख एरिया कोड में उनका काम तेजी से शुरू हो गया है, जिसमें मकसूदां, मीठापुर, आदर्श नगर, अर्बन एस्टेट फेज-1 और 2, देओल नगर, सूर्या एन्क्लेव और मॉडल टाउन जैसे प्रमुख इलाके शामिल हैं।

मिल्कबास्केट भारत की पहली और सबसे बड़ी दैनिक आवश्यक माइक्रो-डिलीवरी सेवा है जो 2015 में गुड़गांव में एक ताजा दूध वितरण सेवा के रूप में शुरू हुई थी। अपने सात वर्षों के संचालन के दौरान, मिल्कबास्केट मोबाइल ऐप ने 13 से अधिक उत्पादों को कवर करते हुए 6000 से अधिक उत्पादों तक अपनी सूची का विस्तार किया। ताजी सब्जियां और फल, किराने का सामान, खाना पकाने की आवश्यक वस्तुएं, घरेलू जरूरतें, और बहुत कुछ जैसी श्रेणियां। ऐप का उपयोग करके, उपयोगकर्ता 12 (मध्यरात्रि) तक अपने ऑर्डर जोड़ या संशोधित कर सकते हैं और अगली सुबह सात बजे तक डोरस्टेप डिलीवरी प्राप्त कर सकते हैं। लॉन्च पर बात करते हुए, मिल्कबास्केट के प्रवक्ता ने कहा, मोहाली में हमारे सफल लॉन्च के बाद, हमें जलंधर में भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। समीक्षाएं आशाजनक रही हैं और हमारे ग्राहक उत्पाद की गुणवत्ता, मूल्य निर्धारण और साथ ही ग्राहक सेवा से संतुष्ट हैं। कामकाजी आबादी, विशेष रूप से कामकाजी महिलाएं, वास्तव में उस सुविधा की सराहना कर रही हैं जो अब उनके लिए उपलब्ध है।

उन्होंने कहा, हमारे लक्षित उपभोक्ता हर घर में हैं, फिर भी, वे अपने व्यवहार में काफी गतिशील और विविध हैं। हमारी योजना अब अगले साल भारत के प्रमुख टियर-1 और टियर-2 शहरों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस तरह के आराम का अनुभव कर सकें और अपने और अपने प्रियजनों के लिए अधिक समय निकाल सकें। हम जल्द ही अगले कुछ महीनों में जलंधर शहर के अन्य प्रमुख क्षेत्रों को भी कवर करेंगे। जलंधर में साइन अप करने वाले नए यूजर्स के लिए, मिल्कबास्केट मोबाइल एप्लिकेशन फिलहाल एक एक्साइटिंग शुरुआती ऑफर कोड, मिल्क15 ऑफर कर रहा है।

# मुद्रण कला कार्यशाला में सही राह पाने का रास्ता खोज सकेंगी छात्राएं

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आर्य कन्या महाविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा मुद्रण कला विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता देशभक्त विश्वविद्यालय मंडी गोविंदगढ़ पंजाब के डॉ. राहुल धीमान रहे। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य वक्ता का पौधा देकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से छात्राएं अपने अंदर की छुपी हुई प्रतिभा को कला के माध्यम से अभिव्यक्त कर सकती है।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

# आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड

( पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
रजि. & कॉर्पोरेट ऑफिसः 201-202, दूसरी मंजिल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020

## निविदा सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति की नीलामी विक्रय सूचना
आमजन तथा एवं व्यक्ति विशेष देनदारों तथा जमानती को सूचित किया जाता है कि निम्न उल्लेखित प्रत्याभूत ऋणदाता की गिरवी/प्रभारित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड ( पूर्व में एयू फाईनेंसियर्स ( इण्डिया ) लिमिटेड के नाम से ज्ञात ) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था, प्रत्याभूत ऋणदाता ''जैसे है जहाँ है'' जो भी और जैसा भी है के आधार पर विक्रय करने जा रहे है। प्रकरणों का विशेष विवरण इस प्रकार है-

| ऋणी/सह-ऋणी/जमानती/ बंधककर्ता का नाम | बकाया राशि दिनांक | 13(2) डिमांड नोटिस की राशि व दिनांक | कब्जे की दिनांक | संपत्ति का विवरण (प्रतिभूति आस्ति) | संपत्ति का आरक्षित मूल्य | संपत्ति की धरोहर राशि | निविदा खोले जाने की तिथि व समय | निविदा खोलने, जमा कराने व नीलामी का स्थान आवास फाईनेन्सियर्स लि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **कृष्णा देवी,** सुनील कुमार **खाता सं. : LNSIR01018-190104480 व LNSIR03718-190096839** | ₹ 1,017,902.67/- व ₹ 1,053,960.60/- बकाया दिनांक 05 दिसम्बर 2022 तक | 11 अक्टूबर 2021 ₹ 728184.67/- व ₹ 759321.6/- बकाया दिनांक 8 अक्टूबर 2021 | 16 जून 2022 | हाउसिंग बियरिंग सम्पत्ति टेक्स आई डी नं. एसआरएस/बी20/4911, गली नं. 3, प्रीत सागर, बेगु रोड, पेट्रोल पम्प के पास, सिरसा, हरियाणा **क्षेत्रफल 99 वर्ग फीट** | ₹ 994356/- | ₹ 99436/- | प्रातः11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 08 जनवरी 2023 | फर्स्ट फ्लोर डाबवाली रोड, पंजाब नैशनल बैंक के पास, सिरसा-125055, हरियाणा - भारत |

**निविदा की शर्तें :** 1. निविदा में सहभागिता करने हेतु इच्छुक खरीददार अपनी निविदा शाखा में उपलब्ध निविदा प्रपत्र जो कार्य दिवस के समय शाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं, में अपने द्वारा निवेदित मूल्य लिखकर सीलबंद लिफाफे में जिसके ऊपर ''टेण्डर ऑफर सम्पत्ति का विवरण'' लिखा हो के साथ उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि के चैक/बैंकर्स चैक/माँग ड्राफ्ट जो कि प्राधिकृत अधिकारी, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) के पक्ष में जयपुर में देय हो, नीलामी से पहले कार्य दिवस के दौरान आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) के उपरोक्त पते पर जमा करा कर निविदा में भाग ले सकते हैं। प्राप्त निविदाएं आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) के उपरोक्त पते पर उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। इसके पश्चात निविदाकर्ताओं के बीच खुली बोली लगवाने का विकल्प प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है। यदि बोली सफल नहीं होती है तो असफल निविदाकर्ताओं को उसी दिन धरोहर राशि लौटा दी जायेगी। 2. सफल निविदाकर्ता को 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि सहित) प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा सफल निविदाकर्ता के नाम की उद्घोषणा करने के तुरन्त पश्चात, जमा करवाना होगा तथा शेष राशि विक्रय की पुष्टि के दिन से 30 दिन के अन्दर जमा कराना आवश्यक है, अन्यथा जमा राशि बिना सूचना बैंक में जब्त समझी जायेगी। 3. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताये बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने या निविदा स्थगित करने का पूर्ण अधिकार है। निविदा जमा कराने व निविदा खोलने वाली दिनांक को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस वाले दिन होगी। 4. सम्पत्ति के निरीक्षण हेतु सम्पत्ति अथवा निविदा से संबंधित जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकर्ता, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए.यू. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) 201-202, दूसरी मंजिल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020 **जोली कुमार शुक्ला 9358824187 नोटः-** यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ताके लिए भी नियम 9(1)/8(6) के अधीन 15/30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा कि यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर ही विक्रय की जाएगी।

**दिनांकः 07.12.2022 स्थानः जयपुर**
**प्राधिकृत अधिकारी आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड**

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 07 दिसंबर, 2022



# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणवी मंडप रहा आर्कषण का केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव 2022 के के दौरान ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा तथा हरियाणा कला परिषद के द्वारा तैयार किया गया हरियाणवी मंडप महोत्सव में आर्कषण का केंद्र बना रहा। हरियाणवी मण्डप के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति की झलक दिखाते हुए रघुविंद्र मलिक द्वारा पैतृक सम्पत्ति की प्रदर्शनी लगाई गई।

प्रदर्शनी में पुराने औजार, वेशभूषा, बर्तन, सदियों पुराने ताले आदि लोगों को अपनी ओर खींचने में कामयाब रहे। वहीं प्रतिदिन मंच पर हाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दर्शकों को लुभाने में अपनी अहम भूमिका निभा रही थी। हरियाणवी मण्डप के मंच पर हरियाणा के अमित ढुल, राकेश भराणिया, सुभाष



हरियाणवी मंडप में प्रस्तुति देते कलाकार।

नगाड़ा जैसे लोक कलाकारों द्वारा जहां रागनी, नृत्य, आरकैस्ट्रा, फैशन शो आदि के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया गया, वहीं देश के अन्य राज्यों के कलाकारों ने भी मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गुजरात का डांडिया, राजस्थान का कालबेलिया, महाराष्ट्र का लावणी नृत्य भी हरियाणवी मण्डप की शान बढ़ाने में शामिल हुआ। इसके अलावा भरतनाट्यम, कत्थक नृत्य, बिरसा मुण्डा नाटक जैसी प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोहा। हरियाणवी मण्डप के नोडल अधिकारी तथा हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन की देखरेख में हरियाणवी मण्डप को लघु हरियाणा का रूप दिया गया। मण्डप में एक ओर फुलझड़ी, आभूषण, दामण, चुंदड़ी, तथा पगड़ी की स्टॉल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती नजर आई तो वहीं दूसरी ओर पुराने सिक्के, खाट, पिड्या, लकड़ी के खिलौने, लुहार तथा कुम्हार का चाक पर बर्तन बनाना भी मण्डप में आने वाले लोगों के लिए आकर्षण बना रहा। हरियाणवी मंडप का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किया गया, जिसके बाद प्रतिदिन मेहमानों का आना-जाना लगा रहा।

मण्डप में स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, सांसद नायब सैनी, महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा, खेल मंत्री संदीप सिंह, देवेंद्र बबली, मूलचंद शर्मा, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला, विधायक सुभाष सुधा, असीम गोयल, सांसद संजय भाटिया सहित यूके की उप-उच्चायुक्त रोवेट कैरोलीन ने हरियाणवी परम्पराओं का दर्शन किया। मंडप में हरियाणा के खान-पान बाजरा व मक्के की रोटी, साग, पूड़ा, घी-बूरा, कुी चावल, राजमा, बाजरे की खिचड़ी, बाकली, गुड़ का दलिया, लस्सी, चूरमा, खीर, सेवइयां, गोलगप्पे, गुड़ की चाय, नरेश का गोहाना का जलेब, शीशपाल का गाजर का हलवा, सनूज कौशल की पावभाजी तथा रोहतक के परांठे आदि के माध्यम से खान-पान का भी खूब प्रचार हुआ। हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन ने मण्डप की सफलता का श्रेय कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व हरियाणा कला परिषद के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को देते हुए बताया कि उनके अथक प्रयास से ही हरियाणा पैवेलियन गीता महोत्सव में अपनी अनूठी पहचान बना पाया है।

# अंबेडकर के शिक्षित बनो संगठित रहो आगे बढ़ो के सिद्धांत पर चलें : कविता जैन

## गरीब समाज को देश की रीढ़ की हड्डी मानते हुए बाबा साहेब ने पूरा जीवन देश व गरीबों के लिए किया कार्य

### बाबा साहब ने समाज को एक मंच पर खड़ा करने का किया काम : राजीव जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**भारत** रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर बस अड्डे के सामने स्थित अंबेडकर पार्क में भारत रत्न भीम राव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की पूर्व मंत्री कविता जैन व भाजपा नेता राजीव जैन ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि करते हुए उन्हें नमन किया। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए जिला सहित प्रदेशवासियों को डा. अंबेडकर की जयंती की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को बाबा साहब के शिक्षित बनो, संगठित रहो और आगे बढ़ो के सिद्धांत पर ही



डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा नेता।

चलना चाहिए। डॉ. अंबेडकर ने समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों को दूर करने तथा जात-पात के भेद को मिटाने में प्रमुख भूमिका अदा कर राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने गरीब समाज वास्तव में देश की रीढ़ मानते हुए हमेशा उसके उत्थान के लिए कार्य किया। उनका मानना था कि जब तक पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति विकास पथ पर आगे नहीं बढ़ेगा तक देश का उत्थान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को प्रजातंत्र दिया है और प्रजातंत्र को संविधान बनाकर नई दिशा देने का काम किया है। आज देश में हर व्यक्ति को सरकार चुनने का अधिकार है।

इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाकार राजीव जैन ने कहा कि भारत की धरती ने भीमराव अम्बेडकर जैसे बेटे पैदा किए जिन्होंने मनुष्य जाति की दशा ही बदल दी। जिनके कारण भारत का नाम विदेशों में विख्यात हुआ। उन्होंने कहा कि हमें भीमराव अम्बेडकर द्वारा दिखाए गए रास्ते पर ही आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि आज के समय समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। भीम साहेब को भारतीय संविधान का रचयिता कहा जाता है क्योंकि आज उनकी ही देन है कि हम सब देशवासी मिल जुलकर रहते है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने उस समय समाज में फैली भेदभाव की नीति को दूर कर देश को एक मंच पर खड़ा करने का काम किया।

# बाबा साहेब ने संपूर्ण समाज की महिलाओं के उत्थान के लिए किया काम : रीना वाल्मीकि



**कुरुक्षेत्र।** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 66वें महापरिनिर्वाण दिवस पर गांधी नगर गली न.1 में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षा रीना वाल्मीकि द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रीना वाल्मीकि ने कहा कि बाबा साहब के दवार बनाए गए संविधान के द्वारा ही हम महिलाओं को पुरुषों के समान बराबरी का अधिकार मिला। बाबा साहब महिलाओं के मुक्तिदाता है। उन्होंने संपूर्ण समाज की महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया। बाबा साहब ने किसी एक जाति के लिए कार्य नही किया। बाबा साहब के संविधान के कारण महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता हिमांशु अरोड़ा मुख्य रुप से पंहुचे। हिमांशु ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब की बदौलत ही आज हम सबको बराबरी का अधिकार मिला।

कांग्रेस प्रवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा बनाएं सविधान से ही ये देश चल रहा है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष निशी गुप्ता, नरेंद्र जबल, बलविंदर प्रधान गांधी नगर वाल्मीकि सभा, सुरेंदर फौजी, शेर सिंह गांधी नगर, पाला राम सिंघपुरा, पृथ्वी तुर्क, सतबीर घराड़सी, महीपाल, आशीष शर्मा, अशवनी शर्मा, नमन, रेणू मदान, राजेश सिंघपुरा, जिले सिंह लोहट, अजमेर,अजमेर पिंडारसी, संतोष गांधी नगर सहित कई नगरवासी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ड्राइंग प्रतियोगिता में खुशप्रीत कौर रही प्रथम



सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि व प्राचार्य।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाहाबाद मारकंडा की तरफ से पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल के प्राचार्य डा. आरएस घुम्मन ने मुख्यातिथि सीनियर मैनेजर जगतार सिंह गिल व गुरजिंदर सिंह का स्कूल में पहुंचने पर फूल माला डालकर स्वागत किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जगतार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का मानसिक व बौद्धिक विकास होता है और बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से खुशप्रीत कौर ने प्रथम स्थान, कक्षा आठवीं से सिमरप्रीत कौर ने द्वितीय तथा कक्षा आठवीं से वंशिका राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर प्राचार्य और मुख्य अतिथि ने विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिए। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य डा. आरएस घुम्मन ने मुख्यातिथि जगतार सिंह गिल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता ड्राइंग की अध्यापिका लीना की देखरेख में संपन्न हुई और मंच का संचालन अर्शदीप कौर ने किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, बिंदरी देवी व रितु गुप्ता सहित स्टाफ मौजूद रहा।

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक कल

**यमुनानगर।** उपायुक्त राहुल हुड्डा ने बताया कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आठ दिसंबर दिन वीरवार को प्रात: 11 बजे जिला सचिवालय के सभागार कमरा नम्बर 203 में होनी निश्चित हुई जिसकी अध्यक्षता हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री कमलेश ढांडा करेगी।

## समरस समाज के शिल्पकार थे बाबा साहेब



बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलसाना मे छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा भारत के संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विद्यालय के प्राचार्य एसएस आहूजा, मुख्य वक्ता व सभी शिक्षकों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हे नमन किया। मंच संचालन शिक्षक राजकुमार ने किया। मुख्य वक्ता छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वर्तमान में हरियाणा प्रांत विश्वविद्यालय प्रमुख सुभाष कलसाना ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक समानता और समरसता के लिए कार्य किया । उन्होंने समाज के शोषित पीड़ित वंचित वर्ग को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन बलिदान किया। विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही 6 दिसंबर बाबा साहब की पुण्यतिथि के दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाती आई है और युवाओं को बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके समरस समाज के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। वही छात्र नेता गौरव सैनी ने कहा कि भारत में समय -समय पर महापुरुष हुए जिन्होंने समाज के उत्थान लिए कार्य किए। बाबा साहेब साहेब के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य एसएस आहूजा, राजकुमार, अजमेर, सतीश कुमार, धजा राम, बहादुर सिंह मौजूद रहे।

## बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें नागरिक : एसडीएम

**यमुनानगर।** बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव को लेकर एसडीएम सुशील कुमार ने कहा कि इसके प्रति आमजन को जागरूक रहना होगा और शरीर में किसी भी तरह की समस्या होने पर जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने बताया कि दमा, सांस, हाथ पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, किडनी संबंधित समस्या, निमोनिया, थायराइड, वजन कम होना, लीवर संबंधित बीमारी, एलर्जी, पेट से जुड़ी बीमारियों, जोड़ों में दर्द आदि कोई भी लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सा केंद्र में करवाएं। उन्होंने कहा कि अब गर्मी का मौसम धीरे-धीरे बदलता जा रहा है, नागरिक इस मौसम में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पूरी सावधानियां बरतें। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक पौष्टिक भोजन करें और सुबह शाम नियमित योगा एवं ध्यान करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले परामर्श की भी अनुपालना करनी होगी।

# उद्यमी हरियाणा पुरस्कार के लिए 31 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने उन उम्मीदवारों के सम्मान के लिए उद्यमी हरियाणा पुरस्कार योजना को मंजूरी दी है, जो हरियाणा राज्य में स्थित सरकारी आईटीआई, निजी आईटीआई से आईटीआई पाठ्यक्रम पास करने के बाद उद्यमी बन गए हैं।

एक उद्यमी हरियाणा पुरस्कार प्रमाण पत्र और प्रत्येक जिला स्तर पर क्रमश: 10 हजार रुपये, 7 हजार 500 रुपये और 5000 रुपये का नकद पुरस्कार पहले तीन सर्वश्रेष्ठ उद्यमियों को हर साल गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि उक्त पुरस्कार के लिए आवेदन कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा ने उद्यमी हरियाणा पुरस्कार के लिए आवेदन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं और आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। आवेदन भरने उपरांत जिला स्तर पर राजकीय आईटीआई सोनीपत में 31 दिसंबर तक जमा किए जा सकते हैं।

उपायुक्त सिवाच ने कहा कि आवेदन अंतिम तिथि से पहले जिला मुख्यालय आईटीआई में दस्ती तौर पर जमा हो सकेंगे। आवेदक का व्यवसाय उसी क्षेत्र में होना चाहिए।

# नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर में 205 लोगों की जांच

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति की तरफ से नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन श्री गुरु रविदास धर्मशाला में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि गांव दयालनगर के सरपंच ओम प्रकाश, समाजसेवी कुलविन्दर ढकाला, सामुदायिक स्वास्थय केंद्र के डॉ. कुलदीप राज व डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति के प्रधान भूषण लाल ने बाबा डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. कुलदीप राज, डॉ. अभिषेक, नर्सिंग अधिकारी डा. ललित, एनएम सुमित्रा, आशा वर्कर नीलम रानी, नीतू, रजनीश, एच एस आई रोहित कुमार ने 205 लोगों की जांच कर दवा दी।

# सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के स्वास्थ्य शिविरों का समापन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**अंतरराष्ट्रीय** गीता समारोह में सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा स्टॉल नंबर 576 पर लगाए गए शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर स्टॉल पर समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मवीर, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, जिला प्रधान पुनीत सेतिया, कोषाध्यक्ष ऋषि पाल गोलन व जिला सह सचिव टोनी रोहिल्ला मौजूद रहे। समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि महोत्सव के दौरान 18 दिनों तक स्टॉल



बैठक के बाद जानकारी देते समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी।

पर विभिन्न शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य चेकअप कैंप, एचआईवी टेस्ट, बीपी व शुगर की जांच की गई। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक न प्रयोग करने बारे महोत्सव में आए पर्यटकों को प्रेरित किया गया और इको फ्रेंडली बैग वितरित किए। कार्यक्रमों को सफल बनाने में समिति के शाहबाद ब्लाक के प्रधान मदन लाल कथुरिया, फूल सिंह, पूनम, नरेश, सविता मदान व रेडक्रास टीम का विशेष सहयोग रहा। महोत्सव के दौरान स्टॉल पर 10 रक्तदान शिविरों के माध्यम से 222 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और 492 लोगों के एचआईवी टेस्ट किए।

# बायजूस ने लुधियाना में लॉन्च किया 'बायजूस ट्यूशन सेंटर'

पायनियर समाचार सेवा। लुधियाना

**विश्व** की 115 मिलियन रजिस्टर्ड लर्नर्स वाली अग्रणी एडटेक कंपनी बायजूस ने आज लुधियाना में 'बायजूस ट्यूशन सेंटर' के लॉन्च की घोषणा की है। बायजूस ट्यूशन सेंटर विद्यार्थियों के लिये अपने तरह का पहला व्यापक प्रोग्राम है, जो पढ़ाई के सर्वश्रेष्ठ ऑफलाइन और ऑनलाइन अनुभवों को एक साथ लाता है। लुधियाना में नये लॉन्च हुए चार सेंटर्स शहर के मध्य में और पहुंचने में आसान घूमर मंडी, दुगरी फेज-1, सुंदर नगर, सेक्टर 32-ए, जैसी जगहों पर हैं और कंपनी अगले साल तक और भी सेंटर्स खोलने की सोच रही है।

बायजूस ट्यूशन सेंटर्स कक्षा चार से 10 तक के विद्यार्थियों के लिये प्रौद्योगिकी से सक्षम नजदीकी फिजिकल ट्यूशन सेंटर्स होंगे। ये सेंटर्स 2-टीचर मॉडल के माध्यम से जुड़ाव और बेहतर परिणामों पर केन्द्रित होकर पढ़ाई का विश्व-स्तरीय अनुभव प्रदान करेंगे। लॉन्च पर बायजूस ट्यूशन सेंटर के प्रमुख, हिमांशु बजाज ने कहा, हम लुधियाना में बायजूस ट्यूशन सेंटर के लॉन्च की घोषणा करते हुए बहुत खुश हैं। यह देश भर में अपने विद्यार्थियों के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने और उनकी जरूरतें पूरी करने के लिये हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। महामारी के कारण विद्यार्थियों को ऑफलाइन और ऑनलाइन पढ़ाई के बीच आवाजाही करनी पड़ी, लेकिन बायजूस की यह नई पेशकश देशभर में विद्यार्थियों और पेरेंट्स की पेचीदा चिंताओं को दूर करेगी। बायजूस ट्यूशन सेंटर्स निजीकृत पढ़ाई की दिशा में अगला कदम हैं। यह विद्यार्थियों के लिये प्रौद्योगिकी से सक्षम फिजिकल सेंटर्स पर टू-टीचर मॉडल, प्रगति और प्रदर्शन के विश्लेषणात्मक मूल्यांकन द्वारा समर्थित शिक्षक और विद्यार्थी के सम्बंध और बायजूस के ऑनलाइन परितंत्र तक पहुंच की पेशकश करेंगे। विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को मुख्य रूप से ध्यान में रखते हुए, हमें उम्मीद है कि यह नई पेशकश एक उदाहरण बनेगी और ऐसा काम करेगी, जिससे विद्यार्थी भविष्य के लिये तैयार होंगे, क्योंकि उन्हें भविष्यगामी और अनूठा शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।''

बायजूस ट्यूशन सेंटर की पेशकश को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि उसमें विद्यार्थियों की पढ़ाई की कमियां पूरी होंगी, अवधारणाओं की समझ मजबूत होगी और नियमित अभ्यास तथा टेस्ट से पढ़ाई को मजबूती मिलेगी और विद्यार्थी परीक्षाओं के लिये तैयार होंगे। विद्यार्थियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षाओं के लिये वही शिक्षक मिलेगा, जो पढ़ाई की उनकी निजीकृत यात्रा में उनका सहयोग करेगा।

इस लॉन्च के साथ मौजूदा परिदृश्य और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार गति से बायजूस अपने विद्यार्थी-केन्द्रित दृष्टिकोण को प्रबल कर रही है और पढ़ने वालों की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर नये और नवाचारी अनुभव, उत्पाद तथा सेवाएं निर्मित कर रही है। महामारी के बाद की दुनिया में मिश्रित पढ़ाई शिक्षा का भविष्य होगी और बायजूस ट्यूशन सेंटर इस प्रारूप में नये मापदंड निर्मित कर रहा है।

# बाइक चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार चोरी की दो बाइक भी बरामद

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है, आरोपो से चोरी की दो बाइक भी बरामद हुई हैं। एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के इंचार्ज रमेंश राणा ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक बाडी माजरा नहर पुल से होता हुआ चोरी की बाइक लेकर उत्तर प्रदेश जाएगा। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक अनिल कुमार, मुख्य सिपाही राम कुमार, रणधीर सिंह, कमलजीत, अजय की एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक में आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर पूछताछ की तो उसके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ में जिसकी पहचान न्यू हमीदा कालोनी नजदीक लक्ष्मी सिनेमा वासी शुभम पुत्र धर्मेंद्र के नाम से हुई। जिस बाइक पर वह पकड़ा गया था वह बाइक उसने 16 सितंबर को खालसा कॉलेज के पास से चोरी की थीद्ब आरोपी ने पूछताछ में 26 नवम्बर को प्रोफेसर कॉलोनी से दूसरी बाइक चोरी की वारदात को कबूल किया। आरोपी से दोनों बाइक बरामद कर जेल भेज दिया।

# चढ़ूनी ने संयुक्त किसान मोर्चे को दिया 15 तक अल्टीमेटम

## लखीमपुर के निर्दोष किसानों को रिहा कराने के लिए कड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।

**भारतीय** किसान यूनियन चढ़ूनी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को एक खुला पत्र लिखा। पत्र में लखीमपुर के निर्दोष किसानों को रिहा करवाने के लिए कड़ा आंदोलन करने के बारे में कोई ठोस फैंसला लेने का आग्रह किया गया।

बातचीत में गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने बताया कि कृषि कानून रद्द करवाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में देश भर के किसानों ने 13 महीने तक जो आंदोलन चलाया था, उसमें उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में एक दुखद घटना हुई थी। घटना में उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री अजय मिश्रा और उनके पुत्र आशीष मिश्रा आरोपी थे। उस घटना में पुलिस द्वारा निर्दोष किसानों को गिरफ्तार कर लिया था और आज भी उस मामले में हमारे चार निर्दोष किसान साथी जेल में कैद हैं। चढ़ूनी ने बताया कि पिछले दिनों जेल में बंद एक किसान के परिवार ने मुझे बताया कि उत्तर प्रदेश के एक संगठन के जिला प्रधान ने बाजार ले जाने के बहाने से उसके भाई को



### संयुक्त किसान मोर्चे की बैठक में किया अनसुना

**चढ़ूनी** ने बताया कि पिछले दिनों हुई संयुक्त किसान मोर्चे की बैठक में भी उन्होंने यह सवाल उठाया गया कि लखीमपुर के निर्दोष किसानों को रिहा करवाने के लिए हमें किसी बड़े आंदोलन का ऐलान करना चाहिए, परंतु हर बार मीटिंग में मेरे सवाल को अनसुना किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि अब अगर संयुक्त किसान मोर्चा साथ नहीं देगा, तो भी मेरा संगठन भाकियू (चढ़ूनी) के साथी तन मन और धन से साथ देते हुए आर-पार का आंदोलन शुरू करेंगे।

गिरफ्तार करवाया है, जिससे मेरी आत्मा को ठेस पहुंची है।

उन्होंने कहा कि ऐसी हरकतों को अब बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने आज संयुक्त किसान मोर्चे को तीखे शब्दों में लिखा है कि मोर्चा 15 दिसंबर तक आर-पार का आंदोलन करने का कोई ठोस ऐलान करे, अन्यथा अपनी स्थिति स्पष्ट करें, ताकि भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी अपने साथियों के साथ मिल कर जेल में बंद निर्दोष किसानों को रिहा करवाने की कोशिश कर सकें। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में अगर हम कोई फैसला लेते है, तो संयुक्त किसान मोर्चा व इससे जुड़े अन्य नेता उसमें हस्तक्षेप न करें। इस मौके भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता राकेश बैंस मौजूद रहे।

### नहीं पहुंचने दिया था मुझे लखीमपुर खीरी

**चढ़ूनी** ने बताया कि किसान मोर्चा द्वारा अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए विभिन्न निर्देश दिए जाते थे, जिसे देश भर के किसान सफल बनाते थे। इसी कड़ी में भाजपा नेताओं का काले झंडे दिखा कर विरोध करने का ऐलान भी किया था। उन्होंने बताया कि इन आदेशों का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के कार्यक्रम का विरोध करने पहुंचे थे। अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा ने अपने साथियों के साथ निहत्थे व निर्दोष किसानों को अपनी गाड़ियों से रौंद कर पांच किसानों की हत्या कर दी थी व कई किसानों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसके बाद देश भर में इस नरसंहार के विरोध में रोष फैल गया और उस वक्त मैं पंजाब में था और घटना स्थल पर पहुंचने के लिए निकल पड़ा था। किंतु जैसे ही मैं पंजाब से चल कर उत्तरप्रदेश पहुंचा, तो मेरा फ़ोन टैपिंग पर होने के कारण मुझे मेरठ में पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

# एग्जिट पोल में बहुमत मिलने की संभावना से फूली नहीं समा रही गुजरात भाजपा

## दो चरणों में पड़े वोटों की गिनती आठ दिसंबर को होगी

### गुजरात विस में बहुमत हासिल करने का आंकड़ा 92 है

एजेंसी। अहमदाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की गुजरात इकाई विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए गए एग्जिट पोल में बहुमत मिलने की संभावना जताए जाने से खुश है और उसे भरोसा है कि एक बार फिर पार्टी की यहां सरकार बनेगी।

गुजरात प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता यमन व्यास ने दावा किया कि प्रदेश के चुनावी मैदान में नई दावेदारी पेश कर रही आम आदमी पार्टी (आप) को 182 सदस्यीय विधानसभा की एक भी सीट पर जीत नहीं मिलेगी। गुजरात विधानसभा के लिए मतों की गिनती आठ दिसंबर को होगी। आप द्वारा आक्रामक प्रचार और अरविंद केजरीवाल की पार्टी के लुभावने वादों के बावजूद एग्जिट पोल में पार्टी को दो से 13 सीटों पर ही जीत मिलती दिख रही है।

गुजरात विधानसभा में बहुमत हासिल करने का जादुई आंकड़ा 92 है। विधानसभा के लिए मतदान संपन्न होने के बाद जारी सभी एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत मिलता दिखाई दे रहा है और उसे 117 से 151 सीटें मिलने का पूर्वानुमान लगाया गया है जबकि कांग्रेस को 16 से 51 सीटों पर जीत मिलने की संभावना जताई गई है। व्यास ने कहा, हम शुरू से ही आश्वस्त हैं कि गुजरात की जनता हमारे साथ है और भाजपा शानदार जीत दर्ज करेगी। गुजरात की जनता हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके द्वारा गुजरात और देश में किए गए कार्यों के लिए प्यार करती है।

एग्जिट पोल के आंकड़े प्रधानमंत्री के प्रति हमारे प्रेम को प्रतिबिंबित करते हैं। हमारे जमीनी कार्यकर्ताओं ने भी जीत सुनिश्चित करने में योगदान दिया। व्यास ने कहा कि भाजपा कभी आप के गुजरात में प्रवेश करने से चिंतित नहीं हुई और उसका मानना था कि केजरीवाल के मुफ्त बिजली जैसे वादों से बाजी नहीं पलटेगी। उन्होंने कहा, मैं रिकॉर्ड पर कहना चाहता हूं कि आप को गुजरात में एक भी सीट नहीं मिलेगी क्योंकि वे जमीन पर बिल्कुल नहीं थे और केवल सोशल मीडिया के जरिए लोगों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन जनता जानती है कि भाजपा ही उनके लिए बेहतर काम कर सकती है।



### प्रदेश में भाजपा पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी: वाघेला

गुजरात प्रदेश भाजपा के महासचिव प्रदीपसिंह वाघेला ने दावा किया कि उनकी पार्टी को एग्जिट पोल के आकलन से अधिक सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा, भाजपा अपने सभी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ेगी। हमें गुजरात में पूर्व में किसी पार्टी को मिली सीटों और मत प्रतिशत से अधिक सीटें और मत मिलेंगे। वाघेला ने कहा, मतों के जरिए गुजरात की जनता ने राष्ट्रवाद और विकास की राजनीति का समर्थन किया है। हम अगली सरकार प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता और (केंद्रीय गृहमंत्री) अमित शाह के मार्गदर्शन और जनता के आर्शीवाद से बनाएंगे।

# रूस ने कीव पर लगाया उसके सैन्य अड्डे पर हमले का आरोप

**कीव।** रूस ने यूक्रेन में कई मिसाइल दागीं, जो घरों व इमारतों में जाकर गिरीं और इसके कारण कई आम नागरिकों की मौत हो गई। रूस ने उसके क्षेत्र में दो सैन्य हवाई अड्डों पर यूक्रेन द्वारा ड्रोन हमले किए जाने का आरोप लगाने के बाद यह कार्रवाई की है।

रूस में इस अप्रत्याशित हमले के बाद नौ महीने से जारी युद्ध के और तेज होने की आशंका पैदा हो गई है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी भूमि की रक्षा करने के लिए हर उपलब्ध साधन का इस्तेमाल करने की धमकी दी है। रूस, क्रीमियाई प्रायद्वीप को उसकी मुख्य भूमि से जोड़ने वाले अहम पुल पर आठ अक्टूबर को की गई बमबारी के जवाब में लगभग हर सप्ताह यूक्रेन में विस्फोट कर रहा है। पुतिन ने आंशिक रूप से मरम्मत के बाद सोमवार को यह दिखाने के लिए इस पुल पर कार चलाई कि उनका देश इस हमले से हुई शर्मिंदगी से उबर सकता है। पुतिन ने क्रीमिया पर अपने दावे को मजबूत करने के प्रयास के तहत 2018 में 19 किलोमीटर लंबे इस पुल का उद्घाटन किया था। रूस ने क्रीमिया पर 2014 में कब्जा कर लिया था।

# मोदी-मोदी के नारे लगाने वाले एक दिन महंगाई-महंगाई चिल्लाएंगेः कन्हैया कुमार

### कन्हैया ने बीजेपी पर दोहरा रवैया अपनाने का लगाया आरोप

एजेंसी। झालावाड़ (राजस्थान)



**कांग्रेस** नेता कन्हैया कुमार ने महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा और कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब मोदी-मोदी का नारा लगाने वाले महंगाई-महंगाई चिल्लाएंगे।

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए कन्हैया कुमार ने देवरीघाट में संवाददाताओं से बात की। यात्रा के दौरान छत पर खड़े कुछ युवाओं द्वारा मोदी मोदी के नारे लगाए जाने संबंधी वीडियो के वायरल होने का जिक्र करते हुए कुमार ने कहा, हम बिल्कुल चिंतित नहीं है। हम उनका स्वागत करते हैं क्योंकि हम जानते हैं कि वह दिन दूर नहीं है जब वे मोदी मोदी नहीं, महंगाई-महंगाई चिल्लाएंगे। उन्होंने कहा, हम कतई चिंतित नहीं है क्योंकि हमें पता है कि उनका मोदी है तो मुमकिन है का नारा असली बात नहीं है। असली बात यह है कि मोदी है तो महंगाई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के असल सवाल रोजी-रोटी और कपड़ा एवं मकान हैं और कांग्रेस इन सवालों के जवाब के लिए यात्रा निकाल रही है।

उन्होंने कहा, हमारा यह संकल्प है कि हर हाल में हम देश को जोड़कर रखेंगे और किसी भी स्थिति में देश को बंटने नहीं देंगे। कन्हैया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब बच्चे इस यात्रा में आते हैं तो शिकायत की जाती है लेकिन जब गुजरात में चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री मोदी खुद बच्चों का इस्तेमाल करते हैं तो कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

उन्होंने कहा, हमने गुजरात के चुनाव प्रचार के दौरान वह होते देखा जो शायद इस देश के लोकतांत्रिक इतिहास में कभी नहीं हुआ होगा। हमने देखा कि जिन पर कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी थी, वह चुनावी मंचों से खुलेआम गुंडागर्दी की भाषा बोल रहे थे। यह अपने आप में बहुत दुखद व चिंताजनक स्थिति है अगर संस्थाएं इसी तरह काम करती रहीं तो देश के लिए यह एक गंभीर सवाल है कि हम लोकतंत्र को आगे कैसे लेकर जाएंगे।

# ई-वीजा प्रणाली बहाल किए जाने का गोवा सरकार ने किया स्वागत


**पणजी।** कोविड-19 महामारी के बाद ब्रिटेन के यात्रियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वीजा (ई-वीजा) बहाल किए जाने के कदम का गोवा सरकार ने मंगलवार को स्वागत किया है क्योंकि इस कदम से तटीय राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन उद्योग के हितधारकों के अनुसार इस निर्णय से ब्रिटेन के पर्यटकों की संख्या मेंबढ़ोतरी में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत एवं पर्यटन मंत्री का इसके लिए धन्यवाद किया।

# कांग्रेस किसान इकाई प्रमुख खैरा बोले: प्रधानमंत्री एमएसपी की कानूनी गारंटी दें और अजय मिश्रा को बर्खास्त करें

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** किसान इकाई के प्रमुख सुखपाल सिंह खैरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मंगलवार को आग्रह किया कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित किया जाए और एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए।

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष खैरा ने पीएम को पत्र लिखकर यह भी कहा कि लखमीपुर खीरी हिंसा मामले को लेकर केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा को बर्खास्त किया जाए तथा विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों के परिवारों को उचित मुआवजा, नौकरी दी जाए। उन्होंने कर्जमाफी की मांग समेत किसानों से जुड़े कई अन्य विषय भी इस पत्र में उठाए। खैरा ने संवाददाताओं से कहा, देश के किसानों एवं खेतिहर मजदूरों की विकट समस्याओं के प्रति केंद्र सरकार की उदासीनता और अनदेखी के मद्देनजर अखिल भारतीय किसान कांग्रेस द्वारा आगामी नौ दिसंबर को जंतर मंतर पर रैली का आयोजन किया जाएगा।




# अदालत ने 33 सप्ताह की गर्भवती महिला को गर्भपात की अनुमति दी

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने 26 वर्षीय एक महिला को गर्भपात कराने की मंगलवार को अनुमति देते हुए कहा कि गर्भपात के मामलों में अंतिम फैसला जन्म देने संबंधी महिला की पसंद और अजन्मे बच्चे के गरिमापूर्ण जीवन की संभावना को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

महिला ने भ्रूण में मस्तिष्क संबंधी कुछ असामान्यताएं होने के कारण गर्भ को 33वें सप्ताह में गिराने की अनुमति मांगी थी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने कहा कि एक गर्भवती महिला का गर्भपात कराने संबंधी अधिकार दुनिया भर में बहस का विषय बन रहा है, भारत अपने कानून में एक महिला की पसंद को मान्यता देता है। वर्तमान मामले में याचिकाकर्ता ने भ्रूण में मस्तिष्क संबंधी विकार का पता चलने के बाद गर्भपात कराने की अनुमति मांगी है। न्यायाधीश ने महिला को चिकित्सकीय तरीके से तत्काल गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए कहा कि दुर्भाग्य से चिकित्सकीय बोर्ड ने दिव्यांगता के स्तर या जन्म के बाद भ्रूण के जीवन की गुणवत्ता पर कोई स्पष्ट राय नहीं दी और कहा कि ऐसी अनिश्चितता के कारण गर्भपात कराने की मांग करने वाली महिला के पक्ष में फैसला किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा, अंततः अदालत इस नतीजे पर पहुंची है कि ऐसे मामलों में अंतिम फैसला जन्म देने संबंधी महिला की पसंद और अजन्मे बच्चे के गरिमापूर्ण जीवन की संभावना को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। यह अदालत इस मामले में चिकित्सकीय तरीके से गर्भपात की अनुमति देती है। अदालत ने कहा, गर्भवती महिला का गर्भपात कराने संबंधी अधिकार दुनिया भर में बहस का विषय बना रहा है। यह अधिकार महिला को यह फैसला करने का हक देता है कि वह बच्चे को जन्म देना चाहती है या नहीं।



## संक्षिप्त-समाचार

### अफगानिस्तान में सड़क किनारे विस्फोट, छह की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तरी अफगानिस्तान में मंगलवार सुबह लोगों के काम पर जाने के दौरान, सरकारी कर्मचारियों से भरी एक बस के पास सड़क किनारे बम विस्फोट हुआ। विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक सदस्य ने यह जानकारी दी। बल्ख प्रांत में पुलिस प्रमुख के तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने कहा कि प्रांतीय राजधानी मजार-ए शरीफ में हुए बम विस्फोट में सात लोग घायल हो गए। बम को सड़क के किनारे एक छकड़ा गाड़ी के अंदर लगाया गया था। विस्फोट उस समय हुआ जब हिराटन गैस और पेट्रोलियम विभाग की कर्मचारियों से भरी बस वहां से गुजर रही थी। विस्फोट के लिए किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली।

### इंडोनेशिया में अब विवाहेतर यौन संबंध दंडनीय अपराध

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की संसद ने अपनी दंड संहिता में बहु-प्रतीक्षित एवं विवादास्पद संशोधन को पारित कर दिया है, जिसके तहत विवाहेतर यौन संबंध दंडनीय अपराध है और यह देश के नागरिकों तथा विदेशियों पर समान रूप से लागू होता है। एक संसदीय कार्यबल ने नवंबर में विधेयक को अंतिम रूप दिया था और सांसदों ने मंगलवार को इसे पारित कर दिया। विवाहेतर यौन संबंध का दोषी पाए जाने पर एक साल की जेल की सजा का प्रावधान है, लेकिन व्यभिचार का आरोप पति, माता-पिता या बच्चों द्वारा दर्ज की गई पुलिस शिकायत पर आधारित होना चाहिए। उसके अनुसार, गर्भनिरोधक और ईश-निंदा को बढ़ावा देना अवैध है। वहीं मौजूदा राष्ट्रपति व उप राष्ट्रपति, देश के संस्थानों और राष्ट्रीय विचारधारा का अपमान करने के कृत्यों पर प्रतिबंध को भी बहाल कर दिया गया है। संहिता के अनुसार, गर्भपात एक अपराध है, हालांकि इसमें वे महिलाएं जिन्हें गर्भ कायम रखने से उनकी जान को खतरा हो या जो बलात्कार के बाद गर्भवती हो गई हों उन्हें अपवाद माना गया है, लेकिन गर्भ 12 सप्ताह से कम का हो, जैसा कि 2004 के मेडिकल प्रैक्टिस कानून में पहले से ही विनियमित है। मानवाधिकार समूहों ने कुछ प्रस्तावित संशोधनों की व्यापक स्तर पर निंदा की और आगाह किया कि उन्हें नई दंड संहिता में शामिल करने से सामान्य गतिविधियों को दंडित किया जा सकता है।

### विरोध के बाद बीजिंग ने कोविड-19 जांच मानदंडों में दी ढील

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सख्त शून्य-कोविड नीति के खिलाफ अभूतपूर्व सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार को लगभग दो वर्षों में पहली बार चीन की राजधानी बीजिंग ने कोरोनो वायरस जांच आवश्यकताओं के लिए अपने मानदंडों में ढील दी। नई घोषणा के अनुसार, शॉपिंग मॉल, सुपरमार्केट, वाणिज्यिक भवनों और आवासीय परिसरों में प्रवेश करने के लिए अब न्यूक्लिक एसिड परीक्षण के नकारात्मक परिणाम की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, बीजिंग के निवासियों को अब भी रेस्तरां, स्कूल, बार, इंटरनेट कैफे, इनडोर गेमिंग स्टेडियम, नर्सिंग होम, कल्याण सुविधाओं, अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश करने के लिए 48 घंटों के भीतर कोविड-19 की रिपोर्ट दिखाने की आवश्यकता होगी, जिसमें उनके संक्रमित नहीं होने की पुष्टि हो। यह घोषणा देश के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन के लिए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) द्वारा यहां आयोजित स्मारक बैठक से पहले की गई थी। जेमिन का 30 नवंबर को निधन हो गया था। बीजिंग में कोविड-19 के बड़ी संख्या में मामले सामने आ रहे हैं। शहर में सोमवार को 2,260 कोविड संक्रमण की सूचना मिली। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने मंगलवार को कहा कि चीनी मुख्य भूमि ने सोमवार को 4,988 स्थानीय रूप से प्रसारित पुष्ट कोविड मामलों और 22,859 स्थानीय संक्रमणों की सूचना दी।

### तरनतारन में दो किलो हेरोइन के साथ ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पंजाब के तरनतारन जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक गांव से एक ड्रोन और दो किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। ये बीते कुछ दिनों में चौथा मामला है। अधिकारियों ने यह जानकारी मंगलवार को दी। जवानों ने सोमवार रात 8:56 बजे पाकिस्तान की तरफ से एक ड्रोन की आवाज तब सुनी, जब वह कालिया गांव के ऊपर उड़ रहा था। अधिकारियों ने कहा कि कर्मियों ने उस दिशा में गोलीबारी की और तलाशी के दौरान पीले रंग की प्लास्टिक की थैली में लिपटी 2.47 किलो हेरोइन बरामद की। जवानों ने मंगलवार सुबह एक और तलाशी अभियान चलाया, जिसके दौरान उन्हें टूटा हुआ ड्रोन खेत में पड़ा मिला।

# उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन ले जाने पर लगेगी रोक

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन शहर में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के दर्शनार्थियों को 20 दिसंबर से सुरक्षा कारणों से परिसर के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी, जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय किया गया। बैठक के बाद सिंह ने बताया कि सुरक्षा कारणों से 20 दिसंबर से मंदिर के अंदर मोबाइल फोन लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि होटल और ठहरने के अन्य स्थानों पर यह सूचना लगाने का निर्देश दिया गया है ताकि श्रद्धालु बिना मोबाइल फोन के मंदिर पहुंचे। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसके अलावा कई अन्य फैसले भी मंदिर प्रबंधन की ओर से लिए गए।

# मथुरा: शाही ईदगाह मस्जिद की ओर जा रहा हिंदू महासभा नेता गिरफ्तार

**मथुरा (उत्तर प्रदेश)।** बाबरी विध्वंस दिवस पर मंगलवार को लड्डू गोपाल का जलाभिषेक और हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर स्थित शाही ईदगाह मस्जिद की ओर जाने की कोशिश कर रहे हिन्दू महासभा के आगरा प्रभारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि शाही ईदगाह में लड्डू गोपाल का जलाभिषेक और हनुमान चालीसा का पाठ करने की हिंदू महासभा की घोषणा के मद्देनजर मस्जिद की तरफ जाने का प्रयास कर रहे महासभा की आगरा इकाई के प्रभारी सौरभ शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिंह ने बताया कि उनके अलावा सोमवार को हिंदूवादी संगठनों के सात-आठ अन्य नेताओं को भी अलग-अलग थाना क्षेत्रों में स्थित उनके आवासों पर नजरबंद किया गया है।

# डोभाल ने मध्य-एशिया के अपने समकक्षों के साथ की बैठक

एजेंसी। नई दिल्ली

### आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर की विस्तार से चर्चा



**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने मंगलवार को कहा कि वित्तीय सहायता आतंकवाद की जड़ है और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने को अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

डोभाल ने प्रमुख क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एक समान ढांचा विकसित करने के मकसद से मध्य-एशियाई क्षेत्र के अपने समकक्षों की मंगलवार को मेजबानी करते हुए यह बयान दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की भारत-मध्य एशिया बैठक की शुरुआत करते हुए अपने संबोधन में डोभाल ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरए) परियोजना के संदर्भ में कहा, संपर्क परियोजनाओं का विस्तार करते समय, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सभी देशों की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के मद्देनजर संपर्क कायम करने के कदम पारदर्शी हों व परामर्श तथा भागीदारी से उठाए जाएं। डोभाल ने मध्य-एशिया को भारत का विस्तारित पड़ोसी करार देते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तााान एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसे लेकर सभी चिंतित हैं।

डोभाल ने अफगानिस्तान सहित क्षेत्र में आतंकवाद की चुनौतियों से निपटने के लिए एक समान ढांचा विकसित करने और जनवरी में हुए पहले भारत-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन में किए गए फैसलों के साथ समग्र सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान देने के मकसद से सम्मेलन की मेजबानी की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि बैठक अंतरराष्ट्रीय संबंधों में उथल-पुथल और भविष्य को लेकर कायम अनिश्चितता के बीच हो रही है। डोभाल ने कहा, आज की बैठक, इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें उन मामलों पर चर्चा करने का अवसर देती है जिनके लिए क्षेत्रीय देशों के बीच अधिक सहयोग व समन्वय की आवश्यकता है।

# सपा सदस्यों ने किया विधानसभा में हंगामा, कार्यवाही की बाधित

एजेंसी। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी (सपा) सदस्यों ने रामपुर विधानसभा उपचुनाव में प्रशासन पर मतदाताओं को वोट डालने से रोककर लोकतंत्र को शर्मसार करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को विधानसभा में हंगामा किया। इसकी वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

हालांकि राज्य सरकार ने सपा सदस्यों के इन आरोपों से इनकार किया। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सपा सदस्य मनोज पांडेय ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि सोमवार को हुए विधानसभा उपचुनाव में लोकतंत्र को शर्मसार किया गया और लोकतंत्र की हत्या की गई, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद पांडेय तथा अन्य सदस्य सदन के बीचों बीच आ गए और आरोप लगाया कि रामपुर में प्रशासन ने सरकार के इशारे पर उपचुनाव में मतदाताओं को वोट नहीं डालने दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने लोगों को मारा-पीटा ताकि वे वोट डालने के लिए घर से बाहर ना निकलें। इस दौरान सदन में सपा और विपक्ष के नेता अखिलेश यादव और पार्टी विधायक शिवपाल सिंह यादव मौजूद नहीं थे। हालांकि संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रामपुर में पुलिस की कार्रवाई को जायज ठहराते हुए कहा कि जो भी कार्रवाई की गई है, वह कानून के दायरे में रहकर की गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन में हंगामा कर रहे सपा सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर लौटने का आग्रह किया, मगर शोर शराबा थमता न देख उन्होंने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

# तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता गोखले को हवाई अड्डे से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मंगलवार को दावा किया कि गुजरात पुलिस ने उसके प्रवक्ता साकेत गोखले को गिरफ्तार कर लिया है। पार्टी ने इस गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध के तहत की गई कार्वाई बताया।

तृणमूल के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने ट्वीट करके बताया कि गिरफ्तारी किन परिस्थितियों में की गई। ओ ब्रायन ने दावा किया कि गोखले ने सोमवार को रात नौ बजे नई दिल्ली से जयपुर के लिए उड़ान भरी, लेकिन वह जब जयपुर उतरे तो गुजरात पुलिस राजस्थान के हवाई अड्डे पर उनका इंतजार कर रही थी। उन्होंने दावा किया कि सोमवार रात दो बजे गोखले ने अपनी मां को फोन किया और बताया कि पुलिस उन्हें अहमदाबाद ले जा रही है और वह दोपहर तक वहां पहुंच जाएंगे।

## संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, विपक्षी दलों ने सुझाव देते हुए कहा

# संसद में महंगाई, बेरोजगारी, कॉलेजियम जैसे मुद्दों पर करेंगे चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली

### सत्र से पहले हुई इस बैठक में करीब 31 दलों ने लिया हिस्सा

**संसद** के शीतकालीन सत्र में विपक्षी दलों ने महंगाई, बेरोजगारी, चीन से लगी सीमा की स्थिति, कॉलेजियम के मुद्दे से जुड़ा विषय, केंद्र राज्य संबंध एवं संघीय ढांचे का विषय एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण पर अदालती फैसले सहित कुछ अन्य मुद्दों को उठाने एवं चर्चा कराने के लिए पर्याप्त समय देने की मांग की है।

संसद सत्र से पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, बीजद, आप सहित 31 दलों के सदन के नेताओं ने हिस्सा। सरकार ने बैठक में आश्वस्त किया कि वह लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की अनुमति से नियमों के तहत विपक्ष के उठाए मुद्दों पर चर्चा कराने को तैयार है। बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, देश में आज मुद्दे ही मुद्दे हैं और विपक्ष सदन में चर्चा और सिर्फ चर्चा करना चाहता है। ऐसे में चर्चा के लिए पर्याप्त समय देकर सरकार को सदन में कामकाज का माहौल तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में मुद्दों की लम्बी सूची है जिसमें महंगाई और बेरोजगारी प्रमुख हैं। इसके साथ ही कॉलेजियम के विषय पर सरकार और न्यायपालिका के बीच जो स्थिति पैदा हुई है, वह भी एक विषय है।



चौधरी ने कहा कि सरकारी प्रतिष्ठानों का कथित दुरुपयोग, केंद्र राज्य संबंध एवं संघीय ढांचे पर आघात से जुड़ा भी विषय है, जिसे हम उठाना चाहेंगे। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हमने विभिन्न दलों के सदन के नेताओं के साथ सत्र में उठाए जाने वाले विषयों के बारे में विस्तृत चर्चा की और उन्हें प्रारंभ में ही बता दिया कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की अनुमति से नियमों के तहत उनके उठाए मुद्दों पर चर्चा कराने को सरकार तैयार है। उन्होंने कह कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में हम इन मुद्दों पर चर्चा करेंगे। हम नियमों के तहत चर्चा कराने को पूरी तरह तैयार हैं।

### संसद सत्र का कार्यक्रम तय करते वक्त त्योहारों का रखा जाए ध्यान

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार को संसद सत्र का कार्यक्रम तय करते समय क्रिसमस सहित त्योहारों का ध्यान रखना चाहिए, हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि वह शीतकालीन सत्र की अवधि में कटौती की मांग नहीं कर रहे हैं। संसद सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद चौधरी ने संवाददाताओं से कहा कि हमारे देश में हिन्दू और मुसलमानों के अलावा ईसाई धर्म के लोग रहते हैं और उनका त्योहार क्रिसमस देश में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार को सत्र का कार्यक्रम निर्धारित करते हुए इस त्योहार (क्रिसमस) का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव अपनी जगह है और सत्र अपनी जगह है।

### कांग्रेस ने कहा, चीनी से सटी देश की सीमा पर हो चर्चा

**कांग्रेस** नेता ने कहा कि चीन से लगी सीमा पर क्या स्थिति है, इसके बारे में हमें सही ढंग से जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सत्र के दौरान इस विषय पर भी चर्चा हो। चौधरी ने आरोप लगाया कि कश्मीर से हिन्दुओं का पलायन हो रहा है, यह भी महत्वपूर्ण विषय है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर जो वादा किया था, और भूल सुधार करने की बात कही थी, उसे पूरा नहीं किया गया। इस विषय को भी हम सदन में उठाएंगे।

# छत्तीसगढ़: जेल की दीवार फांदकर फरार हुए दो कैदी

**जशपुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में हत्या और नाबालिग से बलात्कार के आरोप में कारागार में बंद दो विचाराधीन कैदी जेल की दीवार फांदकर फरार हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिला जेल से दो विचाराधीन कैदी ललित राम और कपिल भगत सोमवार तड़के जेल की दीवार फांदकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि कैदी ललित राम पर हत्या तथा कपिल भगत पर नाबालिग से बलात्कार का आरोप है। सोमवार तड़के जेल में खाना बनाने की तैयारी शुरू की गई थी। अन्य कैदियों के साथ उन्हें भी बैरक से बाहर निकाला गया।

# एमसीडी चुनाव: प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज

## 42 केंद्रों पर होगी मतगणना, मुकाबला आप, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**नगर निगम** चुनाव के मतों की गिनती की तैयारियां पूरी कर ली गई है। बुधवार को होनी वाली मतगणना के लिए 42 केंद्र बनाए गए हैं।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी। 250 वार्डों के लिए चार दिसंबर को हुए चुनाव में 50.48 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस चुनाव में 1,349 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच है।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतगणना केंद्र शास्त्री पार्क, यमुना विहार, मयूर विहार, नंद नगरी, द्वारका, ओखला, मंगोलपुरी, पीतमपुरा, अलीपुर और मॉडल टाउन सहित क्षेत्रों में स्थित हैं। सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा

- सभी केद्रों पर कड़ी सुरक्षा, सशस्त्र पुलिस बलों की 20 कंपनियां और 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

की गई है और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 20 कंपनियां और 10,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को केंद्रों पर तैनात किया गया है। आप और भाजपा दोनों ने दावा किया है कि वे चुनाव में बहुमत हासिल करेंगे, जबकि कांग्रेस खोई हुई जमीन हासिल करने की कोशिश कर रही है। उम्मीद की जा रही है कि इस बाद राजधानी में त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। परिणाम चौकने वाले हो सकते है।




आरके पुरम मतगणना केंद्र में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई है ईवीएम।




## आप की जीत के अनुमान पर मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दी बधाई

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम चुनाव के एग्जिट पोल में पार्टी की जीत के अनुमान के बाद मंगलवार को दिल्ली वालों का आभार जताया। लोगों ने एक बार फिर आप पर विश्वास जताया है। परिणाम आने तक इंतजार करते हैं। केजरीवाल ने एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि एमसीडी में आप की होने जा रही शानदार जीत। यहां के लोगों ने पूरे देश में दिया संदेश आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी है।

## भाजपा की झूठ की राजनीति को दिया नकार : सिसोदिया

- लोगों ने केजरीवाल की कट्टर ईमानदारी को किया पसंद



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एमसीडी** चुनाव के तमाम एक्जिट पोल में आम आदमी पार्टी को बढ़त मिलने के संकेत पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि एमसीडी में आप की शानदार जीत होने जा रही है। दिल्ली के लोगों ने देश में संदेश दिया है कि आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी है। भाजपा ने उनके ऊपर झूठे आरोप लगाए और सत्येंद्र जैन को बदनाम करने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने अपने वोट से साबित कर दिया कि दिल्ली में कोई घोटाला नहीं हुआ और भाजपा के सारे आरोप झूठे, साजिश व गंदी राजनीति से प्रेरित हैं।

मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि निगम चुनाव में भाजपा ने अपने कई मुख्यमंत्री, दर्जन भर से ज्यादा केंद्रीय मंत्री उतार दिए और वो सभी केजरीवाल को गाली देते और झूठे आरोप लगाते रहे। लेकिन लोग इनके झांसे में नहीं आए। मतदाताओं ने भाजपा की बेईमानी की राजनीति को नकार दिया क्योंकि जनता जानती है कि केजरीवाल ने उनके लिए काम किए हैं। इसलिए आप को वोट डालकर जनता ने अपने दिल की बात बोल दी।

जनता का यही प्यार केजरीवाल की कट्टर ईमानदार राजनीति की गारंटी है और एमसीडी में भी केजरीवाल की सरकार लाकर जनता उसपर अपनी मोहर लगाने जा रही है। गुजरात चुनाव को लेकर सिसोदिया ने कहा कि गुजरात में आम आदमी पार्टी की धमाकेदार एंट्री होने जा रही है। गुजरात के लोगों ने बहुत प्यार दिया है।

हमारे लिए यह गर्व की बात है कि 8 दिसंबर को गुजरात के लोगों के प्यार की बदौलत आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने जा रहा है।

## आप कार्यालय में हलचल तेज भाजपा-कांग्रेस में सन्नाटा

*पायनियर समचार सेवा। नई दिल्ली*

***एमसीडी** चुनाव के नतीजों का सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच भाजपा और कांग्रेस कार्यालय में मंगलसार को सन्नाटा पसरा नजर था।*

*दोनों कार्यालय से प्रवक्ताओं के साथ पार्टियों के प्रदेश मंत्रियों और पदाधिकारी भी नजर नहीं आए। एमसीडी चुनाव के नतीजों को लेकर अलग-अलग एग्जिट पोल के सामने आने के बाद से बीजेपी के खेमे में निराशा का माहौल देखने को मिल रहा है।*

*इस बीच आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में परिणाम से से पहले मंगलवार की सुबह से ही हलचल तेज दिखी। एक के बाद एक पार्टी के कई नेता प्रदेश कार्यालय में आते और जाते दिखे। यह देखना भी काफी दिलचस्प होगा कि इस बार पिछले 2 चुनावों के मुकाबले करीब साढ़े तीन फीसद कम हुई वोटिंग का फायदा किस दल को मिलता है।*

*इस बार के इस चुनाव में आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच में सीधा और कड़ा मुकाबला है।*

*सियासी गलियारे में हाशिए पर पहुंच चुकी कांग्रेस भी मैदान में है। उसका क्या होता है, यह देखना भी रोचक होगा।*

## आजम खान मामले से सबक लें सिसोदिया : आदेश



**नई दिल्ली।** मनीष सिसोदिया के उस बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है जिसमें सिसोदिया ने भाजपा पर खुदको झूठे आरोप में फंसाने और सत्येंद्र जैन को बदनाम करने का आरोप मढ़ा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सिसोदिया से कहा कि सिसोदिया समेत अन्य आम आदमी पार्टी नेताओं को जांच ऐजेंसियों के बोले बिना ही खुद को क्लीन चिट देने की आदत है। सिसोदिया ने आज फिर वहीं किया है। गुप्ता ने सिसोदिया को हाल ही के उत्तर प्रदेश नेता आजम खाँ के मामले से सबक लेने की नसीहत दी। भाजपा नेता ने कहा कि सिसोदिया समझे कि चुनाव जीत हासिल करने से जांच एर्जेसियां उन्हे घोटालों से आरोप मुक्त नहीं करती है। गुप्ता ने कहा है की बुधवार सुबह पार्टी के प्रत्याशी अपने गिनती ऐजेंट के साथ सुबह 7 बजे तक मतगणना केंद्रों पर पहुंच कर मोर्चा समभालेंगे। उन सभी को कानूनी विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ नेताओं ने नियम समझा दिये हैं।

## जगुआर मालिक पर हत्या का मुकदमा दर्ज

- तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था, स्कूटी सवार युवती को रौंद कर ली जान



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**सेक्टर-96** में लग्जरी गाड़ी से अमीरजादों ने एक युवती की जान ले ली। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था रवि शंकर छवि भी मौजूद रहे। घटनास्थल पर चश्मदीदों के बयान के आधार पर वाहन चालक पर हत्या का मुकदमा 302 की धारा को बढ़ा दिया गया है।

साथ ही सीसीटीवी की भी मदद ली जा रही है। यह पूरी घटना थाना 39 की है। मौके पर पुलिस आयुक्त ने निर्देशित किया कि एक अभियान चलाया जा रहा है जिसमें तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। नोएडा के सेक्टर.96 में जगुआर कार टक्कर से एक युवती की मौत हो गई। युवती रविवार को कंपनी से वापस लौट रही थी। तेज रफ्तार जगुआर ने उसकी स्कूटी में साइड से टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी साइड में घिसटते हुए चली गई। गंभीर हालत में युवती को यर्थार्थ अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में स्कूटी के परखच्चे उड़ गए हैं। कार भी क्षतिग्रस्त हुई है।

## नोएडा के अट्टा बाजार की दुकान में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सबसे व्यस्त बाजार सेक्टर-18 के सामने अट्टा बाजार की एक दुकान में आग लग गई। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। आग सुबह करीब आठ बजे लगी।

चीफफायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि मेट्रो स्टेशन सेक्टर 18 के निकट लक्स टावर में ग्राउंड फ्लोर पर मुकेश कुमार पुत्र अशफ्रीस निवासी दरभंगा की राखी मिक्स एंड मैच नाम से गारमेंट की दुकान है। सुबह करीब 07:52 पर आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए फायर सर्विस की 2 गाड़ियों द्वारा आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर पुलिस कमिश्नर अलर्ट

- ग्रेटर नोएडा के परी चौक व जगत फार्म का लिया जायजा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**गौतमबुद्ध** नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एक्शन मोड में दिख रही हैं। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर का चार्ज संभालते ही ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही थी। उसी को लेकर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने परी चौक व जगत फार्म में ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया और उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव की बात कही।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने के लिए ग्रेटर नोएडा के परी चौक पहुंची। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ में ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। उसके बाद ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म में पहुंचकर भी व्यवस्था देखी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा का परी चौक सबसे व्यस्त गोल चक्कर है। जहां पर ज्यादा ट्रैफिक के चलते आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है।

वहीं ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म में भी जाम की स्थिति देखने को मिलती है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए ग्रेटर नोएडा की ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया गया है। इस दौरान स्थलीय निरीक्षण भी किया गया है। देखा गया है कि आखिर किस वजह से परी चौक पर जाम की स्थिति बनती है।

इसको लेकर हमारे द्वारा एक प्लान तैयार किया गया है। इसके बारे में जल्द ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से समन्वय स्थापित कर उस पर कार्य किया जाएगा। जाम से निजात मिलेगी। इस दौरान परी चौक पर लगने वाले जाम को लेकर उन्होंने कहा कि यहां पर स्पेस तो काफी है, लेकिन लेन सेरगिलेशन नहीं है। कई तरह के हल्के भारी वाहन यहां पर आते हैं। सभी वाहन एक साथ चलते हैं। इन वाहनों में डिसिप्लिन बनाने की जरूरत है। जिससे कि ट्रैफिक का दबाव कम हो, इसको लेकर वाहन चालकों को जागरूक किया जाना जरूरी है।

## ओशो के अष्टांगिक मार्ग में सनातन का समन्वय

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म का सूत्रपात किसी व्यक्ति से नहीं हुआ है,बल्कि यह स्व-विकसित है। यह सबसे प्राचीन है और इसका आधार ओंकार है। यह विचार तालकटोरा स्टेडियम में मंगलवार को ओशो की धर्मदृष्टि विषय पर आयोजित कार्यक्रम में ओशोधारा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ओशो के अष्टांगिक मार्ग में सनातन धर्म का समन्वय है। इस अवसर पर उपस्थित महायोगी पायलट बाबा ने कहा कि जीवन में ठहरना सीख लें तो जीवन रुपांतरित हो सकता है।

## फीस बढ़ाने पर डीपीएस रोहिणी की मान्यता रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**रोहिणी** सेक्टर-24 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल की मान्यता रद्द कर दी गई है। दिल्ली सरकार ने पिछले लंबे समय से मनमाने तरीके से फीस वसूलने की शिकायत पर स्कूल की मान्यता समाप्त कर दी है।

फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। उन्होंने स्कूल परिसर के बाहर मुंह पर काला मास्क और हाथों में काला रिब्बन बांध कर अपना विरोध प्रकट किया था। अभिभावकों ने आरोप लगाया था कि



स्कूल प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से लगातार फीस में बढ़ोतरी की जा रही है शिक्षा निदेशक ने सोमवार को जारी आदेश में कहा है कि यह स्कूल दिल्ली विकास प्राधिकरण की जमीन पर बनाया गया है और जमीन इसी शर्त पर दी गई थी कि जब भी फीस की बढ़ोतरी की जाएगी स्कूल को इसके लिए सरकार से अनुमति लेनी होगी। स्कूल को यह भी निर्देश दिया गया है कि वर्ष 2022-23 का सत्र चलेगा, लेकिन स्कूल में कोई भी नया दाखिला नहीं होगा। उसके बाद स्कूल को बंद कर दिया जाएगा। साथ ही सत्र समाप्त होने के बाद बच्चों को अभिभावकों की अनुमति से नजदीक के स्कूल में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालू सत्र में छात्रों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन स्कूल को वर्ष 2023-24 के शैक्षणिक सत्र में किसी भी छात्र का प्रवेश लेने से मना किया गया है।

## देश में चौथे स्थान पर रहा गाजियाबाद पासपोर्ट कार्यालय

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**कामकाज** बेहतर ढंग से करने व लंबित फाइलों को निस्तारित करने के मामले में गाजियाबाद क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय देश के 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में चौथे स्थान पर रहा।

दो साल से लंबित पड़ी लाखों फाइलों को बीते एक साल में निस्तारित कर गाजियाबाद कार्यालय ने यह मुकाम हासिल किया है। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय द्वारा देश भर के सभी क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नियमित कामकाज की समीक्षा की गई थी। इस दौरान सभी कार्यालयों में कर्मचारियों की कार्यशैली व लंबित मामलों का आकलन किया गया, जिसके बाद गाजियाबाद कार्यालय को यह उपलब्धि हासिल हुई है।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी सुब्रतो हाजरा ने बताया कि पासपोर्ट आवेदकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। पासपोर्ट कार्यालय में लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए गाजियाबाद पासपोर्ट कार्यालय ने विशेष अभियान चलाया गया।

## क्राइम ब्रांच के अफसर बनकर लूटने वाले बदमाश मुठभेड़ के बाद पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** में अपने आप को पुलिस व क्राइम ब्रांच का बताने वाले बदमाश के साथ नोएडा पुलिस थाना फेज-1 की देर रात मुठभेड़ हो गई।

इस दौरान पुलिस ने बदमाश के पैर में गोली मारी और उसे गिरफ्तार कर लिया। बदमाश की पहचान दिपांशु उर्फ बंटी निवासी ग्रेटर नोएडा हुई है। इसकी उम्र करीब 22 साल है। मुठभेड़ महामाया फ्लाई ओवर के पास हुई। इनके पास से फर्जी पुलिस का आई कार्ड बरामद किया गया है। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि बदमाश ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से भी फायर किया था। जिसके बाद की गई फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी।

एडीसीपी ने बताया कि बदमाश दिपांशु ने श्यामवीर के साथ मिलकर एक कोरियर बॉय को अपनी कार में बैठा लिया। और अपने को पुलिस व क्राइम ब्रांच का बताकर उससे मारपीट की और एटीएम ले जाकर 34 हजार रुपए निकलवा लिये थे। जांच के दौरान सोमवार को दिन में पुलिस ने श्यामवीर को गिरफ्तार किया गया था।

## 45 भूखंडों पर लगेंगे उद्योग, 10 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

- आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को प्लॉट के एवज में रिजर्व प्राइस से करीब 500 करोड़ मिलने की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण ने 45 औद्योगिक भूखंड योजना लॉन्च कर दी है। इस स्कीम के ब्रोशर सोमवार से ऑनलाइन उपलब्ध हो गए हैं। अब पंजीकरण भी करा सकते हैं।

इन 45 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को प्लॉट के एवज में रिजर्व प्राइस से करीब 500 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। इन भूखंडों पर उद्योग लगने से 10 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने का अनुमान है।



पहली बार ई-ऑक्शन से इन औद्योगिक भूखंडों का आवंटन हो रहा है। आगामी फरवरी में ग्लोबल इनवेस्टर समिट का आयोजन होने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी की अगुवाई में प्राधिकरण इस समिट में अपनी अहम भागीदारी निभाने की कोशिशों में जुटा है। सीईओ के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 45 औद्योगिक भूखंडों की योजना लॉन्च कर दी गई है। इस योजना के जरिए कुल 48 एकड़ जमीन आवंटित की जाएगी। इन 45 भूखंडों में से 3 भूखंड सेक्टर ई कोटेक वन एक्सटेंशन में, सेक्टर ई कोटेक वन एक्सटेंशन वन में 8 भूखंड, ईकोटेक छह बी में एक, ई कोटेक छह में 1 भूखंड और 32 प्लॉट सेक्टर ई कोटेक 11 में हैं। ये भूखंड 450 वर्ग मीटर से लेकर 20.315 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। सोमवार से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर इनके ब्रोशर उपलब्ध हो गए हैं। इनको डाउनलोड किया जा सकता है। इन भूखंडों के लिए एसबीआई पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। कल से ही ब्रोशर डाउनलोड करने व पंजीकरण शुल्क का भुगतान कर पंजीकरण कराने की सुविधा शुरू हो गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 26 दिसंबर है। पंजीकरण शुल्क, ईएमडी अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट और प्रोसेसिंग फीस 28 दिसंबर तक जमा की जा सकती है। डॉक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर शाम पांच बजे तक है।

## ग्रेना और नोएडा में लागू हो सकता है लिफ्ट एक्ट

- प्राधिकरण जल्द शासन को भजेगा फाइल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**वेस्ट** और ईस्ट यूपी के बड़े शहर खासकर नोएडा गाजियाबाद और लखनऊ हाइराइज इमारतों का गढ़ बनता जा रहा है। इन इमारतों में बने फ्लैट तक आने जाने के लिए लोग लिफ्ट का प्रयोग करते है। जहां .001 प्रतिशत की खराबी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए काफी है।

इसका नजारा नोएडा और गाजियाबाद में दिखा। जहां बच्चे लिफ्ट में फंसे रहे। इसको देखते हुए नोएडा प्राधिकरण लिफ्ट एक्ट लागू करवाना चाहता है। ये एक्ट पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इसकी शुरुआत नोएडा प्राधिकरण ने की है। प्राधिकरण के चीफ आर्किटेक्ट प्लानर इश्तियाक अहमद ने बताया कि एक्ट को लागू करने के लिए 2015 में फाइल तैयार की गई। इसे



शासन को भेजा गया। वहां से 2018 में संशोधन कर दोबारा फाइल को शासन के पास भेजा गया। लेकिन एक्ट लागू नहीं किया जा सका। यही नहीं गाजियाबाद डेवलपमेंट अथॉरिटी ने भी 2018 में शासन को लिफ्ट एक्ट लागू करवाने के लिए फाइल भेजी थी।

उन्होंने बताया कि अधिकारियों के मंथन और विचार विमर्श व नोएडा वासियों के डिमांड के अनुरूप दोबारा से शासन को रिमाइंडर भेजा जा रहा है। ताकि एक्ट को बनाने की कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

लिफ्ट को लेकर गुजरात और हरियाणा सरकार की ओर से एक एक्ट बनाया हुआ है। जो वहां लागू भी है। उसी को आधार बनाकर नोएडा प्राधिकरण एक्ट में कुछ पाइंट बढ़ाकर शासन को भेज रहे है।

बताया गया कि इस प्रोसेस में काफी समय लग सकता है। लेकिन एक बार लागू होने के बाद ये नोएडा वासियों के लिए बेहतर होगा।

# क्या आपके जोड़ों में भी है दर्द!

आजकल देखा गया है कि शरीर में जोड़ों के दर्द की समस्या एक आम सी समस्या बनती जा रही है और इस कारण से लगातार अस्पताल जाते रहने और दवा खाना की मजबूरी हो ही जाती है।



ये बात तो आप जानते ही हैं कि शरीर के वे हिस्से जहां हड्डियां आपस में मिलती हैं, उन्हें ही जोड़ कहते हैं। जैसे घुटने, कंधे, कोहनी आदि-आदि। अगर शरीर के इन जोड़ों में कठोरता या सूजन जैसी किसी भी तरह की तकलीफ हो जाती है तो इससे आपको दर्द शुरू हो जाता है और इसे ही जोड़ों में दर्द होने की शिकायत कहा गया है। आजकल देखा गया है कि शरीर में जोड़ों के दर्द की समस्या एक आम सी समस्या बनती जा रही है और इस कारण से लगातार अस्पताल जाते रहने और दवा खाना की मजबूरी हो ही जाती है।

एक बात जो आपके जाननी चाहिए कि 'अर्थराइटिस' की शिकायत, जोड़ों में दर्द होने का सबसे आम कारण है। पर इसके अलावा जोड़ों में दर्द होने की कई और भी अन्य वजहे होती हैं, जैसे कि लिगामेंट, कार्टिलेज या छोटी हड्डियों में से किसी की भी रचना में चोट लग जाने के कारण भी आपके जोड़ों में दर्द हो सकता है। ये शरीर का बहुत अहम हिस्सा होते हैं। इनके कारण ही आप उठना, बैठना, चलना, शरीर को मोड़ना आदि कर पाते हैं और ऐसा सब करना संभव हो पाता है। इसीलिए जोड़ों में दर्द होने पर पूरे आपके शरीर का संपूर्ण स्वास्थ्य प्रभावित हो जाता है।

आज हम आपको जोड़ों में दर्द से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें बताएंगे। इनके कारण जानने के बाद आप इनसे परहेज कर सकेंगे। यहां हम आपको जोड़ों के दर्द से निजात पाने के लिए कुछ उपचार भी बता रहे हैं। इन्हें अपनाकर आप इस दर्द से जल्दी छुटकारा पा सकते हैं।

## कारण

- कई बार उम्र बढ़ने के साथ जोड़ों में दर्द की शिकायत हो जाती है।
- आपकी हड्डियों में जब रक्त की पूर्ति होने में रुकावट आती है तब भी जोड़ों में दर्द से तकलीफ होने लगती है।
- ये बात आप नहीं जानते होंगे कि रक्त का कैंसर, जोड़ों में दर्द के लिए जिम्मेदार होता है।
- हड्डियों में मिनरल्स यानि की शरीर में खनिज पदार्थों की कमी हो जाने पर भी जोड़ों में दर्द की शिकायत हो जाती है।
- कभी-कभी, जल्दी-जल्दी चलने या भागने पर जोड़ों पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ जाता है और जोड़ों में दर्द शुरू हो जाता है।
- आपके जोड़ों में इंफेक्शन होना भी जोड़ों में दर्द का कारण है।
- कई बार तो मोच आ जाने और चोट लगने से भी एसी शिकायत हो जाती है।
- शरीर में कई बार हड्डियों के टूटने से जोड़ों में दर्द होता है।
- अगर आपको हड्डियों में ट्यूमर आदि किसी भी प्रकार की शिकायत है तो जोड़ों में दर्द होने की संभावना होती है।
- इनके अलावा अर्थराइटिस, बर्साइटिस, ऑस्टियोकोंड्राइटिस, कार्टिलेज का फटना, कार्टिलेज का घिस जाना आदि जोड़ों में दर्द की समस्या के प्रमुख कारण हैं।

## निवारण

### जोड़ों को चोट से बचाना चाहिए

अगर जोड़ों पर चोट लगती है तो वो हड्डी को तोड़ भी सकती है, इसलिए कोशिश करें कि जोड़ों को चोट से बचाकर रख सकें। जब भी कोई ऐसा खेल खेलें जिसमें जोड़ों पर चोट लगने का डर रहता हो तब शरीर पर ज्वाइंट सेफ्टी पेड्स पहनकर रखें।

### गतिशील रहना चाहिए

जोड़ों के दर्द से राहत के लिए सदैव गतिशील रहें। अगर जोड़ों की मूवमेंट होती रही तो आपको लंबे समय किसी भी प्रकार का कोई दर्द नहीं सताएगा। बहुत देर तक एक ही स्थिति में बैठे रहने से भी जोड़ों में कठोरता महसूस होती है।

### वजन को नियंत्रित रखना चाहिए

यदि आपका वजन नियंत्रण में रहेगा तो आपका शरीर और शरीर के सारे जोड़ भी स्वास्थ्य रहेंगे। शरीर का ज्यादा वजन घुटनों और कमर पर अधिक दबाव डालता है और इससे आपके शरीर के कार्टिलेज के टूटने का डर बना रहता है। अब ऐसे में आपको अपने वजन को नियंत्रण में रखना बेहद जरूरी है।

### ज्यादा स्ट्रेच नहीं करना चाहिए

अगर आप नियमित व्यायाम करते हैं तो, व्यायाम के साथ आपको स्ट्रेचिंग करने की भी सलाह दी जाती है, तब ये बात हमेशा ध्यान में रखें कि व्यायाम करते समय स्ट्रेचिंग हफ्ते में केवल तीन बार करें। स्ट्रेचिंग को एकदम शुरू नहीं करना चाहिए। ऐसा करने की जगह पहले थोड़ा वार्म अप भी करें।

### दूध पीएं

दूध में कैल्शियम और विटामिन डी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो जोड़ों को मजबूत रखने के बेहद जरूरी होता है। इसीलिए हर रोज दूध जरूर पीना चाहिए। जिससे हड्डियां मजबूत बनती हैं। अगर आपको दूध पसंद नहीं है तो दूध से बने खाद्य पदार्थों का सेवन करें, जैसे पनीर, दही आदि।


### सही आसन बनाकर रखें

जोड़ों के दर्द से राहत पाने के लिए सही पोश्चर या आसन में उठना, बैठना और चलना बेहद आवश्यक है। आपका सही पोश्चर ही गर्दन से लेकर घुटनों तक शरीर के सभी जोड़ों की रक्षा करता है।

### व्यायाम करें

जोड़ों के दर्द से निजात के लिए और अपने स्वास्थ्य की सही देखभाल के लिए आपको, व्यायाम को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बना लेना चाहिए। तैराकी करना जोड़ों के दर्द के लिए सबसे फायदेमंद व्यायाम होता है।

# भारत में स्ट्रोक से हर साल होती हैं 60 लाख मौतें



**सन** 2020 में पूर्व महामारी के प्रकोप ने भारत सहित अधिकतर देशों के हेल्थकेयर सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। लेकिन एक चीज ऐसी है जिसे बदला नहीं जा सकता, और वह है देश में गैर-संचारी रोगों का बोझ जिसका सामना हमें अभी भी करना पड़ रहा है। भारत में ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, पर रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिका और ब्रिटेन में स्ट्रोक के लिए अस्पताल जाने वाले लोगों की संख्या में गिरावट आई है। इसलिए, इस पड़ाव पर स्ट्रोक के किसी भी लक्षण को लेकर सजग रहने के बारे में जनता में जागरुकता फैलाना महत्वपूर्ण है। इन लक्षणों में बोलने संबंधी समस्यायें और हाथों एवं चेहरे में कमजोरी आना शामिल है। इस रोग को अपवाद मानते हुए, व्यक्ति को फौरन अस्पताल जाना चाहिए।

इंडियन स्ट्रोक एसोसिएशन के मुताबिक, 17 मिलियन (1.7 करोड़) लोगों को हर साल स्ट्रोक होता है और इनमें से छह मिलियन (60 लाख) की मौत हो जाती है और पांच मिलियन स्थायी रूप से विकलांग हो जाते हैं। इसके अलावा, स्ट्रोक से होने वाली 80 प्रतिशत मौतें अपर्याप्त निरोधात्मक एवं स्ट्रोक प्रबंधन सुविधाओं के कारण निम्न व मध्यम आय वाले देशों में होती हैं। इसमें भारत भी शामिल है।

## कैसे होता है स्ट्रोक ?

ज्यूपिटर हॉस्पिटल मुंबई के पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. श्रीनिवास एल के मुताबिक, स्ट्रोक के कई कारण हैं। पीएफओ (A patent foramen ovale) से अप्रत्याशित शंट भी ऐसा ही एक कारण है। गर्भाशय में सभी भ्रूण में एक छोटी सी ओपेनिंग होती है जिसे फोरामेन ओवेल कहते हैं। यह दायें और बायें आट्रिया के बीच एक दीवार में होती है। इस छेद से अम्बिलिकल ब्लड दायें आट्रियम (परिकोष्ठ) से बायें आट्रियम में जाता है। जब नवजात बच्चे की पहली सांस से फेफड़े फूलते हैं, तो फोरामेन ओवेल फंक्शनली बंद हो जाता है और यह तकरीबन 75 प्रतिशत मामलों में कुछ महीनों में ही पूरी तरह से सील हो जाता है। लेकिन शेष 25 प्रतिशत में, इस स्थिति को पेटेंट फोरामेन ओवेल (पीएफओ) कहा जाता है।

पीएफओ में रक्त की कम मात्रा हृदय के दायीं ओर से बायीं ओर गुजरती है। अधिकतर लोगों में, पीएफओ से कोई मेडिकल परेशानी नहीं होती है और इसमें किसी उपचार की जरूरत नहीं पड़ती। दुर्लभ मामलों में यह हृदय में खून के थक्के को दायीं ओर से बायीं ओर गुजरने की अनुमति देता है और फिर यह दिमाग तक चला जाता है और वहां यह ब्लड वेसल को ब्लॉक कर सकता है जिससे स्ट्रोक पड़ता है। यह स्थिति बहुत आम है, पीएफओ के साथ जी रहे अधिकांश लोगों को यह पता ही नहीं है कि उन्हें यह बीमारी है क्योंकि इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं। आमतौर पर यह देखा गया है कि यदि किसी व्यक्ति को गंभीर माइग्रेन, ट्रांसिएंट इश्चेमिक अटैक या स्ट्रोक जैसे लक्षण हैं। यह स्थिति आम आबादी की एक तिहाई आबादी में है जोकि 40 से 50 प्रतिशत रोगियों में बढ़ जाती है जिन्हें बिना किसी कारण स्ट्रोक होता है, इसे क्रिप्टोजेनिक स्ट्रोक भी कहते हैं। कुछ रोगियों में, पीएफओ के साथ आट्रियल फाइब्रिलेशन भी हो जाता है जिससे स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। पीएफओ की पहचान इकोकार्डियोग्राम से होती है। इसे कार्डियक इको भी कहते हैं। इसमें अल्ट्रासाउंड की मदद से हृदय की इमेज बनाई जाती है।

## कम से कम चीरफाड़ वाली तकनीकों के साथ स्ट्रोक को मैनेज करना

स्ट्रोक के रोगियों को कारण जानने के लिए न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा पूरी तरह से जांच करने की जरूरत होती है। यदि व्यापक जांच के बाद पीएफओ दोषी होता है, तो यह उपचार की आसान समस्या है। ऑक्लूडर जैसे उपकरणों के साथ पीएफओ को बंद करने के लिए कम से कम चीरफाड़ वाली प्रक्रिया ड्रग थेरैपी की तुलना में दूसरे स्ट्रोक की संभावना को कम देती है। प्रक्रिया के दौरान, डॉक्टर अपर लेग की वेन में कैथेटर नामक पतला धागा डालता है और ऑक्युलेड को ब्लड वेसल के जरिए हार्ट तक पहुंचाता है।

एक बार डिवाइस पीएफओ पर लग जाती है तब कार्डियक इमेजिंग टूल्स की मदद से उसकी स्थिति की जांच की जाती है। कार्डियोलॉजिस्ट जब डिवाइस की सेटिंग से संतुष्ट होता है, तो इसे स्थायी रूप से हार्ट में छोड़ दिया जाता है। इस पर समय के साथ हार्ट टिश्यू विकसित हो जाते हैं, और डिवाइस को हार्ट का हिस्सा बना देते हैं।

डॉ. श्रीनिवास एल कहते हैं, 'हम संचारी और गैर-संचारी रोगों जैसेकि स्ट्रोक के दोहरे बोझ का सामना कर रहे हैं जोकि भारत में मौतों एवं विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक बन गया है। स्ट्रोक को रोकने के लिए, लोगों में जागरुकता फैलाने की अत्यंत आवश्यकता है। साथ ही हमें हेल्थकेयर के अलग-अलग स्तरों पर क्षमता निर्माण भी करना होगा। तकनीकी प्रगति गुणवत्तापूर्ण उपचार के लिए मार्ग प्रशस्त कर रही हैं और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में पहले से कहीं अधिक बदलाव ला रही है। कोविड-19 के समय में जितने भी चिकित्सा उपचार उपलब्ध हैं, उनमें हृदय को स्वस्थ बनाए रखकर जीवन जीना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हृदय को स्वस्थ बनाए रखने के लिए शारीरिक गतिविधि को बढ़ाएं, हेल्दी डाइट लें, स्मोकिंग से बचें और अल्कोहल का सेवन सीमित कर दें। साथ ही तनाव को भी कम करें।'

# क्या करें जब सताए मौसमी ऐलर्जी

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही ऐलर्जी की समस्या अपने उफान पर पहुंच जाती है, जिस से बचाव के लिए पहले से ही कुछ उपाय कर लेना ठीक रहता है।



**सर्दियों** की ऐलर्जी आप को बीमार कर सकती है। इस से आप की नाक बहनी शुरू हो जाती है अथवा बंद हो जाती है, साथ ही गले में खराश भी हो जाती है। आंखों में खुजलाहट और लाली आ जाती है और छींक और कफ की समस्या बढ़ जाती है। फफूंदी, धूलमिट्टी, जानवरों की खुश्की और परफ्यूम जैसी चीजें ऐलर्जी की समस्या बढ़ाने का काम करती हैं और सर्दी के मौसम में आप के शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है। इस मौसम की सर्दीजुकाम एक मामूली समस्या होती है, लेकिन ऐलर्जी लंबे समय तक परेशान करती है।

फफूंदी, धूलमिट्टी व जानवरों की खुश्की जैसी चीजें वैसे तो पूरे साल वातारवण में मौजूद रहती हैं, लेकिन ठंड के मौसम में ये इसलिए ज्यादा सक्रिय हो जाती हैं क्योंकि लोग कमरे की सारी खिड़कियां और दरवाजे आदि बंद कर लेते हैं और ठंड के बचाव के लिए रूम हीटर आदि चला लेते हैं। ऐसे में कमरे का वातावरण इन चीजों के पनपने के लिए अनुकूल हो जाता है।

आइए, अब जानिए इस मौसम की ऐलर्जी की खास वजहों के बारे में विस्तार से, जो घर के अंदरूनी वातावरण में ही मौजूद होती हैं-

## फफूंदी के जीवाणु

सांस लेने के दौरान अस्थमा के मरीजों के शरीर में जब वातावरण में मौजूद फफूंदी के जीवाणु प्रवेश कर जाते हैं तब बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। ये जीवाणु आप को नजर नहीं आते। ये तो बाथरूम और बेसमैंट जैसी नमी वाली जगहों पर पनपते हैं। इस मौसम में हवा में उड़ रहे कटी फसल के कण भी समस्या बढ़ाने की वजह बनते हैं।

## धूल के कण

ये घर के अंदर साफ दिखने वाले वातावरण में भी मौजूद रहते हैं। इन से आंखों से पानी आने, नाक बंद होने और लगातार छींक आने जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ये आप के तकियों, गद्दों, कमरे की सजावटी चीजों, परदों और कारपेट आदि में जमा रहते हैं।

## जानवरों की खुश्की

ठंड में ऐलर्जी की समस्या बढ़ाने का काम पालतू जानवरों की लार और मूत्र में मौजूद प्रोटीन के तत्व करते हैं, जिसे जानवरों की खुश्की कहते हैं। यह बहुत ही हलकी होती है और आसानी से आप के कपड़ों, जूतों और बालों में चिपक जाती है।

## आप क्या करें

इस मौसम की कोई भी समस्या, जैसे नाक बहना, खांसी, आंखों में खुजली व जलन, छींक आना और आंखों के आसपास काले घेरे अगर 1 हफ्ते से अधिक समय तक बरकरार रहें तो डाक्टर से संपर्क करना चाहिए। इस के अलावा बचाव के कुछ उपायों को अपना लेना हमेशा बेहतर रहता है।

घर के वैंटिलेशन का करें इंतजाम- जैसे ही सर्दियां आती हैं हम कंबल, गद्दों, सौफ्ट टौयज, तकिए और ऊनी कपड़ों से नजदीकी बढ़ा लेते हैं। इन चीजों में धूल के कण आसानी से अटक जाते हैं। हम अपनी खिड़कियां और दरवाजे बंद कर लेते हैं और कंपाने वाली ठंड से बचने के लिए घर में हीटर जला लेते हैं। इस का नतीजा यह होता है कि घर में सूरज की रोशनी प्रवेश नहीं कर पाती, जिस के चलते फफूंदी पनपती है। सर्दियों में कई बार ऐग्जिमा की समस्या भी बढ़ जाती है, जिस का संबंध धूलकणों से ऐलर्जी से होता है। इस से बचाव के लिए सूरज की रोशनी को घर में आने दें।

## बनाएं एक ऐक्शन प्लान

परदों और कारपेट आदि को नियमित रूप से वैक्यूम क्लीनर की सहायता से साफ करें। अपने कंबल और स्वैटर आदि को कम से कम हफ्ते में एक बार धूप में जरूर रखें।

## रहें सावधान

धूम्रपान करने और अगरबत्ती जलाने से बचें। मिट्टी के कणों और फफूंदी पनपने को रोकने के लिए घर में नमी के स्तर को सामान्य रखें। इस के लिए ह्यूमिडिफायर और डीह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करें।

## अपने घर को करें स्कैन

आप को नियमित रूप से अपने घर की अच्छी तरह जांच करनी चाहिए और ऐसी जगहों की सफाई करनी चाहिए, जहां जीवाणुओं के पनपने की आशंका हो। अपने बेसमैंट की सफाई करें और ऐसी चीजों को हटा दें, जिन में मिट्टी के कण जमा होने का खतरा हो।

ऐलर्जी को कभी नजरअंदाज न करें। डाक्टर को दिखाएं। इस से आप को उस के लिए दवाओं, स्प्रे और इनहेलर जैसी चीजों के बारे में जानकारी मिल जाएगी, जो ठंड में आप को ऐलर्जी से राहत दिलाएगी।

**डॉ. सतीश कौल**
**कोलंबिया एशिया हौस्पिटल, गुड़गांव।**

# प्रसव को आसान बनाने में मददगार है हिप्नोबर्थिंग

हिप्नोबर्थिंग बच्चे के जन्म के दौरान दर्द और चिंता को कंट्रोल करने की एक प्रक्रिया है। जिसमें विभिन्न आराम देने वाली तकनीकें शामिल हैं, जैसे गहरी सांस लेना और विजुअलाइजेशन। यह गर्भावस्था और प्रसव के दौरान अत्यधिक प्रभावी होता है क्योंकि यह महिलाओं को प्रसव के दिन के लिए तैयार करने में मदद करता है।

हालांकि, कुछ माताओं को उन चीजों का ध्यान या कल्पना करना मुश्किल लगता है, जिनके कारण तकनीक ठीक से काम नहीं करती है। यह बहुत समय लेने वाली है क्योंकि इसमें अभ्यास, तैयारी और समर्पण के महीने लगते हैं।



**मां**-बाप के जीवन में संतान सुख को सबसे बड़े सुखों में से एक माना जाता है। खासकर महिलाएं बच्चे को जन्म देने के लिए धन्य हो जाती हैं। यह प्रक्रिया आसान नहीं है। शिशु को गर्भ में रखने के बाद, वे नौ महीने अपने आप में एक लंबी यात्रा है, जहां एक महिला स्वास्थ्य के मामले में बहुत उतार-चढ़ाव से गुजरती है। वह शारीरिक दर्द और मानसिक तनाव दोनों से ग्रस्त होती है। इतना ही नहीं, उस चरण के दौरान कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होने की संभावना होती है, जैसे कि जेस्टेशनल हाइपरटेंशन यानि गर्भावधि में हाई ब्लड प्रेशर, प्रीक्लेम्पसिया और जेस्टेशनल डायबिटीज आदि के साथ अन्य छोटी और बड़ी समस्याएं होती हैं। बच्चे को जन्म देना कोई आसान काम नहीं है, प्रसव के दौरान मां को जो दर्द होता है, वह 20 हड्डियों के टूटने के दर्द के बराबर होता है। एक आसान प्रसव के लिए, मां की मानसिक स्थिति स्थिर में होनी चाहिए। हिप्नोबर्थिंग एक तकनीक है, जो बच्चे के जन्म के लिए उपयोग मानी जाती है।

## हिप्नोबर्थिंग क्या है?

हिप्नोबर्थिंग बच्चे के जन्म के दौरान दर्द और चिंता को कंट्रोल करने की एक प्रक्रिया है। जिसमें विभिन्न आराम देने वाली तकनीकें शामिल हैं, जैसे गहरी सांस लेना और विजुअलाइजेशन। यह गर्भावस्था और प्रसव के दौरान अत्यधिक प्रभावी होता है क्योंकि यह महिलाओं को प्रसव के दिन के लिए तैयार करने में मदद करता है। यह हिप्नोसिस की शक्ति का उपयोग करके प्रसव के लिए महिला को तैयार करता है। इस प्रक्रिया का अभ्यास करके महिलाएं बच्चे के जन्म से संबंधित डर और चिंता को कम कर सकती हैं। हिप्नोबर्थिंग आमतौर पर एक नेचुरल बर्थ के साथ जुड़ा हुआ है।

## हिप्नोबर्थिंग में शामिल तकनीकें क्या हैं?

हिप्नोबर्थिंग तकनीक गर्भवती महिला को सिखाती है कि बच्चे के जन्म से संबंधित तनाव को कैसे छोड़ा जाए और आरामदायक की स्थिति में कैसे रहें। इस प्रक्रिया में शामिल तकनीकों में से कुछ हैं।

## सांस लेने की तकनीक

सांस लेने की तकनीक दो प्रकार की होती है। पहले वाले में हल्का स्पर्श मालिश शामिल है, जो होने वाली मां में एक शांत प्रतिक्रिया को सक्रिय करने के लिए उपयोग किया जाता है। इस तकनीक का उपयोग शुरुआती चरणों में किया जाता है। इसमें नाक के माध्यम से गहरी सांस लेना और सांस छोड़ना शामिल है। दूसरा मन को शांत करने के लिए गहरी सांस लेना और सांस छोड़ना काफी समान है। ये सांस लेने की तकनीक माताओं को जन्म देते समय शांत रहने में मदद करती है।

## सकारात्मक विचार और शब्द

एक अन्य तकनीक में सकारात्मक विचारों और शब्दों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। यह डर और चिंता को रोकने और कंट्रोल करने में मदद करती है।

## विजुअलाइजेशन

विजुअलाइजेशन का उपयोग हिप्नोबर्थिंग तकनीक के रूप में भी किया जाता है। इस तकनीक में, गर्भवती महिला को कल्पना करने के लिए कहा जाता है, जिसमें फूल, सूर्योदय, आदि जैसे खिलने वाली सुखदायक चीजों की कल्पना करना शामिल है। इससे उनके दिमाग और शरीर को आराम करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ध्यान और संगीत भी महिलाओं के शरीर को और अधिक आराम करने में मदद करते हैं।

## हिप्नोबर्थिंग के फायदे

- हिप्नोबर्थिंग तकनीक जन्म देते समय एक महिला के शरीर को नरम करती है और प्रसव को आसान बनाने में मददगार है।
- यह प्रसव के दौरान दर्द को कम करने में मदद और प्रसव की तीव्रता से माताओं का ध्यान हटाने में सहायक है।
- यह प्रसव के अनुभव को अधिक सकारात्मक और कम डरावना या घबराहट भरा बनाती है।
- यह तकनीक मन और शरीर की आराम पहुंचाने की वजह से यह ऑक्सीटोसिन हार्मोन (प्यार के हार्मोन) को सक्रिय करने में मदद करती है, जो एंडोर्फिन के साथ मिलकर दर्द निवारक के रूप में काम करती है।
- तेजी से रिकवरी और ब्रेस्टफीडिंग को आसान बनाए।

# ब्राजील 17वीं बार फुटबॉल वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

## साउथ कोरिया को 4-1 से हराया, पांच बार की चैंपियन रही है ब्राजील

एजेंसी। कतर






**पांच** बार की चैंपियन ब्राजील अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती हुई नजर आ रही है। इस टीम ने कतर में चल रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने लगातार आठवीं बार वर्ल्ड कप के टॉप-8 में जगह बनाई है। उसने अब तक कुल 17 बार टॉप-8 में जगह बनाई है। अब उसका सामना पिछले सीजन की रनरअप क्रोएशिया से होगा।

उसने सोमवार-मंगलवार की रात स्टेडियम 974 में खेले गए राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में साउथ कोरिया को 4-1 से हराया। ब्राजीली खिलाड़ियों ने सांबा डांस कर जीत का जश्न मनाया। सोशल मीडिया में पोस्ट एक वीडियो में स्टार फुटबॉलर नेमार, विनिसियस जूनियर, रफिन्हा और लुकास पाक्वेटा सांबा डांस मूव्स करते नजर आए। ब्राजील की इस जीत में नेमार ने अहम रोल निभाया। चोट की वजह से दो मैच गंवाने वाले नेमार ने 13वें मिनट में एक गोल दागा। जबकि एक गोल असिस्ट किया। उनके अलावा विनिसियस जूनियर ने 7वें, रिचार्लिसन ने 29वें और लुकास पैकेटा ने 36वें मिनट में भी एक-एक गोल दागे। नेमार का यह 76वां गोल था। ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने के पेले के रिकॉर्ड की बराबरी करने से वह एक गोल पीछे हैं। पेले ने इंटरनेशनल लेवल पर ब्राजील के लिए 77 गोल दागे हैं। वहीं, नेमार कम से कम तीन वर्ल्ड कप में गोल करने वाले ब्राजील के सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। नेमार ने 2014, 2018 और 2022 वर्ल्ड कप में गोल कर चुके हैं। नेमार से पहले पेले (1959, 1962, 1966, 1970) और रोनाल्डो नजारियो (1998, 2002, 2006) ने ऐसा किया है।

### ब्राजील की टीम शुरू से रही हावी

ब्राजील की टीम शुरू से ही साउथ कोरिया पर हावी रही। मैच के सातवें मिनट में ही ब्राजील के लिए विनिसियस ने गोल किया। उन्होंने राफिन्हा के क्रॉस को गोल में तब्दील कर दिया। इसके छह मिनट बाद ही नेमार ने पेनाल्टी किक को गोल में तब्दील कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। मैच के 29वें मिनट में रिचार्लिसन ने थियागो सिल्वा के एक बेहतरीन पास को गोल में तब्दील करके पांच बार की चैम्पियन टीम को 3-0 से आगे कर दिया। इसके सात मिनट बाद ही लुकास पैकेटा ने गोल कर टीम की बढ़त 4-0 कर दी। दूसरे हाफ में साउथ कोरिया ने किया गोल दूसरे हाफ में 4-0 से आगे चल रही ब्राजील रिलेक्स नजर आई। जबकि, कोरिया पहले हाफ की तुलना में बेहतर खेलती नजर आई। इसका लाभ उसे मिला। मैच के 76वें मिनट में टीम के लिए पहला और मैच का एक मात्र गोल मिला।

### दोनों टीमों की शुरुआत-11

**ब्राजील:** (4-2-3-1) एलिसन, एडर मिलिटाओ, मारक्विनहोस, थिएगो सिल्वा, डेनिलो, लुकास पाक्वेटा, कैसेमिरो, रेफिना, नेमार, विनीसियस जूनियर और रिचार्लिसन।

**साउथ कोरिया :** (4-4-2) किम सेउंग ग्यू (गोलकीपर), किम जिन सु, किम यंग ग्वोन, किम मून ह्वान, क्वोन क्यूंग वोन, जंग वू यंग, ह्वांग इन बीओम, ली कांग इन, ली जे सुंग, सोन ह्यूंग मिन (कप्तान) और चो गुए सुंग।



# विश्व टूर फाइनल्स में छाप छोड़ने उतरेंगे प्रणय

**पीवी सिंधू के बाहर होने के बाद प्रणय इस टूर्नामेंट में एक मात्र भारतीय खिलाड़ी**

एजेंसी। बैंकॉक

**भारत** के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय बुधवार से यहां शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में पहली बार हिस्सा लेते हुए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे।

चोट के कारण दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के बाहर होने के बाद प्रणय सत्रांत होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत के एकमात्र खिलाड़ी हैं। कोविड-19 संक्रमण के मामलों में इजाफे के बाद इस टूर्नामेंट को चीन के ग्वांग्झू से स्थानांतरित किया गया है। मौजूदा सत्र में प्रदर्शन में भारतीय खिलाड़ियों के बीच सबसे अधिक निरंतरता दिखाने वाले प्रणय को ग्रुप ए में डेनमार्क के ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, जापान के कोडाई नेरोका और चीन के ल्यु गुआंग झू के साथ रखा गया है।

हाल में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित तीसरे वरीय प्रणय ने कहा, मैं बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में अपने अभियान को शुरू करने को लेकर उत्सुक हूं। मैं पहली बार सत्रांत टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा। प्रणय की नजरें सेमीफाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं लेकिन अपने ग्रुप के विरोधियों के खिलाफ उनका रिकॉर्ड काफी अच्छा नहीं है। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ उन्होंने पांच मुकाबले गंवाए और सिर्फ एक जीत दर्ज की। प्रणय का मनोबल हालांकि इस तथ्य से बढ़ेगा कि उन्होंने एक्सेलसन को इंडोनेशिया मास्टर्स में पिछले साल दोनों के बीच हुए पिछले मुकाबले में हराया था।

## संक्षिप्त समाचार

### चोट चलते हारिस राउफ बाकी बची टेस्ट श्रृंखला से बाहर

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज हारिस राउफ दाईं जांघ में ग्रेड दो के खिंचाव के कारण इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बची टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इंग्लैंड के खिलाफ यहां पहले टेस्ट के पहले दिन क्षेत्ररक्षण करते हुए गेंद के ऊपर गिरने के बाद इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज का एमआरआई स्कैन कराया गया था। पीसीबी ने बयान में कहा, स्कैन के नतीजों और फिर पीसीबी के चिकित्सा स्टाफ के आकलन में नतीजा निकला कि इस तेज गेंदबाज को ग्रेड दो का खिंचाव आया है। बयान के अनुसार, हारिस लाहौर जाएंगे जहां वह राष्ट्रीय हाई परफोर्मेंस केंद्र में अपना रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। इंग्लैंड ने सोमवार को पहले टेस्ट में 74 रन से जीत दर्ज की। दूसरा टेस्ट मुल्तान में नौ दिसंबर से जबकि तीसरा टेस्ट कराची में 17 दिसंबर से खेला जाएगा। इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन भी घुटने की चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

### आदित्य मित्तल भारत के 77वें ग्रैंडमास्टर बने

**चेन्नई।** आदित्य मित्तल स्पेन में चल रहे एक टूर्नामेंट के दौरान भारत के 77वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने। मुंबई के सोलह वर्षीय खिलाड़ी ने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए जरूरी तीन मानदंड पहले ही हासिल कर लिए थे और स्पेन में चल रहे एलोब्रेगेट ओपन टूर्नामेंट के छठे दौर के दौरान उन्होंने 2,500 ईएलओ अंक का आंकड़ा पार कर लिया। उन्होंने स्पेन के शीर्ष खिलाड़ी फ्रांसिस्को वैलेजो पोंस के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलकर यह उपलब्धि हासिल की। ग्रैंडमास्टर बनने के लिए खिलाड़ी को तीन ग्रैंडमास्टर मानदंड को हासिल करने के अलावा लाइव रेटिंग में 2,500 ईएलओ अंकों को हासिल करने की जरूरत होती है। मित्तल ने सर्बिया मास्टर्स 2021 में अपना पहला ग्रैंड मास्टर मानदंड हासिल किया। इसके बाद उन्होंने एलोब्रेगेट ओपन 2021 में अपना दूसरा और फिर सर्बिया मास्टर्स 2022 में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। वह एलोब्रेगट ओपन में अब तक पांच अंक हासिल कर पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर है।

### हॉकी के सुनहरे दिनों को वापस लाने की कोशिस

**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया ने अगले महीने शुरू होने वाले एफआईएच पुरुष विश्व कप 2023 से पहले युवाओं को इस खेल की ओर आकर्षित करने के लिए स्कूल एक्टिवेशन प्रोग्राम शुरू किया है। तोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम की सफलता ने बड़ी संख्या में युवाओं को हॉकी की ओर आकर्षित किया है। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक प्रशंसकों एवं खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को ध्यान में रखकर भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 से पहले हॉकी इंडिया इस खेल को अपने स्कूल एक्टिवेशन प्रोग्राम के जरिए विभिन्न स्कूलों तक ले जा रहा है।हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस कार्यक्रम के बारे में कहा, इसके पीछे हमारा मकसद युवाओं को यह अनुभव करने का अवसर देना है कि हॉकी खेलकर कैसा लगता है और इसमें कितना मजा आता है। इसका उद्देश्य उनकी रुचि को जगाना भी है क्योंकि इनमें से कुछ छात्र पेशेवर रूप से हॉकी खिलाड़ी बन सकते हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, इस कार्यक्रम के तहत हॉकी इंडिया का एक दल मध्यप्रदेश के 100 स्कूलों में जाएगा और हॉकी से जुड़े कौशल का सत्र का आयोजन करेगा। इसके बाद, फाइव-ए-साइड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिससे बच्चों को हॉकी स्टिक पकड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

### रीयल कश्मीर तालिका में शीर्ष पर बरकरार

**श्रीनगर।** इब्राहिम नुरुद्दीन के दो गोल की मदद से रीयल कश्मीर एफसी ने मंगलवार को यहां आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में श्रीनिधि डेक्कन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करके 2-1 से जीत दर्ज की। श्रीनिधि डेक्कन ने मैच के 12वें मिनट में अशीर अख्तर के गोल से बढ़त हासिल कर ली थी। टीम यहां के टीआरसी स्टेडियम में एक घंटे तक यह बढ़त बरकरार रखने में सफल रही। नुरुद्दीन ने मैच के 61वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबर किया और फिर स्टॉपेज समय में गोल करके टीम की जीत पक्की कर दी। रीयल कश्मीर की मौजूदा सत्र में यह पांचवीं जीत है।

### स्वेपसन को भारतीय दौरे को टीम में जगह बनाने की उम्मीद

**मेलबर्न।** लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता जब भारत दौरे के लिए टीम का चयन करेंगे तो उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में उनके अनुभव पर भी गौर किया जाएगा। यह 29 वर्षीय स्पिनर 2017 में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ भारत दौरे पर आया था। उन्हें श्रीलंका और पाकिस्तान में भी खेलने का अनुभव है। स्वेपसन ने कहा, एक चीज जो मुझे अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों पर बेहतर बनाती है वह है उपमहाद्वीप में चार टेस्ट मैच खेलना।

# धवन की निगाह स्वीप शॉट में महारत हासिल करने पर

**धवन पिछले नौ मैचों में केवल एक अर्धशतक बना पाए हैं**

एजेंसी। मीरपुर



**पिछले** कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अगले साल स्वदेश में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों के तहत स्वीप शॉट और रिवर्स हिट पर काम कर रहे हैं।

धवन पिछले नौ मैचों में केवल एक अर्धशतक बना पाए हैं और विश्व कप से पहले इस 37 वर्षीय बल्लेबाज का टीम में स्थान खतरे में लगता है। बांग्लादेश श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किए गए शुभमन गिल को विश्वकप में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे से पहले धवन के साथ विशेष अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। धवन ने भारत के लिए करो या मरो जैसा बने इस मैच की पूर्व संध्या पर कहा, अधिक अभ्यास करना अच्छा होता है।

### मनदीप ने हराया, नेहल ने जीते दो स्वर्ण

**नई दिल्ली।** मनदीप कौर ने फाइनल में विश्व चैम्पियन ओक्साना कोजिना को हराकर उलटफेर किया जबकि नेहल गुप्ता ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए जिससे भारत लीमा में समाप्त हुई पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 14 पदक जीतने में सफल रहा।भारतीय टीम ने इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर छह स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य पदक जीते।पिछले महीने तोक्यो में पैरा विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में कोजिना से हारने वाली मनदीप कौर ने महिलाओं के एसएल3 में 21-11, 21-11 से जीत दर्ज करके खिताब हासिल किया और यूक्रेन के खिलाड़ी से बदला भी चुकता किया। भारतीय खिलाड़ी ने बाद में कहा, मैंने ओक्साना को हराने के लिए ही विशेष रुप से इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।

# क्यूबा ने महिला मुक्केबाजों को प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेलने की स्वीकृति दी

## स्वीकृति मिलने से लेगनिस काला मासो जैसी मुक्केबाज खुश

एजेंसी। हवाना



**क्यूबा** के अधिकारियों ने महिला मुक्केबाजों को दशकों के प्रतिबंध के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेलने की स्वीकृति देने की घोषणा की। हालांकि अभी यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि क्या महिला मुक्केबाज पेशेवर स्तर पर भी मुकाबला कर पाएंगी। क्यूबा के पुरुष मुक्केबाजों को भी इसी साल पेशेवर स्तर पर प्रतिस्पर्धा की स्वीकृति मिली थी।

प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में शिरकत की स्वीकृति मिलने के बाद से लेगनिस काला मासो जैसी मुक्केबाज बेहद खुश हैं जिन्हें सात साल पहले मुक्केबाजी शुरू करने के बाद से इस दिन का इंतजार था। काला मासो जैसी महिला मुक्केबाजों ने इस स्वीकृति को हासिल करने के लिए वर्षों से काफी संघर्ष किया है। काला मासो ने कहा, हमेशा से कहा जाता था कि मुक्केबाजी क्यूबा की महिलाओं के लिए नहीं है। यह हमेशा से समस्या रही थी।

**भारतीय क्रिकेट की नई पहल**

# रणजी ट्रॉफी में नजर आएंगी तीन महिला अंपायर

**वृंदा राठी, जननी नारायण और गायत्री वेणुगोपालन को मिली जिम्मेदारी**

एजेंसी। नई दिल्ली



**रणजी** ट्रॉफी के दौरान भारतीय क्रिकेट में एक नई पहल की शुरूआत होगी जब तीन महिला अंपायर वृंदा राठी, जननी नारायण और गायत्री वेणुगोपालन अंपायरिंग करती हुई नजर आएंगी।

भारतीय क्रिकेट में यह पहला अवसर होगा जबकि महिला अंपायर पुरुष क्रिकेट मैच में मैदानी अंपायर के रूप में काम करेंगी। गायत्री पूर्व में रणजी ट्रॉफी में रिजर्व यानी चौथे अंपायर की भूमिका निभा चुकी हैं। रणजी ट्रॉफी 13 दिसंबर से शुरू हो रही है और संयोग से इसी दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भाग लेगी। ऐसे में इन तीन महिला अंपायरों को रणजी ट्रॉफी में चुनिंदा मैचों में ही अंपायरिंग का मौका मिल पाएगा।

चेन्नई की रहने वाली नारायण और मुंबई की रहने वाली राठी मंझी हुई अंपायर हैं और उन्हें 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अंपायरों के विकास पैनल में शामिल किया गया था।

# पाकिस्तान के गेंदबाज हसन अली स्थानीय मैच में दर्शकों से भिड़े

एजेंसी। कराची




**पाकिस्तान** टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज हसन अली पंजाब प्रांत के आरिफवाला में आयोजित एक क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान एक दर्शक को मारने के लिए दौड़ पड़े। सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए एक वीडियो में एक दर्शक लगातार हसन अली के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहा है जिसके बाद वह इस दर्शक को पीटने के दौड़ पड़ते है लेकिन आयोजकों ने उन्हें बीच में ही रोककर स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

इस घटना ने पाकिस्तान के दो पूर्व कप्तानों, इंजमाम-उल-हक और यूनिस खान के इस तरह की झगड़े की याद दिला दी। हसन जब सीमा रेखा के पास क्षेत्ररक्षण कर रहे थे तभी एक दर्शक पिछले साल यूएई में खेले गए विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान के सेमीफाइनल मैच में कैच टपकाने को लेकर हसन पर ताना मारना शुरु कर देता है। हसन ने लगातार इस तरह की बातों के छेड़े जाने के बाद भी कुछ देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### बीच सॉकर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप फरवरी में होगी

**नई दिल्ली।** बीच सॉकर (फुटबॉल) राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के उद्घाटन सत्र का आयोजन अगले साल फरवरी में होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की बीच सॉकर समिति ने मंगलवार को एक उप-समिति के गठन की सिफारिश की जो फरवरी के पहले पखवाड़े में टूर्नामेंट की मेजबानी के परिचालन पहलुओं पर गौर करेगी। समिति ने एआईएफएफ सचिवालय से बीच सॉकर के लिए नियम तैयार करने और सभी राज्य संघों को टूर्नामेंट को अपनी प्रविष्टि भेजने के लिए आमंत्रित करने को कहा है। महसूस किया कि बीच सॉकर के खिलाड़ी नियमित फुटबॉलरों से अलग होने चाहिए और जो खिलाड़ी संतोष ट्रॉफी, इंडियन सुपर लीग और आई-लीग जैसे पेशेवर टूर्नामेंट को पंजीकृत हैं।

# हैंड्सकोंब को भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाने की उम्मीद



एजेंसी। मेलबर्न

फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज पीटर हैंड्सकोंब को पता है कि ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टेस्ट टीम में जगह बनाना मुश्किल है लेकिन फिर भी उन्हें उम्मीद है कि उन्हें भारत दौरे के लिए टीम में जगह मिलेगी।

लगभग चार साल पहले पिछला टेस्ट खेलने वाले 31 साल के हैंड्सकोंब ने इन गर्मियों में शेफील्ड शील्ड में 93.66 के औसत से 562 रन बनाए हैं। उन्होंने पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए दोनों पारियों में अर्धशतक जड़े। हैंड्सकोंब शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एकादश की अगुआई करते हुए राष्ट्रीय टीम में चयन का अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे। द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन ने हैंड्सकोंब के हवाले से कहा, बातचीत (टेस्ट चयनकर्ताओं के साथ) आशाजनक रही है। लेकिन आपको टेस्ट टीम को भी देखना होगा और ऐसे खिलाड़ी हैं जो मेरे से आगे हैं और ऐसे बल्लेबाज हैं जो काफी प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं जितने मर्जी चाहे उतने रन बना सकता हूं लेकिन टीम में जगह भी तो होनी चाहिए और इस समय वे काफी अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं।

हैंड्सकोंब को स्पिन के खिलाफ खेलने की उनकी क्षमता के लिए जाना जाता है लेकिन भारत दौरे की टीम में जगह बनाने के लिए उनकी प्रतिस्पर्धा ट्रेविस हेड से होगी। हेड इस साल श्रीलंका और पाकिस्तान दौरे पर ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे हैं। हैंड्सकोंब ने कहा, एक बल्लेबाज के रूप में आप सिर्फ इतना कर सकते हैं कि अधिक से अधिक रन बनाकर अपना दावा मजबूत करें।

# सर्वश्रेष्ठ पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी चुनी गईं मनीषा, प्रणय और भगत चूके

## मनीषा ने विश्व चैंपियनशिप के एसयू-5 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था

एजेंसी। नई दिल्ली



युवा भारतीय खिलाड़ी मनीषा रामदास को मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी चुना गया। बीडब्ल्यूएफ ने सोमवार को 17 वर्षीय मनीषा को विजेता घोषित किया। मनीषा ने विश्व चैंपियनशिप के एसयू-5 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2022 में कुल मिलाकर 11 स्वर्ण और पांच कांस्य पदक जीते।

इस वर्ग में अन्य दावेदारों में भारत की नित्या श्रीसुमति और मानसी जोशी, सेरिना सातोमी, गिउलियाना पोवेदा फ्लोरेंस और पिलार जौरगुई शामिल थीं।

पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और थॉमस कप विजेता एचएस प्रणय हालांकि बीडब्ल्यूएफ पुरस्कारों की दौड़ में पिछड़ गए। इस साल विश्व चैंपियनशिप में चौथी बार एकल स्वर्ण पदक जीतने वाले भगत को बीडब्ल्यूएफ के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी के वर्ग में नामित किया गया था लेकिन यह पुरस्कार डब्ल्यूएच-2 वर्ग में विश्व चैंपियन और मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन डिकी काजिवारा को मिला जिन्होंने कुल 10 स्वर्ण और चार कांस्य पदक जीते। काजिवारा और भगत के अलावा इस पुरस्कार के लिए चीह लीक होउ, लुकास माजुर, च्यु मान काई और चोई जुंगमैन नामित थे। सक्षम बैडमिंटन खिलाड़ियों के पुरस्कार में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन को पुरुष एकल में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि झेंग सी वेई और हुआंग या किओंग को सर्वश्रेष्ठ जोड़ी का पुरस्कार मिला।

बीडब्ल्यूएफ ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में कहा कि एक्सेलसन ने एक नवंबर 2021 से 31 अक्टूबर 2022 की पात्रता अवधि के दौरान नौ खिताब जीते। उन्होंने इस दौरान दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप खिताब भी जीता। साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकल खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची को चुना गया जिन्होंने नौ महीने के भीतर लगातार दो विश्व खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल की। उन्होंने ऑल इंग्लैंड और जापान ओपन का भी खिताब जीता।

### सबसे अधिक सुधार करने वाले अलफियान और रियान

**साल** में सबसे अधिक सुधार करने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार फजर अलफियान और मोहम्मद रियान अर्दियांतो की जोड़ी को मिला जिन्होंने 2022 में आठ फाइनल में जगह बनाई और चार खिताब जीते। इंडोनेशिया की इस जोड़ी ने एचएस प्रणय तथा जियोंग ना यून और किम हे जियोंग की जोड़ी को पछाड़कर यह पुरस्कार अपने नाम किया।